चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -230, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 18
अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 17

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित की जा चुकी हैं महिला वेट लिफ्टर
- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दर्ज की आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार:** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित वेट लिफ्टर से छेड़छाड़ की गई। विरोध पर आरोपी युवक ने मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर महिला खिलाड़ी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। खिलाड़ी की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी वेट लिफ्टर ने दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को निजी गाड़ी से खुर्दही बाजार की ओर गई थी। वहां थार गाड़ी सवार युवक ने उन पर भद्दे कमेंट किए। विरोध करने के बाद भी वह कमेंट करता रहा। इसी बीच वहां पहुंचे महिला खिलाड़ी के दो दोस्त ने भी थार सवार युवक को अभद्रता करने से रोका। वह नहीं माना तो डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

इस पर युवक महिला वेट लिफ्टर से मारपीट करने लगा तथा विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महिला खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। बचाने आए खिलाड़ी के दोस्तों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि थार सवार आरोपी युवक का नाम प्रत्युश शुक्ला है। उसके खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में 26 मार्च को मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद में बोले मुख्यमंत्री- परिवार पहले मानने वाला पक्ष माफिया राज को प्रश्रय देता है**

## लोस चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' के बीच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा/मेरठ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो प्रधानमंत्री का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो एक पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार से चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नीलश्याम सिंह आदि रहे।



मथुरा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

**मेरठ।** अरुण गोविल आज मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि इतिहास रचता है। ये बातें मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद प्रत्याशी अरुण गोविल सहित पार्टी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### ...हम शासन करने आए हैं दमदारी से करेंगे

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में भी प्रबुद्धजनों से संवाद किया। योगी ने यहां विधायक व भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में वोट देने की अपील की। सीएम ने कहा कि हमें भजन गाना होगा तो मठ में जाएंगे। हम शासन करने आए हैं और शासन दमदारी से चलेगा, जिसे काम नहीं करना होगा, लिखकर दे, उसे छुट्टी दे दूंगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल आदि रहे।







## केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

### दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया।






### मेरे पति 28 मार्च को सच्चाई बताएंगे : सुनीता केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि ईडी के कई छापों में एक पैसा भी नहीं मिला और उनके पति 28 मार्च को अदालत में कथित आबकारी नीति घोटाले में 'बड़ा खुलासा' करेंगे। उन्होंने कहा कि दो साल की जांच के बावजूद ईडी को केवल 73,000 रुपये मिले। मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को निर्देश जारी किए। केंद्र को इससे दिक्कत थी। क्या वे दिल्ली को बर्बाद करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि उनके पति इस मुद्दे को लेकर बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक बहादुर और सच्चे व्यक्ति हैं और उनका संकल्प मजबूत है।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर

### अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया और अमेरिका की टिप्पणी पर विरोध जताया। अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हम कानूनी कार्यवाही में अमेरिकी प्रवक्ता की टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हैं।

इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।

## अंतिम दिन सपा ने मुरादाबाद में बदला प्रत्याशी, रामपुर में दो का नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर

- जेल से ही आजम ने दिखायी राजनीतिक ताकत, दबाव में सपा
- मुरादाबाद में रुचि वीरा, रामपुर में मुहिबउल्ला नदवी ने भरा पर्चा

**अमृत विचार :** आजम खां ने जेल में रहते हुए ही क्षेत्रीय जनता और पार्टी को अपने राजनीतिक ताकत का एहसास कराया है। माना जा रहा है कि, आजम रामपुर और मुरादाबाद दोनों लोस सीटों पर अपनी चलाना चाहते हैं। ऐसे में सपा ने मुरादाबाद से जहां मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट कर उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचिवीरा को प्रत्याशी बनाया है वहीं, रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। दोनों ने बुधवार को पर्चा दाखिल कर दिया है।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की करीबी हैं। इस तरह दोनों ही सीटों पर खुद को सपा प्रत्याशी बताकर दो-दो उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से दिन भर भ्रम और उहापोह की स्थिति बनी रही। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन दाखिल किया। वहीं, यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह नदवी ने भी पर्चा दाखिल कर दिया। उधर, मुरादाबाद में पार्टी नेता रुचि वीरा के सपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन करने के बाद भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। इससे पहले, मंगलवार को मुरादाबाद से मौजूदा सपा सांसद एस. टी. हसन ने भी सपा उम्मीदवार के रूप में ही नामांकन दाखिल किया था। रामपुर से सपा प्रत्याशी नदवी ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, 'मुझे अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं।

### सपा ने स्पष्ट की स्थिति

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काट दिया गया है और उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर से मुहिबउल्ला नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। नदवी दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कुछ संशय की स्थिति थी लेकिन बाद में उसे ठीक कर लिया गया है।

### रामपुर से 24 घंटे के अंदर ही बदला प्रत्याशी

**मुरादाबाद।** रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने भी पर्चा दाखिल किया है। ऐसे में सपा के दो प्रत्याशियों ने बुधवार को आखिरी दिन नामांकन किया। दोनों प्रत्याशी अधिकृत होने का दावा कर रहे हैं। 30 मार्च को नाम वापसी है, इसी दिन तस्वीर साफ होगी। वहीं, सपा मुरादाबाद लोकसभा सीट पर प्रत्याशी चयन में कमजोर दिखाई पड़ी। सपा ने पहले अपने मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। लेकिन 24 घंटे के अंदर ही उनकी जगह रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

### एक नजर

**छत्तीसगढ़ : दो महिला नक्सलियों समेत छह ढेर**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिपुरभट्टी गांव के करीब तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो महिला समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है।

## जिस दिन आप शेयर बेचेंगे पैसा भी उसी दिन मिलेगा

मुंबई, एजेंसी

- शेयर बेचने और खरीदने पर भुगतान की व्यवस्था में किया गया बदलाव


बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा।

अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे और 12 जनवरी तक इस पर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी।

शेयर खरीदने में उसी दिन शेयर डीमेट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा, जिससे अगर चाहे तो उसी दिन शेयर प्लेज भी कर सकेंगे। अभी अगले दिन डीमेट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट होते हैं। इससे मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे वेटिंग पीरियड का इंतजार किए बिना इन्वेस्टर्स अन्य शेयर्स को खरीद सकेंगे। साथ ही कम समय तक के लिए पैसा होने पर भी इन्वेस्टर्स मार्केट में पैसा सकेंगे।

## प. यूपी में स्टार प्रचारकों में मोदी, शाह और योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ






- भाजपा ने घोषित किए पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारक
- आधी आबादी को लुभाएंगी स्मृति, हेमामालिनी, बेबी और गीता

**अमृत विचार:** पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल है। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है, लेकिन पड़ोसी हरियाणा राज्य से सीमाएं और रिश्ते जुड़े होने के बावजूद वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रचारकों की सूची से गायब हैं।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, चुनाव संचालन समिति के संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दुर्विजय सिंह शाक्य, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

## आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- रिंकू ने कहा- राज्य सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की।

तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है और आप की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

## मोदी बोले-ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा कैंडिडेट से बात की, कहा- यह बात सबको बताएं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और ईडी द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भाजपा नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर यह बात कही।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उनसे जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीबों को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बातचीत का विवरण देते हुए नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि 3,000 करोड़ है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं।

### मोइत्रा, हीरानंदानी को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुई और नोटिस को टालने की मांग की थी।

## पहले चरण के लिए कुल 155 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 155 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के आखिरी दिन 109 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट पर अब तक कुल 13, कैराना में 17, मुजफ्फरनगर में 38, बिजनौर में 23, नगीना सुरक्षित में 12, मुरादाबाद व रामपुर में 18-18 और पीलीभीत में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

**बढ़ी परेशानियां** | **यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत**

## बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या यूपी बोर्ड में कैसे जोड़ी जाए, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया गया अहम फैसला शासन के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं बन रहा। न्यायालय के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं।



बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने मिलकर बैठक की। मदरसा बोर्ड में पंजीकृत 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को समायोजित किये जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हो चुके हैं। बोर्ड को लेकर शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।

## एक नजर

### मोबाइल कंपनी के टावर से 16 सेल चोरी

**रुदौली, अयोध्या** : कोतवाली रुदौली के ग्राम कूड़ा सादात में लगे एक मोबाइल कंपनी के टावर से अज्ञात चोरों ने 16 सेल चोरी कर लिया। टेक्नीशियन की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। टेक्नीशियन राहुल सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा की 10 दिन पूर्व टावर की देख रेख करने आए तो 24 सेल में से 16 सेल गायब थे। अज्ञात चोरों ने 16 सेल चोरी कर लिया। इसे लेकर कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

### दुकानदार की बाइक चोरी

**रुदौली, अयोध्या** : मां कामख्या धाम मेला क्षेत्र के दुकानदार की बाइक चोरों ने पार कर दी। मेला क्षेत्र में कास्मेटिक की दुकान लगाने वाले संतोष कुमार निवासी प्रेमनगर सैमसी थाना बाबा बाजार बुधवार की सुबह 10 बजे दुकान से कुछ दूरी पर बाइक खड़ी कर दुकान चले गए। दोपहर 3 बजे बाइक गायब मिली। प्रभारी निरीक्षक बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि बाइक को चोरी का केस दर्ज किया गया है।

# जिला अस्पताल में भर्ती होना है तो बाल्टी लेकर आइए

## विडंबना: 212 बेड वाले अस्पताल में हर एक मरीज को खरीदनी पड़ती है 30 रुपये की बाल्टी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : अगर आप या आपका कोई करीबी जिला अस्पताल में भर्ती होने जा रहा है तो छोटी बाल्टी जरूर खरीदकर ले जाइएगा। उसी बाल्टी में मरीजों की पट्टी व सिरिंज आदि फेंकी जाती है। उल्टियां आने पर भी इसी का सहारा लेना पड़ेगा। सरकार एक रुपये में सारा इलाज करा देती है, लेकिन अस्पताल में भर्ती मरीजों को 25 से 30 रुपये की बाल्टी खरीदने को मजबूर होना पड़ता है।

रिकाबगंज स्थित 212 बेड वाले जिला अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने का दावा तो हर कोई करता है, लेकिन सिस्टम की मार के आगे सब बीमार हैं। तारुन से आए राजू ने बताया कि सांस लेने में परेशानी उन्होंने बुधवार सुबह अपनी मां



आर्थो वार्ड में भर्ती राकेश कुमार। अमृत विचार



इस तरह की बाल्टियां व पॉट ट्रे मरीजों को खरीदकर लाना पड़ता है।

**▸▸ एक रुपये में मिल जाता है पूरा इलाज, पॉट ट्रे के लिए देने पड़ते हैं 150 रुपये**

विद्या देवी (60) को मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया। भर्ती होने के बाद ही अस्पताल के कर्मचारी ने सामने की दुकान से एक बाल्टी खरीदकर लाने को कह दिया। आर्थो वार्ड में भर्ती कोटसराय निवासी राकेश कुमार ने बताया कि एक हफ्ते पहले एक बड़े वाहन ने उनके ई-रिक्शे को टक्कर मार दी थी। उनके पैर की हड्डी टूट गई। यहां भर्ती होने के बाद ही बाल्टी खरीदकर लानी पड़ी। शौच जाने में भी परेशानी हो रही थी। 150 रुपये का पॉट-ट्रे भी खरीदकर लाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि ये हाल मेरा ही नहीं बल्कि अस्पताल के हर



तीमारदार राजू

बेड पर भर्ती मरीज का भी है। सभी बाल्टियां खरीदकर लाते हैं। सर्जरी वार्ड में मौजूद तीमारदार सुमन ने बताया कि उन्होंने अपने मरीज को भर्ती कराया था। जब उनसे बाल्टी खरीदने को कहा गया तो असमर्थता जता दी। इसके बाद उन्हें किसी बेड के नीचे से उठा लेने को कहा गया।

### अस्पताल से गायब हो गईं सर्जिकल-ट्रे

अस्पतालों के वार्ड में हर मरीज के पास पहले स्टैंड पर एक स्टील का तसला रखा जाता था। जिसे सर्जिकल-ट्रे का नाम दिया गया था। इसमें खाली सिरिंज, मरहम, पट्टियां आदि डाली जाती थीं, लेकिन अब वह ट्रे जिला अस्पताल से गायब हो चुकी हैं। इसी ट्रे के बदले अब मरीजों से बाल्टियां मंगाई जाने लगी हैं।

> मैंने अभी जल्दी ही पदभार संभाला है। मैं इसे नोट कर रहा हूं। वार्डों के गुरुवार को निरीक्षण के दौरान इस पर स्टाफ से बात करूंगा और व्यवस्था कराऊंगा। **-डॉ. अरुण प्रकाश, सीएमएस, जिला अस्पताल**

### होम्योपैथिक चिकित्सालयों में पुराना ढर्रा

**अयोध्या, अमृत विचार** : राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में अभी भी पुराने ढर्रे पर ही काम चल रहा है। एक रुपये की



दवा के बदले मरीजों को पांच रुपये की शीशियां खरीदनी पड़ रही है। होम्योपैथिक सीएमएस संगीता भाटिया की मानें तो दवाओं का ही बजट आता है, शीशियों के लिए कोई बजट नहीं है। यहां भी मरीज इसे विडंबना ही मानते हैं कि जब सरकार एक रुपये में दवा दे सकती है तो शीशियां बाहर से क्यों खरीदनी पड़ रही हैं।

## अब अनापत्ति के लिए विकास शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को कर विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने व अवकाश में भी काउंटर खुला रखने व कर जमा कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने 31 मार्च तक अनापत्ति निर्गत किये जाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि गृहकर-जलकर जमा किये जाने के लिए उपभोक्ताओं



को 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त भवनों के मानचित्रों की अनापत्ति निर्गत किए जाने में विकास शुल्क में भी 25 प्रतिशत छूट दी गई है। लोग इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेन्द्र कुमार, कर निर्धारण अधिकारी हरगोविन्द सिंह, कर अधीक्षक छोटेलाल रावत आदि उपस्थित रहे।

## भट्टे पर ईंट चट्टे की दीवार गिरी, महिला मजदूर की मौत

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार** : तारुन थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेमीपुर निधियावां में बुधवार सुबह एक ईट भट्ठे पर ईंट चट्टे की दीवार गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गईं। दोनों घायल महिलाओं को उपचार के बाद भट्टे पर वापस भेज दिया गया। यहां काम कर रहे भट्टा मजदूर छत्तीसगढ़ के रहने वाले बताए गए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खेमीपुर निधियावां में प्रेम शुक्ला का शुक्ला ब्रिक फील्ड के नाम पर भट्ठा है। भट्ठे से बुधवार सुबह साढ़े छः बजे छत्तीसगढ़ प्रान्त के जनपद बिलासपुर के कोरबा की निवासिनी तीन महिला मजदूर ईट निकाल रहीं थीं। इस दौरान ईट की दीवार ढह गई। जिसकी चपेट में आकर गायत्री,

**▸▸ खेमीपुर निधियावां में हुये हादसे में दो महिला मजदूर घायल, छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं मजदूर**

आरती और चेचनीबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। दीवार गिरने की आवाज सुनकर वहां काम रह रहे अन्य मजदूर जब पहुंचे तो ईट में दबी तीनों महिलाओं को बाहर निकाला। इलाज के लिए रामपुर भगन स्थिति एक अस्पताल में ले जाते समय रास्ते में ही एक महिला मजदूर गायत्री की मौत हो गई।

घायल आरती एवं चेचनाबाई का प्राथमिक उपचार कर वापस भट्ठे पर भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि मृतक महिला मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नही मिली है।

## 68 गेहूं क्रय केन्द्रों पर एक दाना नहीं खरीद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : जिले में गेहूं खरीद का हाल बुरा है। पांच क्रय एजेंसियों के 68 गेहूं क्रय केन्द्रों पर अभी तक एक दाना खरीद नहीं हुई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद इस बार एक मार्च से सरकार ने शुरू करने का आदेश दिया। जिले में गेहूं खरीद के लिए 68 क्रय केन्द्र खोले गए। सबसे ज्यादा क्रय केन्द्र मंडियों में खोले गए। खरीद शुरू हुए 27 दिन हो गए लेकिन एक दाना की भी खरीद नहीं हो सकी है। अफसर बताते हैं कि जिले में अभी गेहूं की कटाई तेज नहीं हुई है। अफसरों का दावा है कि क्रय केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं। किसानों का पंजीकरण भी किया जा रहा है। इस बार सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की शुरुआत एक मार्च से करने का निर्देश दिया। हर साल एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू होती थी। सरकार की मंशा थी कि जब पहले से क्रय केन्द्र खुल जाएंगे तो खरीद अच्छी हो जाएगी, लेकिन अब तक एक दाना की भी खरीद क्रय केन्द्रों पर नहीं हुई है। हालांकि खेतों में गेहूं पककर तैयार है। होली का त्योहार बीत चुका है अब कटाई तेज होगी तो क्रय केन्द्रों पर खरीद भी तेज हो जाएगी। फिलहाल 27 दिनों से क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा है।

## किसानों का हित सर्वोपरि : लल्लू सिंह



खुशहालगंज में आयोजित चौपाल में मौजूद सांसद लल्लू सिंह। अमृत विचार

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार** : भाजपा सांसद लल्लू सिंह ने बुधवार दोपहर बाद ग्राम खुशहाल गंज में चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है कम संसाधन के बीच आज किसानों के प्रयासों की बदौलत देश विकास की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा की धारणा है कि गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है। इसी उद्देश्य की

**▸▸ चौपाल लगा कर सुनीं समस्याएं, मौके पर कराया गया समाधान**

पूर्ति के लिए हम किसानों के हित को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश व केंद्र सरकार किसानो की आय दो गुना करने के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। संयोजक शिवनारायण तिवारी व सह संयोजक नंदकुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी रहे। प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, सुरेश दुबे, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कालिका सिंह, महिला मोर्चा की महानगर मंत्री स्वाति सिंह, शारदा यादव, लक्ष्मी सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक मायाराम प्रजापति, राम जियावान वर्मा, डब्लू मौर्य, पिंटू वर्मा व राधेश्याम पांडे आदि मौजूद रहे।

चौपाल में ग्रामीणों की अधिकतर समस्या गांव के अंदर रास्ते और नाली को लेकर थी। जिसे सांसद ने ग्राम प्रधान रीता देवी व ग्रामीणों के साथ बातचीत कर हल कराया। ग्राम दतौली में सांसद ने ग्राम प्रधान प्रहलाद वर्मा व ग्रामीणों के बीच बातचीत से समस्याओं का समाधान कराया।

## हत्या या दुर्घटना में उलझी पुलिस, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मसौधा-सोहावल तहसील मार्ग पर मोइया कपूरपुर गांव के पास मंगलवार दोपहर खून से लथपथ मिले युवक की मौत अभी पहेली बनी हुई है। 24 घंटे बाद भी अभी यह तय नहीं हो पाया कि युवक की मौत हादसा है अथवा वह वारदात का शिकार हुआ। फ़िलहाल पुलिस और परिवार दोनों की निगाह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई है। परिजनों युवक की हत्या कर सड़क पर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी दलित युवक सुनील कुमार (40) पुत्र संतराम का शव मोइया कपूरपुर गांव स्थित एक मकान के पास पाया गया था। पीड़ित परिवार के साथ क्षेत्र के तमाम लोग एकत्र हो गए थे और हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाते हुए मसौधा-सोहावल तहसील मार्ग पर प्रदर्शन किया था। जिसके चलते आवागमन बाधित हो गया था। मौके पर



फॉलोअप

सुनील कुमार (फाइल फोटो)

पोस्टमार्टम हाउस के बहार मौजूद लोग। अमृत विचार

### पीएम हाउस पर भी रहा जमावड़ा

डॉक्टरों के पैनल ने बुधवार को सुनील के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान परिवार और गांव क्षेत्र के तमाम लोग, भीम आदमी पार्टी, सपा के कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह भी मौके पर डटे रहे। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया है, हलांकि अभी मौत की वजह की आधिकारिक जानकारी बाहर नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक एक्स-रे और परीक्षण में माथे के दाहिने तरफ की हड्डी टूटी व सिर में गंभीर चोट सामने आई है। चेहरे और माथे पर रगड़ के निशान मिले हैं।

पूराकलंदर पुलिस के अलावा दो अन्य थानों की पुलिस फ़ोर्स को बुलाना पड़ा था और उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक सैनी और सीओ सदर संजीव कुमार सिंह ने निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन देकर परिजनों व भीड़ को शांत कराया। इसके बाद ही परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए थे।

थाना प्रभारी रतन शर्मा का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। तहरीर और रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सुनील कुमार की मौत का मामला

**टेंट हाउस का करता था काम, प्रॉपर्टी डीलिंग में थी रुचि**

भिखारीपुर गांव निवासी सुनील कुमार रौनाही थाना क्षेत्र में अयोध्या- लखनऊ हाईवे पर जगनपुर गांव के पास टेंट हाउस की दुकान चलाता था। उसकी जमीनों के खरीद-फरोख्त में रुचि थी। जमीनों को खरीदने बेचने में बिचौलिये की भूमिका निभाता था। जानकारों का कहना है कि बीते माह जमीन की बिक्री-खरीद में सवा लाख रुपये को लेकर विवाद भी हुआ था। विवाद और जमीन के कारोबार की व्यस्तता के चलते टेंट हाउस का ठीक से संचालन नहीं कर पा रहा था और न ही घर आने-जाने तथा दुकान खोलने का कोई समय तय था। उसके परिजन इस बात की पुष्टि करते हैं लेकिन पुलिस किसी विवाद से इंकार कर रही है।

## क्षेत्रीय प्रबंधकों को आचार संहिता उल्लंघन की चेतावनी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में प्रभावी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर रोडवेज के कई क्षेत्रीय प्रबंधकों को चेतावनी जारी की गई। पत्र जारी होने के बाद एक्स से तस्वीरें हटाई गईं। इसकी सूचना भी निगम मुख्यालय को भेज दी गई।

अभी कुछ दिन पहले निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश दिए गए थे कि सरकारी कार्यालयों से वह तस्वीरें हटा दी जाएं। जो आचार संहिता के उल्लंघन के दायरें में आती है। इसके बाद सभी विभाग के मुख्यालयों से इसकी निगरानी शुरू की गई। सूत्रों के मुताबिक यूपीएसआरटीसी मुख्यालय से निगरानी में रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूट, गोरखपुर, झांसी, नोएडा, सहारनपुर और अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक के ट्वीटर हैंडिल एक्स पर आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन होना पाया गया। सूत्रों का कहना है कि इन ट्वीटर हैंडिल्स पर ऐसी तस्वीर पाई गईं जिनसे आचार संहिता का साफ

### रोडवेज का मामला

**▸▸ आनन-फानन एक्स से हटाई गई तस्वीरें, मुख्यालय को भेजा पत्र**

उल्लंघन हो रहा था। जबकि निगम मुख्यालय की ओर से भी आचार संहिता के किसी भी प्रकार से उल्लंघन न किए जाने को लेकर पहले ही पत्र जारी किया था। आचार संहिता उल्लंघन का मामला पकड़ में आने के बाद उत्तर प्रदेश परिवहन निगम प्रशासन की ओर संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र जारी किया गया। इसमें कहा गया कि ट्वीटर हैंडिल या अन्य सोशल मीडिया पर आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी पोस्टे तत्काल हटाई जाएं। साथ ही इस बावत प्रमाण पत्र भी निगम मुख्यालय को भेजा जाए। तत्काल पोस्टे हटाई गई। इसका प्रमाण पत्र निगम मुख्यालय को भेज दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन का कहना है क आचार संहिता पालन को लेकर कार्रवाई की गई थी। एक्स पर कुछ पुरानी तस्वीरे रह गई थीं। उनको भी हटा दिया गया है। आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### भूमि पैमाइश के लिए चक्कर लगा रहा किसान

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार** : एंटी करप्शन की टीम द्वारा राजस्व लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के सवा माह बाद भी पीड़ित किसान रामपुर जोहन निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा भूमि की पैमाइश के लिए तहसील के चक्कर लगा रहा है। किसान द्वारा बुधवार को उप जिलाधिकारी को शिकायत प्रार्थना पत्र देकर भूमि की पैमाइश कराई जाने की मांग की गई है। बताया कि पड़ोसी गांव लक्ष्मणपुर ग्रट में स्थित भूमि संख्या 447 एवं 448 की पैमाइश के लिए तहसील से आदेश हुआ था। पैमाइश करने के लिए पैसा मांगा जा रहा था। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन की टीम ने 19 फरवरी को लेखपाल मोतीलाल यादव को जोहन तिराहे के पास से 5000 रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### बड़ा भक्तमाल में खेली गई फूलों की होली

**अयोध्या, अमृत विचार** : बड़ा भक्तमाल में फूलों की होली खेली गई। महंत अवधेश दास की अध्यक्षता में विराजमान भगवान पर फूलों की बौछार की गई। इसके बाद साधु-संतों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। कलाकारों ने होली के पदों की प्रस्तुति दी तो सभी मंत्रमुग्ध हो उठे।

### बावन मंदिर में सजी सीता-राम के स्वरूप की झांकी



बावन मंदिर में खेली गई फूलों की होली ।

**अयोध्या, अमृत विचार** : रामनगरी के प्रसिद्ध पीठ स्वर्गद्वार स्थित बावन मंदिर में फूलों की होली का आयोजन हुआ। महंत वैदेही वल्लभ शरण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सीता-राम के स्वरूपों की सजी झांकी भी भक्तों को आकर्षित करती रही। महंत ने श्रीराम-सीता के स्वरूपों पर पुष्पवर्षा की उनकी आरती उतारी। समारोह में महंत जन्मेजय शरण, महंत अवध किशोर शरण, महंत राजीव लोचन शरण, भाजपा तेलंगाना के प्रदेश संगठन मंत्री चंद्रशेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्र, विशाल मिश्र, शिवेंद्र सिंह समेत अन्य साधु-संत उपस्थित रहे।

### विजय पांडेय बने कांग्रेस के जिला महासाचिव



**अयोध्या। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर विजय पांडेय को जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ.निर्मल खत्री, जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार जताया। मनोनयन पर उपेंद्र सिंह लल्लू भैया, बृजेश रावत, राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्र, शिवपूजन पांडे, रामबली रावत, संतोष तिवारी, तेजबली पांडे आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### बच्चों को मुख्य धारा में लाने का दिया प्रशिक्षण

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार** : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पढ़ाने के लिए तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नोडल अध्यापक प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में दिया गया। जिसमें 134 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बीईओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 6 से 14 वर्ष के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए इस विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। कहा कि जो बच्चे 45 दिन या उससे अधिक विद्यालय से अनुपस्थित रहे या फिर अभी तक विद्यालय में उनका दाखिला नहीं हुआ, उन बच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के 134 स्कूलों के 633 बच्चे आउट ऑफ स्कूल श्रेणी में चयनित हैं। एआरपी शिव बहादुर पाठक, अनिल कुमार सिंह, श्रीकांत द्विवेदी, विजय शंकर मौर्य और राजेंद्र तिवारी ने प्रशिक्षित किया। हनुमान सिंह, अजय मधुकर, पंकज सिंह, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, जामवंत आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह में प्रतिभागियों का सम्मान



प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि सुरेश पंजवानी ।

**अयोध्या। अमृत विचार** : रामनगर कॉलोनी स्थित मैदान में भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा मंगलवार शाम होली मिलन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत श्रीराम व प्रभु झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर 10 अप्रैल को आयोजित प्रभु झूलेलाल जयंती चेटीचंड के निमंत्रण कार्ड का विमोचन किया गया। होलिका दहन पर आयोजित धमाल कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। समय समय-समय पर सामाजिक कार्यों को करने के लिए राजेश बतरा व ज्योति बतरा ने समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल सागर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया पवन जीवानी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैया लाल ने की। इस मौके पर गिरधारी चावला, सुशील केशवानी, भीमनदास, अशोक मदान, मोहन मध्यान, राजकुमार मोटवानी, सुरेश तोलानी, सुरेश पंजवानी, राकेश तलरेजा आदि मौजूद रहे।

### छात्रावास के लिए केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर दो से

**अयोध्या, अमृत विचार** : प्रदेश में स्थापित खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए प्रदेशीय चयन ट्रायल से चयनित बालक व बालिका खिलाड़ियों का 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर दो अप्रैल से आयोजित होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि प्रदेशीय ट्रायल से चयनित अंडर-15 वर्ग के बालक व बालिका खिलाड़ियों का 15 दिवसीय केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा। इसके बाद खिलाड़ियों का अंतिम ट्रायल होगा। इसमें मेरिट के आधार पर चयनित खिलाडियों का प्रदेश के हैंडबॉल व टेबल टेनिस खेल छात्रावासों में रिक्त स्थानों के लिए प्रवेश होगा। प्रदेशीय ट्रायल के बाद हैंडबॉल व टेबल टेनिस के 51 चयनित खिलाड़ी केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करेंगे। इनमें हैंडबॉल में 20 बालिका व 15 बालक और टेबल टेनिस में छह बालिका व 10 बालक खिलाड़ी शामिल हैं।

## तैयारी : भाजपा ने शुरू किया दूसरे चरण का अभियान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भाजपा ने चुनाव तैयारी का दूसरा चरण शुरू कर दिया। इसके तहत बुधवार को शक्ति केन्द्रों के संयोजकों के साथ चुनाव प्रबंधन पर चर्चा की गई। अब शक्ति केन्द्र संयोजक बूथ समितियों और पन्ना प्रमुख से समन्वय स्थापित कर चुनावी रणनीति पर कार्य करेंगे।



चुनाव को लेकर चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी।

लोकसभा चुनाव कार्यालय सिविल लाइंस में देवकाली व करियप्पा मंडल के शक्ति केन्द्र संयोजकों की बैठक की गई। कहा गया कि एक से सात अप्रैल के मध्य शक्ति केन्द्र के संयोजक, बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। देवकाली व करियप्पा मंडल संयोजक मनमोहन जायसवाल ने कहा कि चुनाव में विजय का मूल आधार बूथ समितियां और पन्ना प्रमुख है। शक्ति केन्द्रों के संयोजक सात अप्रैल तक सभी बूथों की बैठक कर लें। देवकाली मंडल अध्यक्ष शशि प्रताप सिंह ने कहा कि घर-घर जाकर कार्यकर्ता लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद करते रहें। करियप्पा मंडल अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी ने कहा हर बूथ समिति पिछली बार से अधिक मतों से बूथ विजय का संकल्प ले। जनसंपर्क अभियान चलाएं। बैठक में सह संयोजक आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, रमेश पांडे, वीरेंद्र वर्मा, दिनेश कनौजिया, चेतन गुप्ता, अरुण सोनकर सहित शक्ति केन्द्रों के संयोजक मौजूद रहे। सोहावल पश्चिमी मंडल की बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा ने कहा सभी मंडलों में महिला मोर्चा होली मिलन समारोह का आयोजन करेगी। अशोका द्विवेदी ने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर महिलाओं से सम्पर्क करें।


**व्यवस्था** | आयोग के निर्देश पर तैयार होगी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रश्नावली

# चुनाव प्रशिक्षण के बाद कर्मचारियों की भी होगी परीक्षा, बहु विकल्पीय होंगे प्रश्न

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार कई अभिनव प्रयोग किए जाने का खाका तैयार किया जा रहा है। चुनाव में कर्मचारी बेहतर तरीके और आचार संहिता के अनुरूप ड्यूटी करें। इसके लिए प्रशिक्षण के साथ परीक्षा की भी योजना है।

लोकसभा चुनाव के मतदान कर्मचारियों के प्रशिक्षण में एक संक्षिप्त परीक्षा भी कराई जाएगी। यह लोकसभा चुनाव की नियमावली से जुड़ी होगी। चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार यह स्थानीय जिला निर्वाचन अधिकारी से प्रदत्त की जाने वाली व्यवस्था पर निर्भर होगी। जारी



आदेश के तहत विभिन्न प्रशिक्षण तिथियों में प्रतिभाग करने वाले मतदान कर्मचारी, पीठासीन अधिकारी के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को बेहतर ढंग से सम्पादित करने और प्रशिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नावली प्रश्न-पत्र विकसित की गई है। प्रश्नावली प्रश्न-पत्र को प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थित सभी मतदान कर्मचारियों, पीठासीन अधिकारी को प्रश्न-पत्र में उल्लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नावली/प्रश्नों को निर्धारित समयावधि 30 मिनट के भीतर हल कर कक्ष में नामित कर्मचारी को उपलब्ध कराना होगा। मूल्यांकन के बाद प्रशिक्षण स्थल पर नामित अधिकारी से इसका आंकलन भी किया जाएगा।

### 30 मिनट में हल करनी होगी प्रश्नावली

मतदान कार्मिकों को 30 मिनट में निर्धारित प्रश्नावली हल करनी होगी। बहु विकल्पीय प्रश्नावली में लोकसभा निर्वाचन से जुड़े प्रश्न होंगे। यह परीक्षा प्रशिक्षण के बाद होगी और मूल्यांकन कर मतदान कर्मचारियों के सामने रखा जाएगा। जिससे उन्हें पता चल जाए कि अभी उनको कुछ और भी जानना है।

> आयोग की ओर से जो भी दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं उनका पालन कराया जाएगा। चुनाव नियमावली के अनुरूप हो, इसके लिए मतदान कार्मिकों को सजग किया जाएगा। **-अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



### रोजा

**शिया**
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### एक नजर

#### कार्यालयों से हटवाएं नेताओं की तस्वीरें

**अयोध्या। अमृत विचार :** सभी शासकीय कार्यालयों से राष्ट्रपति और राज्यपाल की तस्वीर के अलावा अन्य सभी राजनेताओं की तस्वीर हटवाए जाने के निर्देश दिए गए है। कमिश्नर गौरव दयाल ने सभी मंडलीय अधिकारियों को सभी शासकीय कार्यालय से नेताओं की तस्वीर हटाने का निर्देश दिया है। यह जानकारी अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी ने दी।


# उखड़ गई टेंट सिटी, होटल-धर्मशाला फुल

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला जन्मोत्सव, राम नवमी पर होती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों के लिए बनीं तीन प्रमुख समेत कई टेंट सिटी अब उखड़ गई हैं। होटल और धर्मशालाओं पर हाउस फुल के बोर्ड लगे हैं। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले जन्मोत्सव में आने वाले भक्तों के लिए मठ-मंदिर ही ठौर बनेंगे। मठ-मंदिर भी इसके लिए तैयार हो रहे हैं। ज्यादा भीड़ हुई तो इसके लिए भी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले चैत्र राम नवमी मेले में अमूमन 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या आती थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होने वाला है। तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने की संभावना है। तर्क यह है कि प्राण प्रतिष्ठा के दो महीने बाद भी भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोज करीब एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। ऐसे में राम जन्मोत्सव पर करीब 35 लाख भक्त आने की संभावना है। उनके लिए मठ मंदिर ही ठौर बनेंगे।



### आठ हजार मंदिरों में भक्तों के ठहरने की कराई जा रही व्यवस्था

प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान रामलला का पहला जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाए जाने की तैयारी है। राम मंदिर, कनक भवन सहित लगभग आठ हजार मंदिरों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे। दशरथ महल, कनक भवन, करुणा निधान भवन, विभूति भवन, राम हर्षण कुंज, जानकी महल, मणि रामदास छावनी, राम हर्षण कुंज, बड़ा भक्त महल, हनुमान बाग सहित अन्य मंदिरों में रामकथा और अनुष्ठान का आयोजन प्रस्तावित है। बताया गया है कि आयोजनों में शामिल होने वाले भक्तों के रुकने की भी व्यवस्था यहां बनाई जा रही है। भीड़ का ठहराव को लेकर मंथन चल रहा है।

### क्या कहते हैं संत-धर्माचार्य



राम दिनेशाचार्य

हरिधाम पीठ के महंत जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि रामनवमी पर सभी मंदिरों में तरह-तरह के आयोजन होते हैं। राम कथाएं होती हैं। 10 दिन तक अनुष्ठान चलता है। रामलीला का आयोजन होता है। भगवान के जन्मोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। मंदिरों में व्यवस्था की जा रही है।



महंत अवधेश दास

बड़ा भक्त महल के महंत अवधेश दास ने कहा कि मठ-मंदिरों में शिष्यों और अनुष्ठान करने वाले भक्तों के रुकने की व्यवस्था की गई है। ये हर साल अनुष्ठान के लिए आते हैं। मठ से जुड़े श्रद्धालुओं को जगह दी जाएगी। अन्य श्रद्धालुओं की रुकने की व्यवस्था संभव नहीं हो पाएगी। प्रशासन को आने वाली भीड़ को लेकर विचार करना चाहिए।

### भीड़ नियंत्रण को बनाया जा रहा होल्डिंग एरिया

रामनवमी पर राम मंदिर में दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इनको नियंत्रित करने के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। ट्रस्ट परिसर के निकट 20 हजार दर्शनार्थियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार कर रहा है। कुछ दिन पहले निर्माण समिति की बैठक के बाद चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया था कि होल्डिंग एरिया को बनाए जाने की तैयारी पर मंथन किया गया। अयोध्या का हर मंदिर पवित्र स्थान है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रामनवमी की तैयारी की चर्चा करते हुए कह था कि 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

### अप्रैल तक बुक हैं होटल व पेइंग गेस्ट हाउस

- होटल व्यवसायी अनूप गुप्ता ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की तरह रामनवमी को लेकर यहां के होटल अप्रैल तक बुक हो चुके हैं। दो से लेकर चार हजार रुपये तक प्रति रूम बुक हुए हैं।
- पेइंग गेस्ट हाउस संचालक राहुल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद अभी तक कोई भी रूम खाली नहीं रहा है। आगे रामनवमी को लेकर भी बहुत से लोग पहले से ही ठहरने के लिए बुक कर चुके हैं।

### आज बनेगी राम नवमी पर रणनीति

राम नवमी की व्यवस्था को लेकर गुरुवार को बैठक होगी। इसमें सभी संबंधित विभागों को बुलाया गया है। एडीएम सलिल कुमार पटेल ने बताया कि बैठक में राम नवमी की व्यवस्था को लेकर चर्चा की जाएगी।

# राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस भेजने का आदेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मां कामाख्या धाम नगर पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद की पुनः मतगणना के मुकदमे में तीन विपक्षियों पर तामील पर्याप्त माना गया है। राज्य निर्वाचन आयोग को डाक से नोटिस भेजने का आदेश हुआ है। त्वरित निस्तारण के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियत की गई है। यह मुकदमा जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत में दायर किया गया है। याचिका कर्ता के अधिवक्ता जीके दीक्षित ने बताया कि मां कामख्या धाम नगर पंचायत के निकाय के मई 2023 में हुए चुनाव में भाजपा के शीतला शुक्ला विजयी हुए थे। दूसरे नंबर पर सपा के अनित शुक्ला रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद की मतगणना पुन कराने के लिए दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अनित शुक्ला ने जिला जज की अदालत में चुनाव याचिका दायर की है। इसमें आरोप है कि सपा प्रत्याशी अनित शुक्ला को 221 मतों से पराजित घोषित किया गया। उनके 510 मत अवैध करार दिए गए थे। जिसमें 300 मत अवैध रूप से निरस्त कर दिए गए थे। मुकदमे में भाजपा उम्मीदवार शीतला शुक्ला को जिताने का आरोप लगाया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि बुधवार को वह जिला जज की अदालत में उपस्थित हुए और उन्होंने अदालत में उपस्थित न हो रहे विपक्षी शीतला प्रसाद शुक्ला, जगदीश प्रसाद, सुशील कुमार पांडेय पर तामील मानने की प्रार्थना की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। राज्य निर्वाचन आयोग को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजने का आदेश दिया गया है। उनके द्वारा दिए गए त्वरित निस्तारण के प्रार्थना पत्र को अगली पेशी पर सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियित की।

▸▸ **कोर्ट ने सुनवाई के लिए नियत की 10 अप्रैल की तिथि**

# श्रीराम की जन्मस्थली पर बना भव्य मंदिर : गहलोत



सर्किट हाउस में कर्नाटक के राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अमृत विचार

### कर्नाटक के राज्यपाल बोले- अभी तक टीवी पर देखता था आज साक्षात देख लिया अयोध्या का विकास

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सैकड़ों वर्ष के बाद एक ऐतिहासिक मांग पूरी हुई है। अयोध्या राम की जन्मस्थली है और उनकी जन्मस्थली पर भव्य राम मंदिर बना है। अभी तक अयोध्या के विकास को टीवी पर देखा था। आज साक्षात देख लिया है। अयोध्या विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है। ये बातें बुधवार को रामलला के दर्शन के बाद कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहीं। सर्किट हाउस बुधवार सुबह पहुंचे राज्यपाल थावरचंद गहलोत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी पूजन अर्चन किया। दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने कहा मेरी और भारतवासियों की धर्म और संस्कृति के प्रति अटूट आस्था है। इसलिए मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं रामलला के दर्शन करूं। भारत ऋषि मुनियों का देश है। देशवासियों से अपील करता हूं कि वे यहां आए। इस भव्य मंदिर को देखें और राम लला का दर्शन कर पुण्य प्राप्त करें।

# पूर्व सांसद के खिलाफ निगरानी सुनवाई के लिए एमपी एमएलए कोर्ट स्थानांतरित

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **मामला श्रीराम बल्लभा इंटर कॉलेज कर्मी की आत्महत्या का, आठ को होगी अगली पेशी**

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व सांसद निर्मल खत्री समेत चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कोर्ट में निगरानी दायर की गई है। जिसे जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए अपर जिला जज प्रथम की अदालत में स्थानांतरित कर दिया है। अब इसमें अगली पेशी आठ अप्रैल नियत की गई है। निचली अदालत ने पूर्व कांग्रेस सांसद समेत चार के खिलाफ परिवाद निरस्त कर दिया था।

अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट एडवोकेट अंजनी कुमार पांडेय निवासी कोठा पारचा थाना कोतवाली नगर ने दर्ज कराई थी। कहा था कि उनके नाना एडवोकेट कालिका प्रसाद मिश्रा ने 1955 में श्रीराम वल्लभा भगवत विद्यापीठ इंटर कॉलेज की स्थापना की थी। अपने जीवन काल में ही विद्यालय व समिति का प्रबंध तंत्र मेरे पिता सोमदत्त पांडेय एडवोकेट को दे दिया था लेकिन निर्मल खत्री के पिता नारायण दास खत्री ने कूट रचित अभिलेख तैयार कर समिति और विद्यालय पर फर्जी तरीके से कब्जा कर लिया। प्रबंध तंत्र के विवाद को लेकर वाद उच्च न्यायालय में आज भी लंबित है। मुकदमा दायर करने से निर्मल खत्री नाराज हो गए और मुझे धमकी देने लगे। मेरा बेटा लगातार हम लोगों से यही कहता था कि निर्मल खत्री, प्रधानाचार्य आलोक तिवारी, सुखदेव तिवारी व अन्य मुझे बराबर मुकदमा वापस नकरने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मानसिक रूप से परेशान मेरे बेटे समीर कुमार पांडे ने 3 अक्तूबर 2018 को फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले में निर्मल खत्री, आलोक तिवारी व सुखदेव तिवारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने तथा जान से मारने की धमकी देने के तहत एफआईआर दर्ज की। विवेचना के बाद पुलिस ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इस पर अंजनी कुमार ने अदालत में विरोध याचिका दाखिल की। जिस पर कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट निरस्त करते हुए मामले को परिवाद के रूप में पंजीकृत करते हुए अंजनी कुमार और गवाहों का बयान लिया। सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने परिवाद को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 203 के तहत निरस्त कर दिया था इसी आदेश को जिला जज के न्यायालय में चुनौती दी गई है।

# कमांडो के घायल होने के मामले की तस्वीर साफ नहीं, सीसीटीवी खंगाले

फॉलोअप

अयोध्या कार्यालय

▸ **एडीजी व आईजी पीएसी ने आरजेबी परिसर पहुंच की जांच**

▸ **प्लाटून कमांडर के बयान पर टिकीं निगाह**

**अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम एके-47 की गोली लगने से घायल पीएससी प्लाटून कमांडर के मामले में अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। पीएसी के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सुजीत कुमार पांडेय व आईजी मध्य क्षेत्र अपर्णा कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को परिसर पहुंकर विस्तार से घटनाक्रम की जांच की। परिसर के सीसीटीवी की फुटेज को खंगलवाया। उनके साथ पहुंचे आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राजकरन नय्यर ने भी घटनाक्रम की जानकारी ली।

घटना के 24 घंटे बाद भी जांच-पड़ताल जारी होने के बात कही जा रही है। वहीं छाती पर बायीं तरफ गोली लगना और गोली का सीधे आर-पार हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। फ़िलहाल अभी कोई इन सवालों का जवाब देने को तैयार नहीं है। घायल प्लाटून कमांडर की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। सभी को मामले की तह तक पहुँचने के लिए घायल कमांडर के बयान का इंतजार है। लगभग छह माह से रामजन्मभूमि परिसर की कमांडो सुरक्षा ड्यूटी में तैनात लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी के ए दल के प्लाटून कमांडर सूबेदार मेजर रामप्रसाद (50) पुत्र अवसान निवासी ग्राम अचलपुर थाना जायस जनपद अमेठी को मंगलवार शाम लगभग छह बजे परिसर स्थित पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हालात में एके-47 की गोली लग गई थी। फायरिंग की आवाज पर हलचल मच गई थी। एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय ने घायल प्लाटून कमांडर को श्रीराम अस्पताल पहुंचाया था। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर और फिर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। एफएसएल दस्ते ने मौका मुआयना व साक्ष्य संकलन किया है। फायर हुई एके-47 की बुलेट मौके से मिली है। यह ड्यूटी पर तैनात रामप्रसाद की खुद की एके-47 से चली या दूसरे की गन से, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।



घायल कमांडो (फ़ाइल फ़ोटो)

### छानबीन में क्या निकला कोई बोलने को तैयार नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय पोस्ट पर कमांडो लालचंद सिंह और एक आंकिक शाखा का कर्मचारी मौजूद था। पुलिस दोनों से किसी स्थान पर पूछताछ कर रही है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने मंगलवार रात 12 बजे के बाद बयान जारी कर गन की सफाई के दौरान ड्यूटी पर मौजूद प्लाटून कमांडर के घायल होने तथा छानबीन जारी होने की बात कही थी, लेकिन छानबीन में क्या निकला? इस पर अभी कोई खुलासा नहीं किया है।

### बड़ा सवाल: ड्यूटी के दौरान असलहे की सफाई की जरूरत क्यों पड़ी

ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों के अनुसार आईसीयू वार्ड में भर्ती घायल प्लाटून कमांडर राम प्रसाद की हालत खतरे से बाहर है। उसको गोली छाती पर बाएं तरफ नजदीक से लगी और आरपार हो गई। जानकर सवाल उठाते हैं कि पोस्ट प्रभारी सूबेदार मेजर को ड्यूटी के दौरान असलहा की साफ-सफाई की जरूरत क्यों आन पड़ी? जबकि पीएसी में असलहा की सफाई का जिम्मा दूसरे कर्मी का होता है। वहीं गोली साफ़-सफाई के दौरान चलती तो शरीर में सुराख की प्रकृति अलग होनी चाहिए। फ़िलहाल अभी सब कुछ कयासों और चर्चाओं तक सीमित है। रामजन्मभूमि थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय का कहना है ज्यादा जानकारी पीएसी के अधिकारी ही दे पाएंगे। वहीं 32 बटालियन पीएसी के उप सेनानायक अरुण कुमार सिंह का कहना है कि जिला पुलिस ही जानकारी दे सकती है।

### सार-संक्षेप

#### चाचा ने परिवार के साथ मिलकर भतीजे व उसकी पत्नी को पीटा

**रुदौली। अयोध्या :** कोतवाली रुदौली के मोहल्ला काशीपुर में विवाद को लेकर चाचा ने पत्नी और बेटी के साथ मिल कर भतीजे और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। तहरीर में काशीपुर निवासी खुशबू गौतम ने कहा मंगलवार को शाम साढ़े पांच बजे डाक्टर के यहां गई थी। घर आई तो चचेरे ससुर पन्ने, चचेरी सास मायावती व ननद सुमन पति सरजू से झगड़ा कर रहे थे। मना करने पर उसके सरिया व लाठी से सिर पर मारा। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि खुशबू का इलाज सीएचसी में कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

#### ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जीआरपी ने ट्रेन में यात्रियों का कीमती सामान चोरी करने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन से जा रहे राजस्थान के डूंगरपुर जिला के चितरी थाना के नैनसावा जसेला निवासी नरेंद्र सिंह चुण्डावत का किसी ने कोच बी वन स्थित उनकी सीट से 11 अक्टूबर को कीमती मोबाइल व अहमदाबाद से आजमगढ़ जा रहे वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र स्थित धौरहरा बाजार निवासी अकरम व उनकी पत्नी रुबीना का 19 दिसंबर की रात सोने का झाला, मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी का पायल, कपड़ा, पासबुक, एटीएम कार्ड युक्त लाल बैग पार कर दिया था। पीड़ितों ने अज्ञात के खिलाफ अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अयोध्या धाम जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2/3 के पश्चिम तरफ अंतिम छोर से सुबह पुलिस टीम ने बुधवार को राजेश कुमार बंशी (32) निवासी ग्राम जियाभारी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल, चांदी की पायल और 1110 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पूछताछ में राजेश कुमार ने बरामद सामान साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन से चोरी करने की बात कबूली है। पायल व मोबाइल बेचने के लिए अयोध्या आया आया था।



#### संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से



तिलक हाल में बैठक के दौरान मौजूद नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनसामान्य को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए एक अप्रैल से विशेष जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम अपनी सीमा के अंदर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 30 अप्रैल तक जन-जन को जागरूक करने का काम करेगा। इसमें संचारी रोगों व दिमागी बुखार के रोकथाम के लिए क्या करें, क्या न करें'' का प्रचार प्रसार किया जाएगा। अभियान के संबंध में बुधवार को नगर निगम के तिलक हाल में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व वार्ड सुपरवाइजरों के साथ गहन मंथन हुआ। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम मणि शुक्ला ने बताया कि नगर निगम सीमन अंतर्गत संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए एक से 30 अप्रैल तक अनवरत रोस्टर के अनुसार अभियान चलाया जाएगा। अभियान में प्रथम पाली में नालियों की सफाई, एंटीलार्वा का छिड़काव व द्वितीय पाली में सम्बन्धित वार्ड में फॉगिंग का कार्य कराया जाएगा। इसमें निकाय का विशेष कार्यदल, जिसमें निकाय के अधिकारी/कर्मचारी व कूड़ा उठाने वाले वाहन, मशीन व अन्य उपकरणों व स्वास्थ्य विभाग की विसंक्रमण गैंग से स्वयं की देख-रेख में निर्धारित क्षेत्र पर विशेष अभियान रोस्टरवार चलाएंगे। बैठक में अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनन्द, अर्बन नोडल डॉ. वीपी त्रिपाठी, डॉ. अरविन्द श्रीवास्तव, फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डॉ. डीके श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### नशे में बैरिकेड किया पार, सरयू में हुआ हादसे का शिकार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मण घाट पर बुधवार को स्नान के दौरान एक युवक हादसे का शिकार हो गया। हालांकि मौके पर मौजूद जल पुलिस के जवानों और स्थानीय गोताखोरों ने उसको सकुशल बचा लिया। बताया गया कि बिहार प्रान्त के जनपद अररिया के थाना मेडीगंज स्थित ग्राम रानीगंज निवासी युवक अंगद सिंह (25) पुत्र राम सेवक सिंह बुधवार को पहली पहर स्नान के लिए लक्ष्मणघाट पहुंचा था। वह भांग के नशे में था और नशे के चलते सरयू में जल पुलिस की बैरिकेटिंग को पार कर नदी में स्नान करने लगा। सरयू के गहरे जल में तैरने के दौरान वह डूबने लगा तो घाट पर मौजूद लोगों ने हल्ला गोहार की। जानकारी पर सरयू में गश्त निगरानी में लगे जल पुलिस के जवान और घाट के पास मौजूद स्थानीय नाविक व गोताखोर सक्रिय हुए तथा मशक्कत कर डूब रहे युवक को बाहर निकाला। जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि नशे के चलते युवक जल बैरिकेटिंग को पार कर सरयू में स्नान करने लगा और अचानक पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूबने लगा। मुख्य आरक्षी छत्रधारी, आरक्षी नित्यानन्द यादव, मनोज पाल व सुधीर सिंह ने नाविक अमर माझी की मदद से नाव के सहारे उसको बाहर निकाला है।

**महिलाओं की सुरक्षा** | ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए जाएंगे सीसीटीवी और लाउडस्पीकर

# गोरखपुर मॉडल से रुकेगा गांव में अपराध

▸▸ **मिलेगी मौसम की जानकारी व होगी पात्र लाभार्थियों की पहचान**

राजेंद्र कुमार पांडेय

**अयोध्या।** गोरखपुर मॉडल को अब यहां लागू करने की तैयारी है। इससे गांव में अपराध रूकेंगे, महिलाओं की सुरक्षा होगी। इसके लिए गांव के तिराहे-चौराहे पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया जाएगा। मौसम की जानकारी मिलेगी। पात्र लाभाथियों की पहचान की जा सकेगी। आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

### क्या है गोरखपुर मॉडल

गोरखपुर के गांवों में महिलाओं और गांव की सुरक्षा के लिए अभिनव प्रयोग किया गया। प्रशासन और पुलिस के अफसरों ने मॉडल तैयार किया। इसे गोरखपुर मॉडल के नाम से जाना जाता है। ऑपरेशन त्रिनेत्र इसका नाम दिया गया। इसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में चिंहित तिराहे चौराहों के साथ सामुदायिक शौचालय आदि पर सीसीटीवी लगाए गए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया। जहां से पूरे गांव पर नजर रखी जा सके। इसे एकीकृत पुलिस कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम से संबद्ध किया गया। जरूरत पर पुलिस इससे फीड बैक ले सकेगी। इसके लिए सिस्टम में पर्याप्त जगह की व्यवस्था की गई।



### मिलेंगे ये लाभ

- मिशन शक्ति को लागू करने में मिलेगी मदद।
- मौसम संबंधी जानकारी और चेतावनी दी जा सकेगी।
- महिलाओं की सुरक्षा और सशक्त बनाने में मिलेगी मदद।
- पंचायतों के संसधानों के क्षय को रोकने में सहायक होगा।
- आपात स्थिति में सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी।
- उपयुक्त लाभार्थियों की पहचाना करने में।
- स्वच्छता अभियान में मिलेगी मदद।
- गांव में अपराध पर अंकुश लगाने पर मदद मिलेगी।

### जिले की 786 ग्राम पंचायतों में होगा लागू

जिले की सभी 786 ग्राम पंचायतों में ऑपरेशन त्रिनेत्र लागू किया जाएगा। इसके लिए सामान के मानक, स्थानों का चयन, कैमरों की कनेक्टिविटी, बिजली की व्यवस्था की जाएगी। इसको स्थापित किए जाने के लिए गणमान्य लोगों, स्वयं सेवी संस्थाओं आदि से सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति कार्यवाही करेगी।



ग्राम पंचायतों में गोरखपुर मॉडल पर आधारित ऑपरेशन त्रिनेत्र की कार्रवाई शुरू की गई थी। गांव और महिला सुरक्षा के लिए यह अहम योजना है। बैठक हुई थी। निगरानी के लिए नाइट विजन कैमरे पुलिस के मानक अनुसार खरीदे जाएंगे। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण काम रोक दिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी।
**-डीपी अरोरा, जिला पंचायत राज अधिकारी।**

# बस अड्डे के सामने अधेड़ का मिला शव, शिनाख्त नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर कोतवाली के सिविल लाइन क्षेत्र में रोडवेज बस स्टेशन के पास बुधवार सुबह रामपथ पर एक युवक का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने सुबह पुलिस को सूचित किया कि सिविल लाइन क्षेत्र में रोडवेज डिपो के निकट सतगुरु होटल के सामने रामपथ पर एक घायल युवक पड़ा है। मौके पर सिविल लाइन चौकी का चीता दस्ता पहुंचा और लावरिश मिले युवक को 5:20 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने 30 वर्षीय लावारिश युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा शिनाख्त और पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि युवक सुबह सड़क पार कर रहा था, इसी दौरान रामपथ के डिवाइडर पर लडखडा गया और गिर पड़ा, जिससे वह घायल हो गया और मौत हो गई। चीता दस्ते के सिपाही बृजेश का कहना है कि सुबह 5:00 बजे फोन पर जानकारी मिली। मृतक नशेड़ी प्रकृति का दिख रहा है और अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## एक नजर

### मोबाइल चोरी की केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** झारखंड प्रान्त के हजारीबाग जनपद स्थित थाना बरही के करियातपुर निवासी प्रवीण कुमार ने राजकीय रेलवे पुलिस अयोध्या कैंट थाने में बुधवार को अज्ञात के खिलाफ मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह 14 फरवरी को वह कोडरमा जाने के लिए अयोध्या धाम जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर दून एक्सप्रेस पर सवार हो रहे थे। इसी दौरान किसी ने जेब में रखा सैमसंग ए 34 मोबाइल फोन चोरी कर लिया। जीआरपी कोडरमा से आई शिकायत के बाद जीआरपी अयोध्या कैंट ने रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आया बाइक सवार, रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ–वाराणसी रेल प्रखंड स्थित गद्दोपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बाइक सवार गांव अहिरन का पुरवा निवासी दुर्गा प्रसाद यादव (50) उधर से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टर ने उसको जिला अस्पताल से गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वो बाइक से घर जा रहा था। गद्दोपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर गुजर रही ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जीआरपी अयोध्या कैंट थाना प्रभारी राकेश कुमार राय का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### व्यक्ति से छीना मोबाइल

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के टूटे का पुरवा सराय भनौली गांव के रहने वाले राजेश कुमार मिश्र मंगलवार रात करीब 8 बजे बीकापुर से बीमार पत्नी की दवा लेकर घर जा रहे थे। जलालपुर शाहगंज मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास क्रॉसिंग बंद होने के चलते रुक गए। इसी दौरान अज्ञात युवक ने झपट्टा मारकर कीमती मोबाइल फोन छीन लिया। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि जांच की जा रही है।

# अब तक जांची गईं 3,66,794 उत्तर पुस्तिकाएं

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की बचीं 18,398 कॉपियां, पांच केंद्रों पर हो रहा मूल्यांकन

**1869 परीक्षकों में से केवल 825 ही मूल्यांकन के लिए केंद्रों पर पहुंचे**

अयोध्या कार्यालय


राजकीय इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते परीक्षक।

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पांच मूल्यांकन केंद्रों पर चल रहा है।

होली के अवकाश के बाद बुधवार को 27,929 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। हालांकि आवंटित 1,869 परीक्षकों में से केवल 825 परीक्षक ही मूल्यांकन में उपस्थित हुए। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा बुधवार शाम जारी सूचना के अनुसार अब तक आवंटित 4,09,877 उत्तर पुस्तिकाओं में से 3,66,794 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा चुकी हैं। बताया गया कि अब केवल 18,398 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रह गया है। जिसके जल्द पूरा हो जाने की उम्मीद है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया मूल्यांकन में योगदान न करने वाले परीक्षकों की सूची बनाई जा रही है। इसे माध्यमिक शिक्षा परिषद को मूल्यांकन बाद भेजा जाएगा। वहां से जो निर्देश मिलेगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन निर्धारित अवधि में पूरा कर लिया जाएगा। बोर्ड ने 31 मार्च तक मूल्यांकन के निर्देश दिए हैं उसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने की प्रक्रिया शुरु होगी।

# ओपीडी में मिला ताला, डॉक्टरों का इंतजार करते रहे मरीज

कुमारगंज, अयोध्या।



ओपीडी में कक्ष पर लगा ताला।

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा की व्यवस्था पर सवाल लग रहे हैं। यहां चिकित्सक समय पर ओपीडी में नहीं बैठते। जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

डॉक्टर बुधवार सुबह 10:20 बजे तक नहीं पहुंचे थे। ओपीडी में ताला लगा था। मरीज डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे। पूछने पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि आते ही होंगे। इमरजेंसी कक्ष में भी कोई डॉक्टर नहीं था। जबकि अस्पताल में सीएचसी अधीक्षक समेत छह महिला-पुरुष डॉक्टरों की तैनाती है। इलाज कराने आए विमल, रामतेज, पवन कुमार राम सजीवन ने बताया कि जब भी आते हैं कोई डॉक्टर नहीं मिलते। आज हम लोगों ने पूछा कि डॉक्टर साहब कब बैठेंगे तो कर्मचारियों ने बताया कि त्योहार था जिसके चलते देर हो रही है आते ही होंगे। अधीक्षक डॉ. आकाश मोहन ने बताया कि वह जांच करने स्वास्थ्य केंद्र बवां आए हैं। यदि समय पर कोई नहीं आता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# धूम्रपान जानलेवा है, इसे आज ही छोड़े : सीएमओ

**मतदान केंद्रों पर साइनिंग बोर्ड पर जुर्माने की राशि अंकित कर लगाने का सीएमओ ने दिए निर्देश**

संवाददाता, अमेठी


डॉ. अंशुमान सिंह, सीएमओ

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह ने बताया कि तम्बाकू सेवन जन स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाये, यह स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। तम्बाकू सेवन से अनेक बीमारिया होती है, जिसमें नपुंसकता, बांझपन एवं कैंसर प्रमुख रूप से है।

एन.एफ.एच.एस.-5 के अनुसार उत्तर प्रदेश में धुआरहित एवं धुंआसहित अनेक रूपों में तम्बाकू उपभोग 44.1 प्रतिशत है, जो कि अत्यन्त भयावह स्थिति है। जिससे भविष्य में अनेक असंचारी रोगों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन.टी.सी.पी.) का सफल संचालन एवं सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत समस्त सार्वजनिक स्थान यथा-सभागृह, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रतीक्षालय, मनोरंजन केन्द्र, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थान, लोक परिवहन, पुस्तकालय आदि स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले प्रत्येक मेला, प्रदर्शनी, सार्वजनिक कार्यक्रमों अथवा ऐसे किसी भी कार्यक्रम, जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों के एकत्रित होने की सम्भावना हो, के मुख्य द्वार पर एवं मध्य में कम से कम 2 बैनर, होर्डिंग्स लगायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि "सी.ओ.टी.पी.ए.-2003 की धारा-4 के अंतर्गत समस्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध है जिसका उल्लंघन करने पर दो सौ रूपये तक जुर्माना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में पोलिंग बूथ को तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने की कार्यवाही की गयी है।

समस्त जन सामान्य से अनुरोध करते हुए कहा कि आगामी समस्त चुनावों में जनपद के समस्त मतदान प्रशिक्षण केन्द्रों, मतदान केन्द्रों के 100 गज की परिधि को तम्बाकू प्रतिबंधित क्षेत्र, आमजन को धुम्रपान, तम्बाकू उपयोग से होन वाली हानियों, दुष्परिणामों से जागरूक करने, मतदान केन्द्रों पर बोर्ड, साइनेज जिसमें 'धूम्रपान, तम्बाकू रहित क्षेत्र, यहां धूम्रपान करना एक अपराध है, लिखा जाए।

# युवाओं में बढ़ रहा है स्निफर ड्रग का नशा

**बोले चिकित्सक, टालुइन को सूंघने मात्र से होते हैं डोपिंग का शिकार**

अयोध्या कार्यालय


कार्याशाला में मनोचिकित्सक डॉ. आलोक मनदर्शन और डॉ. बृज कुमार।

**अमृत विचार:** उमंग व उत्तेजना के लिए युवाओं में स्निफर ड्रग्स का प्रचलन बड़ी तेजी से सामने आ रहा है। बाजार में उपलब्ध बहुतायत टालुइन नामक पदार्थ युक्त विभिन्न उत्पाद के सूंघने मात्र से ही मस्तिष्क का डोपामाइन सेंटर असामान्य रूप से सक्रिय हो जाता है और उत्तेजना चरम पर पहंचने लगती है।

ये बातें बुधवार को मनोपरामर्शदाता डॉ. बृज कुमार व डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहीं। वो जिला अस्पताल में युवाओं में जागरूकता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोपनीय नशे स्निफर ड्रग के प्रति सचेत व जागरुक करते हुए बताया कि स्टेशनरी व्हाइटनर, मार्कर, कलरिंग पेन, स्प्रे पेंट, पेंट थिनर, प्राइमर व कॉस्मेटिक आइटम में पाया जाने वाला तरल पदार्थ टालुइन ही गोपनीय, सुलभ व सस्ते नशे की लत का कारण है। उन्होंने बताया कि इसके शॉर्ट टर्म दुष्प्रभाओं में एकाग्रता में कमी, अनिद्रा या अतिनिद्रा, भूख में परिवर्तन, यौन उत्तेजना, पेट दर्द जैसे लक्षण तथा दीर्घकालिक दुष्प्रभाओं में अन्य नशे की लत लिवर व किडनी डिसीज, आंखों की रोशनी जाना, तंत्रिका तंत्र को नुकसान व मौत तक की संभावना होती है। सलाह देते हुए कहा कि पेशाब की जांच से इस नशे की गोपनीय जांच संभव है। लक्षण दिखने पर मैत्री पूर्ण व सतर्क मनोसलाह अवश्य लेनी चाहिए।

# सी-विजिल ऐप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

संवाददाता, अमेठी

**लोकसभा चुनाव 2024**

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है।

उक्त एप पर चुनाव की घोषणा से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है।

जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

# पुलिस ने गैंगेस्टर में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** गैंगस्टर एक्ट व अन्य अपराधिक मामलों में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित मोहिउददीन गांव मोड़ के समीप गश्त के दौरान जगदीशपुर थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम पवन कुमार गुप्ता निवासी पूरा उर्फ पूरे सुमेर पुर थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या बताया तथा उसके खिलाफ जगदीशपुर कमरौली व कुमारगंज थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर विधिक काईवाई करने में जुटी हुई है। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए। फरार आरोपी की तलाश काफी अर्से से थी। गिरफ्तारी करने के बाद लिखा पढ़ी के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

# ड्रोन से खेत में दवा व खाद का छिड़काव कर सकेंगे किसान

परशदेपुर, रायबरेली।


महाशक्ति स्वयं सहायता समूह की ऊषा को ड्रोन हैंडओवर करते कंपनी के अधिकारी।

**अमृत विचार।** किसान अब ड्रोन का उपयोग करके खेतों में कीटनाशक व दवाइयों का छिड़काव कर सकते हैं। इसके लिए बुधवार को कस्बे के प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर स्वयं सहायता समूह को ड्रोन हैंडओवर किया गया।

पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड की ओर से परशदेपुर में गेवड़े मैदान के सामने स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर किसान गोष्ठी कर ड्रोन के फायदे बताए गए। रीजनल मैनेजर बी. कुमार ने बताया कि किसान कम राशि में पूरे खेत में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर सकते हैं। बरसात के समय किसानों को दवाई छिड़काव के लिए खेत में जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब ड्रोन के माध्यम से वे आसानी से दवा का छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने महाशक्ति स्वयं सहायता समूह की ऊषा को ड्रोन हैंडओवर कर दिया है। एरिया मैनेजर अनिल कुमार मौर्य, संदीप कुमार, शुभम शुक्ला, विवेक पांडेय, दुर्गेश यादव, मो. इस्लाम, आसिफ, बाबर हादी, महेंद्र माही आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वर्तमान में संविधान व लोकतंत्र दोनों खतरे में : वर्मा



**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आज संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में है। देश आर्थिक गुलामी की तरफ बढ़ रहा है। इसलिए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए स्वर्गीय पूर्व विधायक परशुराम यादव के संघर्षों को याद करते हुए उनके पगचिह्नों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री अंबेडकरनगर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार लालजी वर्मा ने जाना बाजार में आयोजित स्वर्गीय परशुराम यादव की 15वीं पुण्यतिथि पर व्यक्त किए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जयशंकर पांडे ने कहा इस समय देश में अघोषित आपातकालीन चल रहा है। जिस देश के दो–दो मुख्यमंत्री जेल में हो उसे देश का क्या हाल होगा। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने भी विचार व्यक्त किए। जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव, रामस्वरूप फैजाबादी, डॉ एमपी यादव, गंगाराम वर्मा, कमलेश वर्मा, विजय बहादुर वर्मा, जेपी यादव, रामसुंदर यादव, जमुना वर्मा, राजकुमार पांडेय, सियाराम यादव, शिवपूजन यादव मौजूद रहे। अध्यक्षता संतोष कुमारी व संचालन मायाराम यादव ने किया। पूर्व विधायक की पुत्री रोली यादव ने आभार व्यक्त किया।

### पुलिस डीजल चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में नाकाम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस की निष्क्रियता से ट्रक से डीजल की चोरी करने वाले चोरों के हौसले बुलंद हैं। गैंग रोजाना किसी न किसी ट्रक से डीजल की चोरी कर ट्रक मालिकों को चपत लगा रहे हैं। वहीं ट्रकों से हो रही डीजल की चोरी के मामले में पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। बता दें कि अकबरपुर थाना क्षेत्र से महरुआ थाना क्षेत्र तक डीजल चोरों का एक बड़ा गैंग सक्रिय है। जो सड़क किनारे, ढाबे या घर के सामने खड़ी गाड़ियों को अपना निशाना बनाते है और पलक झपकते ही अत्याधुनिक मशीनों को प्रयोग कर डीजल टैंक को तोड़ देते है और सारा डीजल अपने ड्रम में भरकर उठा ले जाते है। चोर इस वारदात को अंजाम देने के लिए चार पहिया वाहनों का प्रयोग करते हैं। ट्रक ड्राइवरों के बताया कि यह चोर अपने साथ डंडे और असलहा भी रखते है। अगर कोई ड्राइवर जग जाता है तो उसे डरा धमकाकर भाग जाते है। पुलिस इन चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। महरुआ थाना निवासी करुणेश सिंह के चार वाहनों से चोरों ने करीब 80 हजार से अधिक का डीजल लॉक तोड़कर पार कर दिया है। मामले की सूचना के बाद भी पुलिस चोरों को नहीं पकउ.सकी है। जब ट्रकों से डीजल चोरी के मामले में महरुआ थानाध्यक्ष विजय सोनी ने बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच–पड़ताल की जा रही है।

### बारी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारतीय बारी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता अनूप बारी के नेतृत्व में मुख्य सचिव से मिला। जिसमें प्रदीप कुमार बारी महामंत्री, शिव कुमार बारी प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा से औपचारिक भेंट की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव को अंग वस्त्र पहनाकर राजा शिवदीन सिंह की फोटो भी भैंट किया। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक ज्ञापन भी दिया। जिसमें राजा शिवदीन सिंह बारी के महल जो कि भवानीगढ़ बछरावां रायबरेली स्थित है। उसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित करने और उस स्थान को अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कराने व पर्यटक स्थल, उस स्थान पर राजा शिवदीन सिंह बारी की प्रतिमा लगाने को लेकर मांगपत्र द्वारा अनुरोध किया है। मुख्य सचिव ने मांगपत्र को सहर्ष स्वीकार करते हुए साकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### युवक को तमंचे के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने ओन डीह बार्डर के पास से एक अदद तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ गैर जनपद के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक हरि शंकर वर्मा मय हमराह देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान कुलदीप सोनकर पुत्र सुन्दरलाल सोनकर (24) निवासी ग्राम देवानंदपुर थाना मिल एरिया को ओनडीह बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया है।

### गुमटी में हजारों की चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

**अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई के राजनगर चौराहा पर स्थित किराना की एक गुमटी से मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने हजारों रुपये की समग्री सहित 8 हजार रुपये की नकदी पार कर दी है। पीड़ित व्यवसाई ने स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपी है। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे इच्छाराम पंडित मजरे कुटमरा निवासी लवकुश साहू पुत्र राम केवल साहू की तिलोई स्थित राजनगर चौराहे पर किराना की दुकान है। वह बड़ी गुमटी में सामान रखकर लम्बे अरसे से लंबे दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने गुमटी के पटरे को काट कर उसमें रखी सामग्री व 8 हजार रुपये की नकदी पार कर दिया।पता चला है कि उसमें रखा अन्य सामानों तक वें नहीं पहुंच सके। बुधवार की सुबह दुकान आने पर उसे चोरी होने की जानकारी मिली। पीड़ित व्यवसाई ने बताया कि 10 दिन पहले भी इसी गुमटी में चोरी हुई थी। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# सफलता के लिए एकाग्रता जरूरी : स्वामी ज्ञानानंद

**श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल के बच्चों को सफलता के दिए टिप्स**

संवाददाता, रायबरेली


बच्चों को सफलता के बारे में बताते स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज और साथ में प्रबंधक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने बच्चों को अध्यात्म का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि शिक्षा में प्रगति के लिए ध्यान का बहुत महत्व है। उन्होंने छात्रों को समझाते हुए कहा कि यदि वे अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं तो उन्हें मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक गजट से दूर रहते हुए पढ़ाई करनी होगी।

जीवन में सफल होने के लिए व आगे बढ़ने के लिए अनुशासन व एकाग्रता की बहुत आवश्यकता होती है। अतः यदि छात्र अपने जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होना चाहते हैं तो उन्हें एकाग्रचित होकर पढ़ाई करनी होगी। वह व्यसनों से दूर रहना होगा। विद्यालय प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह गांधी ने गीता मनीषी स्वामी दयानंद जी महाराज का आभार व्यक्त किया व छात्रों को बहुमूल्य समय व शिक्षा देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक द्वारा स्वामी जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके बाद स्वामी जी ने समस्त अध्यापकों व छात्रों को प्रसाद देकर सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य जया तिवारी, उप प्रधानाचार्य विक्रम सिंह, जनसंपर्क अधिकारी आराधना मिश्रा, कोऑर्डिनेटर आयुषी दुबे, अंबुजा पटेल, राघवेंद्र सिंह, रमीज सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# ट्रक ने स्कूटी सवार महिला अधिवक्ता को कुचला, मौत

**संवाददाता, अमेठी।** मुकुटनाथ ताला के पास स्कूटी से बाजार जा रही महिला अधिवक्ता और उसकी ननद को सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में महिला अधिवक्ता की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, ननद मामूली रूप से घायल होकर ट्रक के नीचे आने से बाल–बाल गई है। घटना के बाद ट्रक को मौके पर छोड़ चालक फरार हो गया है। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के ताला और बारामासी चौराहे के बीच मुकुटनाथ मंदिर के पास का है। जहां बुधवार की सुबह करीब 11 बजे कालू का पुरवा सोनपुर मनकंठ गांव की रहने वाली अधिवक्ता दीक्षा तिवारी पत्नी संदीप तिवारी (28) अपनी ननद आरती तिवारी के साथ स्कूटी से अमेठी बाजार जा रही थी। दीक्षा जैसे ही ताला मोड़ से मुड़कर अमेठी की तरफ जाने लगी तभी सामने से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दीक्षा ट्रक के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि ननद आरती दूसरी तरफ गिरने से मामूली रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीण आनन फानन में एम्बुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# पुलिस के सामने जमीन पर कब्जेदारी को लेकर हुई मारपीट

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** बुधवार की सुबह आबादी की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो सगे भाइयों के परिवार आमने सामने हो गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंट–पत्थर से हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। विवाद में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें तीन युवकों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में पिछले कई दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी और जिस समय विवाद हुआ उस स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी, लेकिन तमाशबीन बनी रही। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा का है। यहां के रहने वाले सूर्य नारायण और इंद्रजीत दोनों सगे भाइयों में आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह इंद्रजीत अपने 5 बेटों अरुण, विनय, संदीप, अम्बुज और अंतिम के साथ विवादित जमीन पर कब्जा करने गया था। इसी बीच सूर्य नारायण अपने बेटे विजय कुमार नाती दीपक और परिजनों के साथ दूसरे पक्ष पर ईंट–पठार से हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में पास में ही मौजूद नल पर पानी भरने गए प्रदीप उर्फ दरोगा पुत्र जोखू प्रसाद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायलों को संग्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्रदीप, विनय और संदीप को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय दोनों पक्षो में ईंट–पत्थर चल रही थी। उस समय स्थानीय पुलिस और डायल 112 पुलिस की गाड़िया मौके पर मौजूद थी। लेकिन पुलिस ने कोई कदम नही उठाया। मामला स्थानीय पुलिस के संज्ञान में था। संग्रामपुर थानाध्यक्ष श्रीराम ने बताया कि मामले की रिपोर्ट मीडिया सेल को भेज दी गई है।

**समारोह** परीक्षाओं के रिजल्ट का किया जा रहा वितरण

# मां की गोद शिशु की प्रथम पाठशाला : रश्मि

संवाददाता, अमेठी।


परीक्षा परिणाम वितरण के बाद ग्रुप के साथ शिक्षकगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शैक्षिक सत्र 2023-24 में परीक्षाएं सम्पन्न होने के बाद परीक्षा फल घोषित किए जा रहे हैं। बुधवार को कई शिक्षण संस्थानों में बच्चों के रिजल्ट घोषित करने के बाद पीटीएम मीटिंग्स भी आयोजित की गईं। अमेठी पब्लिक स्कूल में प्रबंध निदेशक रश्मि सिंह ने अभिभावकों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मां की गोद शिशु की प्रथम पाठशाला होती है। माताएं छोटे बच्चों की शिक्षा और उनके होम वर्क पर निरंतर ध्यान दें। पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा की खामियों को दूर करके उनकी रुचि के अनुसार कैरियर निर्माण के उचित वातावरण प्रदान करना है।

अमेठी पब्लिक स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ कला, नृत्य, संगीत और खेल सुविधाओं से परिपूर्ण है। इस वर्ष रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। एक अप्रैल से नवीन सत्र में 9वीं की कक्षाएं भी संचालित की जायेंगी। उधर, पब्लिक स्कूल 11 अप्रैल 2016 को संचालित हुआ था। कक्षा एक से आठ तक यहां की छात्र संख्या 450 है। नवीन शैक्षिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। पीटीएम बैठक में आईईएस विनय कुमार सिंह ने अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं की हौसिला अफजाई की। बैठक का संचालन प्रिंसिपल कविता सिंह ने किया। विकास सिंह, राजेश कुमार तिवारी, मीना कुमारी, राजकुमार, दिनेश सिंह, संदीप गिरि, संगीता आदि मौजूद रहे। वहीं, भेटुआ संवाददाता के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय पिंडोरिया में बुधवार को बच्चों का परीक्षाफल वितरित किया गया। परिषदीय विद्यालयों की कक्षा 5 और 8 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहा है। रिजल्ट 30 मार्च को घोषित किए जायेंगे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





17वां रोजा

शिया
सहरी : 04.33 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# डीएम ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिए निर्देश

▸▸ सी विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिसके तहत बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, एमसीएमसी, वीडियो अवलोकल टीम और सी विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।



जिला कांटेक्ट सेंटर का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी व साथ में एसडीएम।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को गहनतापूर्वक निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत आती है तो चुनाव आयोग द्वारा दिए गए समय सीमा के तहत मामलों का निस्तारित कराए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरसः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के तहत सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला गन्ना अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित आधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिकायतकर्ता की पहचान रखी जाएगी गोपनीय

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो और वीडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



लोगों की समस्याएं सुनते एसपी डॉ. कौस्तुभ। अमृत विचार

### समस्याओं का शत-प्रतिशत किया जाए निस्तारण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

### बालिका ने तीन लोगों पर लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** टांडा कोतवाली के एक ग्राम की 15 वर्षीय बालिका ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का बयान लेकर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गत 25 मार्च की रात में वह शौच के लिए निकली थी। तभी कुछ उपद्रवी लोग टार्च मार कर देख रहे थे। शोर मचाने पर उसके मुंह पर कपड़ा बांध कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पीड़िता को लात मारकर गड्ढे में फेंक दिया। मामले में बालिका ने मिथुन पुत्र सुग्रीम निवासी ग्राम कटारिया थाना इब्राहिमपुर, रविन्द्र पुत्र राजमन, सुंदर पुत्र अज्ञात पर आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर और उसके के बयान में काफी विरोधाभास है। नामजद अभियुक्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन 29 को

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सामाजिक समरसता और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए आगामी 29 मार्च को नगर के जोशी कंप्यूटर एंड कोचिंग इंस्टिट्यूट में होली मिलन समारोह और हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। गीतकार देवेंद्र तिवारी देव के संयोजन व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा अंबेडकरनगर के अध्यक्ष डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु के संचालन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व सैनिक और कवि संतराम मौर्य करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुल्तानपुर के वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मिश्र भास्कर की उपस्थिति रहेंगे।

# बाईकों की टक्कर में दो लोगों की मौत

## हादसे में तीन की हालत गंभीर, जनपद के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई दुर्घटना

▸▸ पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** दो बाइकों के आमने-सामने की भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नगपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर दो लोगों की मौत हो गई। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ रोड गौरा कमाल गांव के पास घटित हुई।

बता दें कि जैतपुर थाना क्षेत्र के चौदहप्रास गांव निवासी दिनेश, पंकज और पिंटू एक बाइक पर सवार होकर जलालपुर से अपने घर जा रहे थे। जबकि नेवादा की तरफ से जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कन्नूपुर गांव निवासी शशांक और उत्कर्ष निवासी पिपरपुर जिला अमेठी एक बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। तभी दोनों बाइकें जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ रोड स्थित गौरा कमल के पास आमने-सामने भीड़ गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और बाइकों पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से इलाज करने के लिए प्रयास किया जाता रहा। लेकिन कोई साधन उपलब्ध न होने की वजह से घायल घंटों तक सड़क पर तड़पते रहे। तभी पहुंचे सिपाही आलोक सिंह ने घायलों को रास्ते से गुजर रहे पिकअप वाहनों से नगपुर अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए पांचों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां के डॉक्टरों ने पंकज उम्र लगभग (35) वर्ष व शशांक उम्र लगभग (17) वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो गंभीर रूप से घायल युवकों उत्कर्ष और दिनेश को लखनऊ रेफर कर दिया है। जबकि पिन्टू का जिला अस्पताल मे इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी जलालपुर देवेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि दो बाइकों की आपस में भिड़ंत से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां पर दो घायलों की मौत हो गई है। वहीं दो की हालत गंभीर बनी हुई है।



घायलों को एंबुलेंस से भेजा गया जिला अस्पताल। अमृत विचार

### सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड पहुंच हासिल की जानकारी

मुख्य चित्सािधिकारी डॉ. राजकुमार ने इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर घायलों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि दो घायलों की मौत हो गई है। वहीं दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। एक घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर लोगों में आक्रोश

घायलों को उपचार दिलाने के लिए राहगीरों द्वारा एंबुलेंस के लिए फोन किया गया। लेकिन एक घंटे बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। वहीं साथ ही नगपुर अस्पताल से घायलों को जिला अस्पताल रेफर करने के लिए भी काफी मशक्कत करने के बाद एंबुलेंस पहुंची। जिससे घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। एंबुलेंस की देरी पर पहुंचने से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# पारदर्शी रूप से कराया जाएगा चुनाव : डीएम



प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण करते डीएम व एडीएम।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम, वीवीपैट और वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग वेयरहाउस के कमरे में जाकर उसमें रखी मशीनों का निरीक्षण किया। उपस्थित प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा इस पर संतुष्टि जताई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरा और अन्य व्यवस्थाएं देखी गई। सभी व्यवस्थाएं मौके पर ठीक-ठाक पाई गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, परियोजना दिलीप सोनकर, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी और अपना दल के प्रतिनिधि व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया। बता दें कि महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय और महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

# टावर में लगी आग, लाखों का नुकसान



टावर में लगी आग को बुझाते लोग।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के पहितीपुर बाजार में स्थित टावर में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और मामले की सूचना फायर बिग्रेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के पहितीपुर बाजार में मोबाइल कंपनी का टावर लगा हुआ है। मंगलवार की देर रात टावर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई और टावर से धुआं निकलने लगा। धीरे-धीरे टावर में लगी आग भयंकर रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से टावर का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर बीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस और दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। ठावर में आग लगने के मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से किशोर की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बकरी चरा रहे किशोर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से रौंदते हुए फरार हो गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घटना मालीपुर थाना के हासिमपुर गांव स्थित मुख्य मार्ग पर बुधवार शाम घटित हुई। हासिमपुर गांव का किशोर अयान पंचायत भवन मुख्य मार्ग के पास सड़क के किनारे बैठकर बकरी चरा रहा था। इसी दौरान जलालपुर कोतवाली के बसिया गांव निवासी शिव पूजन यादव का ट्रैक्टर सुरहूरपुर की तरफ से तीव्र गति से जा रहा था। अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर किशोर के ऊपर चढ़ गया। किशोर चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, चालक वाहन लेकर फरार हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे नगपुर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जलालपुर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं रुक्मा देवी (Rukma Devi) अपने पुत्र शंकर सिंह के आर्मी नं.– 4205699W, ग्राम –मालाझूला हल्द्वानी पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रूक्मनी पानू (Rukmani Panoo) दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मा देवी (Rukma Devi) दर्ज किया जाये।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े बेटे रामनाथ का चाल चलन व रवैया बहुत खराब है। उसकी संगति बुरे लोगों के साथ है इसलिए वह मेरे व परिवार के साथ दुर्व्यहार करता है। बड़े बेटे रामनाथ पुत्र राजकुमार से तंग आकर अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। रामनाथ द्वारा किए गए किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम भमैचा पोस्ट सिसवरिया थाना मोतीगंज गोंडा।**

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने बड़े बेटे नीरज कुमार का चरित्र व आचरण ठीक नहीं होने के कारण उसे अपनी सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझे कोई वास्ता सरोकार नहीं है और न ही भविष्य में कभी होगा। **भारत लाल पुत्र चौहान निवासी– अहिनवार, राती, मोहनलालगंज, लखनऊ।**

सूचना
सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अत: मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**

# सपा के कई नेता भाजपा में शामिल

▸▸ पूर्व राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुख और जिला उपाध्यक्ष समेत कई नेताओं ने ग्रहण की सदस्यता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में समाजवादी पार्टी को बुधवार को बड़ा झटका लगा है। सपा की पूर्व राज्यमंत्री विद्यावती राजभर और अकबरपुर ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा और उनके पति आनंद वर्मा समेत करीब तीन दर्जन से अधिक सपाईयों ने एक साथ भाजपा में शामिल हो गए। लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और सभी का भाजपा में स्वागत किया है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय पर बुधवार को अंबेडकरनगर से लोकसभा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे की अगुवाई में तीन दर्जन से अधिक सपा नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। सांसद रितेश पांडे ने भाजपा परिवार में सभी सपाईयों का स्वागत किया है। बुधवार को सपा के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, सपा के जिला पंचायत सदस्य रविंद्र कुमार यादव, सपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणजीत पासवान, सपा जिला उपाध्यक्ष आनंद वर्मा, अकबरपु से सपा ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा, सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ विधान सभा अध्यक्ष राजेश पाल, सपा प्रदेश महासचिव दिग्विजय पटेल, सपा कार्यकारणी सदस्य छोटू सिंह, पूर्व राज्यमंत्री विद्यावती राजभर, सपा जिला पंचायत सदस्य माखन लाल निषाद, सपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश राजभर, सपा जिला पंचायत सदस्य अंगद निषाद, सपा जिला पंचायत सदस्य मनोज वर्मा, सपा जिला पंचायत सदस्य सोनू पहलवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिल्लू वर्मा, बसपा के जिला पंचायत सदस्य सुनील वर्मा समेत कई नेताओं ने सपा और बसपा को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है।



लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पूर्व राज्यमंत्री विद्यावती राजभर को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### बीते दिवस सपा की सदस्यता से दिया था इस्तीफा

सपा के जिला उपाध्यक्ष आनन्द वर्मा और उनकी पत्नी अकबरपुर ब्लाक प्रमुख देविका वर्मा ने बीते मंगलवार को सपा के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। हालांकि दोनों ने इस्तीफा देने का कारण नहीं लिखा था। आनंद वर्मा इससे पहले बसपा में थे और पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के करीबी भी रहे हैं, लेकिन उनसे नाराजगी के बाद वह पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा के करीबी बन गए और सपा में शामिल हो गए। राम मूर्ति वर्मा ने जिला उपाध्यक्ष बनवाया तो उनकी पत्नी को अकबरपुर से ब्लाक प्रमुख का टिकट दिलवा कर ब्लाक प्रमुख बनवाया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) नि:शुल्क

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil MACLEODS Canixa



Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### पुलिस ने मधवापुर से बरामद की अवैध शराब

**वजीरगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने क्षेत्र के मधवापुर के एक होटल के पास खड़ी कार से 512 शीशी अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि एक सुजुकी इग्निस कार की जब तलाशी ली गई तो उसमें विभिन्न गत्तों में रखी रायल स्टेज, मैकडॉवेल, इम्पीरियल ब्लू, ऑफिसर्स च्वाइस, देशी शराब नगीना, वियर कैन हेवार्ड की कुल 512 शीशियां मिलीं। आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से भाग गया। बरामद कर्ता टीम में सीओ व एसओ सहित एसएसआई विश्वास कुमार चतुर्वेदी एसआई बीरबल व राम प्रसेन सिंह, एचसी पंकज सिंह व रावत यादव, महिला आरक्षी चंदा विश्वकर्मा व रोशनी रानी शामिल रहे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर कार को सीज कर दिया है।

### किशोरी को भगा ले जाने का लगाया आरोप

**वजीरगंज, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को विपक्षी सलमान निवासी ग्राम बेइलिया बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। एसओ अभय सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी व लड़की की तलाश की जा रही है।

### मझारा में मारपीट को लेकर मुकदमा दर्ज

**वजीरगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझारा निवासी संजू ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि 21 मार्च को विपक्षी प्रीतम निवासी ग्राम मझारा ने उनके पति विजय कुमार को घूमने के लिए बुलाया। पति ने घूमने से मना किया तो आरोपी अभद्रता करने लगा। जब उसने बीच बचाव किया तो उसकी भी पिटाई कर दी। एसओ अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मनकापुर में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला छात्र का शव, हत्या की आशंका

## मनकापुर के ही एक डिग्री कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था रोहित वर्मा


रोहित वर्मा। (फाइल फोटो)


बाबू चौहान। (फाइल फोटो)


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग। अमृत विचार

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के अमवा जंगल के बीच मनकापुर मसकनवा रेल ट्रैक के किनारे बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान ललकपुर गांव के मजरा छिटईजोत के रहने वाले रोहित वर्मा (22) के रूप में हुई है। उसकी बाइक भी रेल ट्रैक से पांच सौ मीटर दूर खड़ी पाई गयी है। मृतक मनकापुर के ही एक डिग्री कालेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की पड़ताल में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के मछली बाजार चौकी अंतर्गत ग्राम ललकपुर के मजरे छिटईजोत के रहने वाले राजेश वर्मा के मुताबिक उनका बेटा रोहित वर्मा(22) मनकापुर के गुरू वशिष्ठ महाविद्यालय महेवा नानकार में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। वह घर से कुछ दूरी पर स्थित अपनी दुकान पर ही रात में सोता था। मंगलवार की रात को भी खाना खाने के बाद वह दुकान पर सोने गया था। राजेश ने बताया कि बुधवार की सुबह उनके मोबाइल पर रोहित के नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद के पुलिस वाला बताते हुए रोहित के मौत की सूचना दी तो वह अवाक रह गए। परिवार वालों के साथ वह भागकर अमवा जंगल पहुंचे तो रोहित का शव मनकापुर मसकनवा रेल ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ था। उसकी बाइक घटनास्थल से पांच सौ मीटर दूर सड़क किनारे खड़ी हुई थी। राजेश का कहना है कि रोहित पिछले दो तीन साल से दुकान पर ही सोता था। ऐसे में वह रात में कब और कैसे रेल ट्रैक पर चला गया यह समझ से परे है। राजेश ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र का कहना है कि मृतक की बाइक सड़क के किनारे खड़ी मिली है। बाइक लॉक थी और उसकी चाभी मृतक रोहित के जेब से मिली है। शव का पंचायत नामा चौकी प्रभारी मछलीबाजार अरविंद कनौजिया ने भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ होगा।

### मनिहारी घाट पर उतराता मिला युवक का शव

**परसपुर, अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मनिहारी घाट पर बुधवार की सुबह एक युवक का शव उतराता मिला। नदी में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान सरैया ग्राम पंचायत के अघेरवा निवासी राम सवेरे के बेटे बाबू के रूप मे हुई है। बाबू होली के दिन घर से निकला था और लापता हो गया था। परिवार के लोगों ने मंगलवार को ही उनकी गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। मृतक के पिता ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी यह सब कैसे हुआ यह जानकारी नहीं है। बाबू की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है। परसपुर थाना क्षेत्र के सरैया ग्राम पंचायत के अघेरवा निवासी राम सवेरे का बेटा बाबू चौहान(18) होली वाले दिन अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने मंगलवार को युवक के गुमसुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कर ली थी और युवक की तलाश में जुटी थी। बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मनिहारी घाट पर एक युवक का शव उतरा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस नौ ते पर पहुंच गयी। तब तक घटना स्थल पर सैकड़ों लोग जुट गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला तो उसकी पहचान राम सवेरे के बेटे बाबू चौहान के रूप में हुई। बेटे के मौत की जानकारी राम सवेरे के घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोग भागकर घटना स्थल पर पगुंचे। मृतक के पिता ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। क्या कैसे हुआ जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# आठ दिवसीय श्री इंद्र महायज्ञ के तत्वावधान में निकली कलशयात्रा

संवाददाता, परसपुर


मंदिर परिसर में आयोजित संत सम्मेलन में जुटे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्राम धिरजा मिश्रा में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्री इंद्र महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन के तत्वावधान में बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक कलशयात्रा निकाली गई। इससे पूर्व कलशयात्रा में युवा, बच्चे और महिलाएं श्रीराम जानकी मंदिर में इकट्ठा हुईं। भगवा, पीला वस्त्र धारण कर कलशयात्रा में शामिल भक्तों ने सिर पर कलश रखकर सरयू जल भरने भौरीगंज के लिये प्रस्थान किया। सीबीएन करनैलगंज बेलसर मार्ग राज मन्दिर होकर गाजे बाजे के साथ यज्ञ भगवान के गगनभेदी जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े। ध्यान दत्त मिश्रा ने बताया कि लोक कल्याणार्थ यह धार्मिक अनुष्ठान प्रति वर्ष हो रहा है। इस आठ दिवसीय आयोजित श्री इन्द्र महायज्ञ व विराट सन्त सम्मेलन में अयोध्या काशी मथुरा से संत विद्वत जन पहुंचकर संगीतमयी श्रीराम कथा, सत्संग प्रवचन करेंगे। बाद में धार्मिक अनुष्ठान व तीन अप्रैल को भंडारा उपरांत समापन होगा। शोभायात्रा में देवेंद्र दत्त मिश्रा, विकास मिश्रा, प्रदीप पाण्डेय, पंडित केदारनाथ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जल निगम की पाइप डालने को लेकर मारपीट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** वजीरगंज के सनौरा गाऊपुर थाना तारुन बाजार जनपद अयोध्या निवासी पंकज दूबे ने थाने पर दी गयी तहरीर में कहा कि वह जल निगम का कर्मचारी है। जगदीशपुर कटरा वजीरगंज में जल जीवन निगम के तहत पाइपलाइन लग रही थी तभी विपक्षी बच्छराज व अविनाश निवासी ग्राम वकील कुआं जगदीशपुर कटरा पाइप डालने की लाइन खोदने से मना करने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। एसओ अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

## मारपीट में दो महिला समेत आठ लोग हुए घायल

**परसपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में पुलिस ने दर्जनभर आरोपियों पर केस दर्ज किया है। मारपीट में दो महिला समेत आठ लोगों को चोटें आई हैं।

ग्राम बांसगांव थाना टिकैतनगर बाराबंकी के रहने वाले संजय सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार को उनका लड़का मुकेश सिंह, भाई राजू सिंह चरसड़ी गया था। तभी बहुवन मदार माझा के संतोष सिंह, प्रवेश सिंह आदि ने लाठी-डंडे से मारपीट की। वहीं ग्राम चरसड़ी की श्यामा ने रंजिश को लेकर हुई मारपीट में नामजद चार लोगों पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि मंगलवार को गांव के ही श्याम बारी, संतोष बारी, राकेश बारी आदि ने मारपीट की। बहू दीपा, नातिन शालू, पति बसंतलाल बचाने दौड़े, तो उन्हें भी मारा-पीटा। वहीं ग्राम नीबर पुरवा बहुवन मदार माझा के संतोष ने मारपीट में चार लोगों पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि रविवार को ग्राम बांसगांव के सर्वेश सिंह, राजू सिंह, मुकेश सिंह आदि ने शीशम का गोटा उठा ले जाने के विवाद को लेकर मारपीट की।

इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ितों के तहरीर पर नामजद दर्जन भर लोगों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रोड नहीं तो वोट नहीं, प्रदर्शन

संवाददाता, बेलसर


बेलसर के मछरहिया में सड़क पर पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रोड नहीं तो वोट नहीं पोस्टर के साथ ग्रामीणों ने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। मामला विकासखंड बेलसर के ग्राम पंचायत डिडीसिया कला के मछरहिया मजरे का है। यहां के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लगाकर सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। मजरा निवासी पुजारी वर्मा ने बताया कि उनके गांव की सड़क बसपा सरकार में तत्कालीन विधायक रमेश गौतम के कार्यकाल में बनवाई गई थी। सरकार बदल जाने के बाद आज तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। पृथ्वी नाथ आर्य ने बताया कि पूरे मजरे में एक घर सामान्य को छोड़कर दलित वा पिछड़ी निवास करते हैं। इसलिए जानबूझकर मजरे की सड़क नहीं बनवाई जा रही है। राम सागर पासवान ने बताया कि 2007 में सड़क का निर्माण हुआ था उसके बाद गांव के बाहर सड़क पर मरम्मत का कार्य कराया गया लेकिन नहर की पुलिया से हमारे घर तक आने वाली सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश में सड़क के ऊपर कमर तक पानी भरा रहता है जिससे आधे गांव का आवागमन प्रभावित हो जाता है। पारस नाथ वर्मा, राम मूरत वर्मा, केशरी लाल, राम केवल, संतराम, सुखी, गालर, ननकू ने सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## प्राण घातक हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार:** जानलेवा की घटना में वांछित चल रहे कौड़िया के बसभरिया गांव निवासी विनय कुमार तथा दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपित महापारा गाँव निवासी दिलशाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों में से आरोपित विनय कुमार के कब्जे से घटना में प्रयुक्त की गई कुदाल को भी बरामद किया गया है। उससे आगे भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपितों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है ताकि उनके खिलाफ अदालत की ओर से कार्रवाई की जा सके।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए लिया संकल्प

गोंडा कार्यालय


लोकतंत्र की मजबूती के लिए संकल्प लेते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक बृजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप योजना अंतर्गत शिक्षकों को शत-शत मतदान के लिए जन जागरण का संकल्प दिलाया गया।

इस मौके पर मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं साधन संपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अच्छा रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाट समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारा लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हम ईमानदार व चरित्रवान लोगों को चुनकर सदन में भेजेंगे जिस दिन ऐसा होगा उस दिन देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए प्रत्येक विद्यालय में मतदाता प्रशिक्षण क्लब की स्थापना की गई है। क्लब के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वह शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करें। जिससे मजबूत लोकतंत्र की स्थापना को बल मिले। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. शिवानंद नंदू, संयुक्त मंत्री राजेश सिंह, हरेंद्र यादव, गिरीश त्रिपाठी, संदीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार यादव, सैयद अब्दुल मुजीद, राजीव हेनरी, अंजू श्रीवास्तव, दीपा चौधरी, साधना चौधरी, चंद्रशेखर, सतीश चौधरी, उमेश चंद्र गुप्ता, कुंवर संजीव सिंह, अशोक कुमार नरेंद्र त्रिवेदी, राजेश्वर तिवारी, पारसनाथ पांडे, गोपाल सिंह, दिनेश सिंह, अर्चना कुमारी ज्योति शुक्ला, सुजीत श्रीवास्तव विनय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# संकल्प से ही प्राप्त होती है सिद्धि: रेखा बहन



होली मिलन समारोह में शामिल ब्रह्मकुमारी की बहनें। अमृत विचार


होली मिलन करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** नवाबगंज कस्बे में स्थित ब्रह्म कुमारीज़ सेवा केंद्र पर मंगलवार की शाम अलौकिक होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्नेह मिलन समारोह में बीके रेखा बहन ने भाई बहनों को रंगों के इस पावन पर्व पर आध्यात्मिक पक्ष का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

बीके बहनों के दीप प्रज्ज्वलित कर अलौकिक होली मिलन समारोह कार्यक्रम की शुरुआत की। केंद्र प्रभारी रेखा बहन द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संदेश में उन्होंने लोगों से जीवन में पवित्रता धारण करने का आह्वान करते हुए कहा कि योग के अग्नि में सच्ची होलिका को जलाकर अपने जन्म जन्मांतर के पापों को जलाकर भस्म कर आत्मा को निर्मल बना लें। एक राम के गुणों के गुलाल में स्वयं को रंग कर सबको रंग दें। मधुरता प्यार और स्नेह की मिठाई स्वयं भी खाएं और दूसरों को भी खिलाएं। इस मौके पर शिव बाबा को विशेष भी लगाया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात फिजां पूरी तरह फाल्गुनी हो गया। बहनों ने गुलाब के फूलों से सभी भाईयों बहनों पर वर्षा कर होली गीत के साथ साथ शुभकामनाएं दीं।

### रगड़गंज में होली मिलन समारोह का आयोजन

**बेलसर, अमृत विचार :** रगड़गंज कस्बे में कामेश्वर नाथ मंदिर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष क्षेत्र हरि सिंह ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि होली का त्यौहार वैज्ञानिकता की कसौटी पर आधारित है। हमारे युवाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि होली के त्यौहार में हमें एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। निखिल सिंह, शिव शंकर कौशल, रामकुमार कसौधन, अवधेश दुबे, पूर्व प्रधान रितेश सिंह पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रज्जन बाबा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह रहे।

# ग्राम न्यायालय के लिए जज नियुक्त

संवाददाता, करनैलगंज


करनैलगंज का तहसील भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्रामीण इलाकों के बाशिंदों को सस्ता और सुलभ न्याय मिल सके, इसके लिए करनैलगंज तहसील में ग्राम न्यायालय की स्वीकृति के बाद न्याय अधिकारी की नियुक्ति भी हो गई है। जिससे नागरिकों सहित अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के जो लोग छोटे मामलों के लिए भी जिला मुख्यालय की दौड़ लगाते हैं, उनको उनके क्षेत्र में ही सस्ता और सुलभ न्याय मिल सके। इसके लिए वहां पर भवन और अन्य व्यवस्था भी की जाएं। करनैलगंज तहसील परिसर में स्थित पुराने अधिवक्ता भवन में ग्रामीण अदालत बनकर तैयार है। सिविल जज अरुन गौतम की नियुक्ति भी हो चुकी है। बहुत जल्द ग्राम अदालत के संचालन की संभावना है। अब तहसील में ही न्याय मिल जाने से लोगों को 28 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहां पर ग्राम न्यायालय की स्थापना के लिए बार एसोसिएशन के अधिवक्ता हृदय नरायन मिश्र, त्रिलोकी नाथ तिवारी, धर्मेंद्र मिश्र, राम सुरेश तिवारी, अरविन्द शुक्ल, प्रताप बली सिंह, गोपाल जी तिवारी आदि संघर्ष कर रहे थे, जबकि जिला मुख्यालय के अधिवक्ता इसका विरोध कर रहे थे। उधर, इस मामले में एसडीएम भारत भार्गव का कहना है कि ग्राम न्यायालय की स्थापना के लिए भवन तैयार है। न्यायाधिकारी की भी नियुक्ति हो चुकी है। शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

# खिरौरा में मिली गंदगी, पानी का टोटा


शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर का निरीक्षण करतीं डीएम।

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** मतदान के लिए कार्मिकों के प्रशिक्षण, मतदान कार्मिकों की रवानगी व मतदान के लिए बनाए गए बूथों की डीएम ने बुधवार को सघन चेकिंग की। कई जगह खामियां मिलीं। खिरौरा मोहन प्राथमिक विद्यालय में भारी गंदगी मिली और पानी की सप्लाई बंद पाई गई। डीएम ने पांच अप्रैल तक सभी सुविधाएं मुकम्मल करने के निर्देश को दिए हैं।

बुधवार को डीएम नेहा शर्मा शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज पहुंची। अधिकारियों के साथ उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का विधिवत निरीक्षण किया। इस कॉलेज से गोंडा और कैसरगंज लोकसभा के करीब 26 सौ बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। यहां कई प्रशिक्षण भी कराए जाएंगे। इसके बाद यहां एक दर्जन से अधिक बूथ बनाए जाएंगे। डीएम ने पूरी व्यवस्था देखी और जो कमियां हैं उसे ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके बाद व बहराइच रोड स्थित जानकीनगर ग्राम पंचायत के स्कूल में पहुंची जो मतदान केंद्र है। ओवरब्रिज बनने तथा बीच ग्राम पंचायत में रेलवे लाइन निकलने से मतदाताओं को आने जाने में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। नाली चोक होने पर उन्होंने फटकार लगाई। इसके बाद खिरौरा मोहन प्रावि पहुंचीं। यहां गंदगी देखकर कहा कि लगता है कि यहां वर्षों से सफाई नहीं की गई है।

# गल्ला मंडी के सड़कों व चबूतरों का होगा निर्माण

गोंडा कार्यालय


मंडी स्थल का चबूतरा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवीन गल्ला मंडी में बने नीलामी चबूतरा, दुकान, सड़क व सरकारी आवासों का मरम्मत होगा। इन कार्यों को कराए जाने को लेकर मंडी सचिव की ओर से उपनिदेशक निर्माण को प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है जल्दी प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।

गोंडा- बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में बना सरकारी आवास जर्जर हो गया है। मंडी परिसर की सड़के टूट गई है । नीलामी चबूतरा इस तरीके से जर्जर हुआ है कि खाद्यान्न रखने के लायक जगह नहीं बची है। इसको देखते हुए मंडी के व्यापारियों की मांग पर मंडी सचिव की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है । मंडी में जो नीलामी चबूतरा है जिस पर किसानो के उपज को रखकर बोली लगाई जाती है। वह पूरी तरीके से खराब हो गया है । इस चबूतरे पर गेहूं, धान की खरीद भी होती है । सरकारी केंद्र स्थापित किए जाते हैं । धान खरीद में कि केंद्र पर रखे धान को चूहा ने कुतर कर खराब कर दिया था। इसकी शिकायत केंद्र प्रभारियों की ओर से मंडी सचिव से की गई थी। जब कई व्यापारियों ने दुकानों के छत् के जर्जर होने की बात कही।

सड़क टूटी होने की वजह से जल भराव भी हो जा रहा है। इस लेकर मंडी व्यापारियों में आक्रोश था, व्यापारियों का कहना है कि व्यापार करते हैं और शुल्क देते हैं लेकिन मंडी प्रशासन की ओर से संसाधन पूरी तरीके से नहीं मिल पाता है। टीन सेड मंडी के खराब हो गये है। पानी टपकने का डर लगा रहता है। कई बार तो खाद्यान्न खराब होने की नौबत हो जाती है। इसी तरीके से जब बरसात में सड़कों पर जल भराव होता है तो यातायात व्यवस्था प्रभावित हो जाती है। मंडी के व्यापारी जब अपने खाद्यान्न को बाहर भेजते हैं तो बरसात के मौसम में काफी आसुविधा का सामना करना पड़ता है।

कर्मचारियों के लिए बना आवास भी काफी जर्जर हो गया है। कहीं कहीं के तो टपकने की स्थिति है, जिससे कर्मचारी परेशान होते हैं। व्यापारियों की मांग पर मंडी सचिव की ओर से निर्माण को प्रस्ताव भेजा गया है। नवीन गल्ला मंडी के सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि मंडी परिसर में स्थित सरकारी आवास, नीलामी चबूतरा, कुछ दुकानें व सड़कों के मरम्मत को लेकर मंडी निर्माण को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्दी प्रस्ताव के पास होने का मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।

### इसी मंडी के चबूतरे पर होगी मतगणना की व्यवस्था

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर सुविधाओं व व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारी रोज भ्रमण कर जानकारी ले रहे हैं। गोंडा लोकसभा की चार व कैसरगंज लोकसभा की तीन विधानसभा क्षेत्रों में पड़ने वाले वोटों की गिनती नवीन गल्लामंडी स्थल पर ही होती है। चार जून को मतगणना किसानों के लिए बने चबूतरे पर मतगणना टेबल लगाकर की जाएगी। इससे पहले मंडी में प्रवेश गेट से लेकर चबूतरों तक तथा बने चबूतरों की मरम्मत की जाएगी। यह कार्रवाई अप्रैल तक पूरा किया जाना है।

## एक नजर

### कार्यक्रम अधिकारी ने किया गांव का भ्रमण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रमाधिकारी राजेश सोनी ने ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरखापुर का स्थानीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत हो रहे जलाशय के सुंदरीकरण व खड़ंजा निर्माण में लगे श्रमिकों के बारे में जानकारी हासिल की।

### राजकीय नलकूप स्थापित करने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत मंगल नगर में राजकीय नलकूप की स्थापना न होने से अधिकांश किसानों को फसल सिंचाई में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान धनुर्धर पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से मिलकर ग्राम पंचायत में राजकीय नलकूप की स्थापना कराये जाने की मांग की है।

### अश्लील हरकत करने पर युवक गिरफ्तार

**कौड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को शौच के लिए गई लड़की को पकड़कर आपत्ति जनक हरकत के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि पाक्सो एक्ट में वांछित युवक को निबिहा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है।

### किसानों को 50 लाख रुपये का ऋण वितरित

**रुपईडीह, अमृत विचार :** बीते एक मार्च से अब तक किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर में 17 किसानों का नवीनीकरण कर 22 लाख पचास हजार रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि उक्त योजना के तहत नवीनीकरण के लिए प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच शाखा के सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल द्वारा की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज में तीन दिन में 10 की मौत

## प्रतिदिन भर्ती हो रहे फेफड़े और सांस लेने में दिक्कत के मरीज, 47 भर्ती, ओपीडी में आ रहे सैकड़ों मरीज

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव हो रहा है। ऐसे में बुजुर्ग व बच्चों में सांस लेने की समस्या बढ़ रही है। होली के त्यौहार के बाद फेफड़ों के संक्रमण सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्या बढ़ गई है। मेडिकल कॉलेज के आंकड़ों के हिसाब से पिछले तीन दिनों में 10 मौतें हुई हैं, इनमें से अधिकांश बुजुर्ग हैं। जिनको सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था।



बुजुर्ग की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

फिलहाल करीब 1200 मरीज प्रतिदिन ओपीडी में आ रहे हैं। मौसम में बदलाव से संक्रमण का प्रकोप बढ़ा है। निमोनिया का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। विभिन्न वार्डों में 47 से अधिक सांस रोगी भर्ती हैं। ओपीडी में बुखार, खांसी व सांस के रोगियों की संख्या बढ़ी है। बुधवार को 1200 से अधिक मरीज इलाज कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचे। तीन दिनों में 10 मरीजों की मौत हुई है जिनके फेफड़े में संक्रमण व सांस लेने में दिक्कत की वजह से 24 मार्च को नेवलगंज के रविशंकर पांडेय, प्यारी सिंह, खोरहंसा भटपुरवा के विद्यासागर की मौत हो गई। 25 मार्च को तरबगंज के राम चंदर, मनकापुर चौकनिया की सुंदर पति, बकरहा के अमिरिका प्रसाद की मौत हो गई। सुंदरपति को निमोनिया की समस्या थी।

26 मार्च को विशुनपुर बैरिया की सोना देवी, कर्नलगंज के सुजीतपुरवा की शिवानी, रानी बाजार की कृष्णावती, पेदमपुर की नहमुन्निशा की मौत हो गई है। डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि मौसम के बदलते समय बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। सांस लेने में यदि कठिनाई हो तो तत्काल चिकित्सक को दिखाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लापरवाही भारी पड़ सकती है।

# खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण की एसपी से शिकायत

**कौड़िया बाजार, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत रामापुर के मजरा जोलाहनपुरवा में गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा खलिहान, गली व रास्ते की जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की शिकायत महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामापुर के मजरा जोलाहन पुरवा निवासिनी हुस्न बानो व करियन जहां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के पास खलिहान की जमीन है। जहां पर सभी लोग अपनी खेत की फसल की मड़ाई करते हैं। जिस पर गांव के ही निबरे व शाहजहां द्वारा खलिहान व मोहम्मद अयूब व नूर जहां द्वारा गली व रास्ते की जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण कराया गया है।

महिलाओं ने आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग किया है। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि इसकी जानकारी हमें नहीं है। अगर शिकायत मिली तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मांगलिक कार्यक्रम में डांस को लेकर मारपीट

**धानेपुर, अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के दुल्हापुर बनकट गांव में मंगलवार की रात को आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में डांस करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को रात में ही थाने लेकर चली गयी।

बुधवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के दुल्हापुर बनकट गांव के रहने वाले अमरजीत बरुवार के घर मंगलवार की रात को आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में लोगों का आमंत्रित किया गया था। समारोह में लोग डांस कर रहे थे और इसी दौरान दो लोगों के बीच विवाद हो गया। दोनों में मारपीट हो गई। मारपीट में कई लोग चोटिल हो गए। इस बात की सूचना किसी ने डायल 112 पुलिस को दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई। बुधवार को सभी का चालान कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि एक पक्ष के अमरजीत बरुवार व उसके बेटे शनि बरुवार तथा दूसरे पक्ष के समरजीत व जीव धरखन को गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है। इसके अलावा मोतीगंज थाना क्षेत्र के बनगाई गांव के रहने वाले विशाल वर्मा व श्रीनगर बाबागंज के रहने वाले माया प्रसाद व अजय कुमार का चालान किया गया है।

# तैयारी: तीन दिन में तैयार करना होगा रिपोर्ट कार्ड

## परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं खत्म, एक अप्रैल से लागू होगा नया सत्र, 31 तक रिजल्ट वितरण चुनौती

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं बुधवार को खत्म हो गयीं। परीक्षा के अंतिम दिन कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा हुई जबकि 6 से 8 तक के बच्चों ने खेल एवं स्वास्थ्य, गृह शिल्प व कृषि विज्ञान की परीक्षा दी। परीक्षा से बच्चे उत्साहित नजर आए। अब शिक्षकों को कापियों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट कार्ड तैयार करना है। शैक्षिक सत्र खत्म होने में अब सिर्फ तीन दिन बचे हैं। ऐसे में तीन दिन के भीतर बच्चों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर उन्हें वितरित करना बड़ी चुनौती है।

बेसिक शिक्षा विभाग के 2609 परिषदीय स्कूलों में 3.60 लाख




उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

नौनिहालों की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से प्रारंभ हुई थीं। बुधवार को अंतिम दिन एक से पांचवीं तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा करायी गयी। शिक्षकों ने बच्चों से सवाल जवाब कर उनके शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन किया। बच्चों ने भी अपनी क्षमता के अनुसार उत्तर दिया 6 से 8 तक के बच्चों ने खेल एवं स्वास्थ्य, गृह शिल्प व कृषि विज्ञान की परीक्षा दी परीक्षा खत्म होने के साथ ही अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर बच्चों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाना है। चालू शैक्षिक सत्र में अब सिर्फ तीन दिन बचा है। इसमें भी 29 मार्च को गुड फ्राइडे व 31 मार्च को रविवार की छुट्टी है। अब सिर्फ बृहस्पतिवार का समय ही शिक्षकों के पास बचा है। ऐसे में छुट्टियों के बीच मूल्यांकन कार्य पूरा करना और रिपोर्ट कार्ड तैयार करना बड़ी चुनौती है। हालांकि शिक्षक रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में जुटे हैं। लगातार परीक्षाओं के बीच परीक्षा परिणाम जारी करना कठिन है। लेकिन प्रयास है कि समय से उसे जारी कर दिया जाए। उधर एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ ही नए सत्र के पहले दिन ही नई किताबें भी विद्यार्थियों को दी जाएगी। जिला समन्वयक प्रशिक्षण हरि गोविंद यादव का कहना है कि परीक्षा खत्म हो गयी है। रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है। समय से रिपोर्ट कार्ड के वितरण कार्य पूरा किया जायेगा।

# जश्ने कुरान जलसे का आयोजन

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** गाड़ी बाज़ार स्थित नई मस्जिद में मंगलवार की रात तरावीह में क़ुरान का पाठ पूर्ण होने पर जलसे का आयोजन किया गया। संचालन अबरार ने किया। जलसे की शुरुआत कामरान अंसारी ने नात पाक पढ़कर की उसके बाद इमाम नई मस्जिद व अध्यापक मदरसा ख़ादिमूल उलूम मौलाना रिज़वानुल्लाह ने क़ुरान के हवाले से संक्षेप में सम्बोधन व ईमाम ईदैन शमीम अहमद अच्छन ने रमज़ान और क़ुरान से संबंधित विस्तार से प्रकाश डाला उनके बाद गोंडा मदरसा फुरक़ानिया के वरिष्ठ अध्यापक मुफ़्ती परवेज़ अख्तर ने क़ुरान और रमज़ान की महत्व जैसे रोज़ा का हमारे शरीर पर प्रभाव,



तरावीह के दौरान मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

इसके फायदे आदि का विस्तृत वर्णन करते हुए दुआ कराई और जलसे को अंतिम चरण तक पहुँचाया। तरावीह में हाजी मो. जुनैद, हाजी मो. हसनैन, मो. मुस्तकीम, हाजी मो. जुबेर, कारी उबैदुल्लाह, मो. याक़ूब शेख, इलियास सभासद, रहमत अली, मो. अकरम, चांद बाबू, मो. दानिश, मो. अनस, डॉ. फरीद खान, हाजी वसीम, अबुज़ैद, अबूसाद, मो. आमिर, मो. अहमद, हाफिज़ इमरान, मो. कैश, असद अंसारी, ज़ीशान, डॉ. शकील, ज़ाकिर व सभी नमाज़ियों ने मौलाना को फूल माला पहनाकर जलसे का समापन किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, कौड़िया बाजार

**अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक गांव में नाबालिग संग दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोरी जब शौच के लिए गयी थी तब गांव के ही एक किशोर ने उसके साथ रेप किया। पीडिता ने घर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी तो परिजन थाने पहुंचे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी जब शौच के लिए घर से बाहर गयी आती तभी गांव के ही एक किशोर ने उसके साथ जबरदस्ती की। बेटी ने वापस लौटकर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी भी नाबालिग है इसलिए उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। वहीं पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महिला से छेड़खानी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के एक गांव की शादीशुदा महिला ने उमरी थाने पहुंचकर अतुल तिवारी पुत्र जमुना तिवारी के खिलाफ प्रताड़ित करने भद्दी भद्दी गाली गलौज देने व अकेला पाकर अश्लील बात करने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। बच्चों को भी गाली गलौज व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने का भी आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की जिसके बाद उमरी थाने में प्रतिवादी अतुल तिवारी के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### 50 हजार रुपये बकाया बिल जमा कराया

**रुपईडीह, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित बिजली कर्मियों की टीम ने कस्बा आर्यनगर नगर में 27 उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच कर पचास हजार रुपए का बकाया बिल जमा किया। टीम में अमरजीत, जितेंद्र तिवारी, इंदल शुक्ल, नागेश्वर मौर्य व संजय पांडे शामिल रहे।

### कैंटीन का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचे लोग



छत का गिरा प्लास्टर। अमृत विचार

**धानेपुर, अमृत विचार :** मुजेहना ब्लॉक में संचालित प्रेरणा कैंटीन की साफ सफाई करते समय छत का प्लास्टर भरभरा कर जा गिरा। जिससे बाल बाल लोग बच गए। मुजेहना ब्लॉक परिसर में ही ब्लॉक मिशन प्रबंध इकाई कार्यालय के बगल ही एक कमरे में प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। बुधवार की शाम को कैंटीन बंद करते वक्त संचालक पवन की ओर से छत में लगा जाला की साफ सफाई के लिए झाड़ू लगाना शुरू किया था, इसी दौरान छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान उसके नीचे कोई नहीं था। आसपास खड़े लोग बाल-बाल बच गए।

### प्रधान संघ अध्यक्ष ने प्रधानों को लिखा पत्र

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व में ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा स्वच्छ प्रत्याशी चयन के लिए युवाओं को प्रेरित किया जाना जरूरी है। इसके लिए गांवों में जागरूकता की जरूरत है। इसे सभी प्रधान दलगत भावना से ऊपर उठकर बखूबी निभा सकते हैं। यह बात ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने कही। उन्होंने जनपद के सभी ग्राम प्रधानों को पत्र लिखकर अपने-अपने ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान चलाकर शत- प्रतिशत मतदान कराए जाने की अपील की है। त्रिपाठी ने बताया कि हमारे प्रधान साथी जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे जिससे जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

### केस वापस करने की मांग को लेकर की बैठक



तहसील करनैलगंज में बैठक करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बुधवार को दोपहर में तहसील संघ भवन में अधिवक्ताओं की एक बैठक अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी व महामंत्री ओमप्रकाश यादव के अध्यक्षता में की गई। पूर्व में 18 मार्च को नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह की तरफ से पांच अधिवक्ताओं के खिलाफ लिखाए गए मुकदमे को लेकर चर्चा हुई। जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उस समय नायब तहसीलदार ने पत्र में मुकदमा वापस लेकर सुलह समझौता स्थापित किया था। किंतु अब तक मुकदमा समाप्त करने की कोई कार्यवाही नही की गई है। अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम की जिम्मेदारी है कि आवश्यक कार्यवाही कर मुकदमा एक सप्ताह के अंदर वापस करवाएं। अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि अगले बुधवार तक अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन की गति तेज की जाएगी।

### बोर्ड की बैठक के निर्णय का पालन न करने की शिकायत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** सहकारी गैस एजेंसी का विवादों से नाता हटने का नाम नहीं ले रहा है। अब संचालक बैठक मंडल के निर्देश का पालन न करने की शिकायत की गई है। पड़री कृपाल ब्लॉक क्षेत्र के सेमरा दम्मन गांव के रहने वाले रामसरन शर्मा ने जिलाधिकारी समेत अन्य उच्चाधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बड़गांव स्थित सहकारी गैस एजेंसी समिति के सचिव व अन्य कर्मचारियों ने पूर्व में संचालक मंडल बैठक में बोर्ड के लिए गए निर्णय का पालन नहीं कर रहे हैं। वह गैस गोदाम का किराया भी नहीं जमा कर रहे हैं। रामशरन शर्मा ने बताया कि वह रेलवे इंप्लाइज कंज्यूमर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी बड़गांव के पूर्व सभापति रह चुके हैं। पूर्व में गैस गोदाम को एग्रीमेन्ट के तौर पर किराये पर लिया गया था। गोदाम का किराया भुगतान न होने पर संचालक मंडल बोर्ड की बैठक हुई थी, जिसमें यह निर्णय किया गया था कि कामर्शियल गैस की बिक्री कर धनराशि समिति के बैंक खाते में जमा किया जाएगा जिससे गोदाम का किराया जमा हो सके। लेकिन संचालक मंडल बोर्ड बैठक का न तो पालन हुआ और न ही गोदाम का किराया जमा हो सका।

# यूपी बोर्ड: पांच लाख उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। बुधवार को हाईस्कूल की 33626 व इंटरमीडिएट की 37292 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। ज़िले के चारों मूल्यांकन केंद्रों पर अब तक 513992 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा किया जा चुका है। अब सिर्फ 75602 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रह गया है। उम्मीद है कि इसे भी बृहस्पतिवार तक पूरा कर लिया जायेगा।

यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिले के



मूल्यांकन करते शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। इनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की व राजकीय इंटर कॉलेज व सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा रही हैं। 31 मार्च तक मूल्यांकन का कार्य पूरा किया जाना है। 16 मार्च से प्रारंभ हुआ मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। बुधवार को कुल 70918 कापियां जांची गयीं। इनमें हाईस्कूल की 33626 व इंटरमीडिएट की 37292 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि जिले को कुल 6.31 लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का लक्ष्य मिला था। इनमें से हाईस्कूल की 3 लाख 3 हजार 43 व इंटर की 2 लाख 86 हजार 551 उत्तर पुस्तिकाएं केंद्रों को आवंटित की गयी थीं।

मूल्यांकन कार्य के लिए 2441 परीक्षक व 254 डीएचई की ड्यूटी लगाई गयी है। अब तक हाईस्कूल की 2 लाख 61 हजार 606 व इंटर की 2 लाख 52 हजार 386 कापियों समेत कुल 5 लाख 13 हजार 992 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। अब सिर्फ 75 हजार 602 कापियां जांचने के लिए शेष बची हैं। उम्मीद है कि उनका मूल्यांकन भी बृहस्पतिवार तक पूरा कर लिया जायेगा।

### अगवा की गयी किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर इलाके की रहने वाली एक नाबालिग को अगवा कर ले जाने के आरोपी लखीमपुर खीरी निवासी युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद कर लिया है। लखीमपुर खीरी जिले का रहने वाला एक युवक धानेपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुर में एक व्यक्ति के यहां पिछले कई वर्ष से रहकर मजदूरी करता था। एक माह पूर्व थाना क्षेत्र के ही बगल ग्राम पंचायत की रहने वाली एक नाबालिग को अपने साथ भगा ले गया था। मामले में किशोरी के चाचा की ओर से आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बाबागंज बस स्टैंड पर मौजूद है और कहीं भागने के फिराक में है। इस पर उप निरीक्षक रुदल प्रसाद दूबे की पुलिस टीम ने कस्बा बाबागंज के बस स्टॉप के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# इंजेक्शन लगवाने गए अधिवक्ता से मारपीट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** सीएचसी पर एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने गए अधिवक्ता ने सीएचसी अधीक्षक समेत आठ स्वास्थ्यकर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के कोनगवां निवासी अधिवक्ता मनोज मौर्य ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया कि विगत 19 मार्च को कुत्ता काटने के बाद सीएचसी पड़री कृपाल पर इंजेक्शन लगवाने गया था। सवा नौ बजे पर्चा कटवाने के बाद 10 बजकर 39 मिनट तक इंजेक्शन नहीं लगाया गया। जब उन्होने इस पर ऐतराज जताया तो उनके साथ मारपीट की गयी।अधिवक्ता ने सीसीटीवी कैमरे के जरिए सभी आरोपियों को पहचान करने का दावा किया है। देहात कोतवाल डीके श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. पूजा जायसवाल ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों से विवाद की जानकारी हुई थी, लेकिन संबंधित व्यक्ति ने उन्हें कोई लिखित शिकायत नहीं दी। घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन

## प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवा बख्तावर के बच्चों की खूब हुई सराहना

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त शिक्षक व सीडीपीओ के विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवा बख्तावर के बच्चों को बुधवार को प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष की तरफ से सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा ने बताया कि गत दिवस स्कूल के बच्चों ने वरिष्ठ शिक्षक बांके प्रसाद मिश्र व बाल विकास परियोजना अधिकारी झंझरी धर्मेंद्र गौतम के विदाई समारोह में शामिल



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किया था। समारोह में प्रतिभाग करने वाले बच्चों अनुष्का यादव, नैंसी पांडेय, जरीन, हर्ष सोनी, अंश शर्मा, शुभम, वीरेंद्र, महक, वंदना, मानवी, रिमझिम, चंचल, माही, अर्पिता, मिस्ठी, अमन, रूद्र, अयान, कंचन, काव्या, छवि व परी को प्रधानाध्यापक रूबी खातून तथा स्कूल के शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षिका सुमन श्रीवास्तव, दीपावली वर्मा, शिक्षामित्र अंजनी गिरी, उषा देवी व कुमुद शुक्ला उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### हिमाचल पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा

**बहराइच :** भारत नेपाल सीमा पर स्थित सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने तीन दर्जन चोरी के मोबाइल बरामद की। यह मोबाइल हिमाचल प्रदेश से चोरी हुई थी। एसएसबी की सूचना पर हिमाचल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मोबाइल और चोरी करने वाले लोगों को अपने साथ लेकर चली गई है।

### जिला अस्पताल में मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**श्रावस्ती :** सयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के परिसर में मगलवार को रैन बसेरा के सामने मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त बुधवार को की गई। भिनगा के मोहल्ला सत्ती चौरा निवासी नंदकिशोर अपने पुस्तैनी मकान में रहता था। परिवार के अन्य लोग लखनऊ में रहता है। नंदकिशोर अक्सर बीमार रहता था। कोतवाली पुलिस की सूचना पर मृतक के भाई सुशील कस्यप व अन्य परिवार के लोगों ने भिनगा पहुँचकर शव की शिनाख्त की। शिनाख्त के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोग घायल

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के पिपरा पुल के पास हुए दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं भुजंगा पुल पर हुए दुर्घटना में मां बेटा घायल हो गए। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा अकबरपुर निवासी भूरे अपनी मां फुल्का को लेकर भिनगा जिला अस्पताल आ रहा था। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के पिपरा पुल के पास बाइक में तेल भरवाने के लिए जैसे मुड़े तभी गोंडा जनपद खरगूपुर बाजार निवासी पवन तेज रफ्तार में आ रहे थे। अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित को गई और भूरे के बाइक में जोरदार ठोकर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी तरह सिरसिया थाना क्षेत्र के गोपीपुरवा निवासी सुरेश यादव अपनी मां सावित्री के साथ भिनगा आ रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार मां बेटा घायल हो गए।

# डीएम ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**जायजा**

- शिकायतकर्ताओं से डीएम ने बात कर अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच



निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण करतीं डीएम।

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्ट्रेट में स्थित कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सी-विलिज, हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को परखने के लिए शिकायतकर्ता रोली, ऋषभ जायसवाल, पुष्पा देवी, विनोद कुमार, तौसीफ व छाया सिंह इत्यादि से मोबाइल पर वार्ता करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। ईपिक न प्राप्त होने के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि डाकघरों से समन्वय कर मतदाताओं को ईपिक की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह व उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा मौजूद रहे।

# स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल

बहराइच



कोतवाली देहात के लखनऊ मार्ग पर स्टंट करते युवा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के डीएम चौराहे से लखनऊ मार्ग तक कार से स्टंट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस स्टंटबाजों की तलाश कर रही है।

कोतवाली देहात के डीएम चौराहे से लखनऊ मार्ग स्थित बंजारी मोड़ तक एक कार से लोगों को स्टंट करते देखा गया है। कार के दोनों साइड में तीन युवक खड़े हुए हैं। जबकि कार को अन्य चला रहा है। शहर में स्टंट करते हुए युवक तेज रफ्तार में लखनऊ की ओर जा रहे हैं। लेकिन डीएम चौराहा, केडीसी तिराहा के निकट मौजूद ट्रैफिक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे लोगों पर कार्यवाई न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। इस मामले में कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी हुई है।

स्टंट करने वाले लोगों की तलाश की गई। डीएम तिराहा से लेकर डीगिहा तक तलाश की गई, लेकिन अभी सवार किसी गली से निकल गए। जिससे उन्हें पकड़ा नहीं जा सका है। कोतवाली नगर पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा हैं।

# टयूशन से घर लौट रही बालिका को कुत्तों ने नोंचा

## ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर कुत्तों को खदेड़ा, बची जान

संवाददाता, बहराइच



मेडिकल कॉलेज में भर्ती कुत्तों के हमले में घायल बालिका। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ननिहाल में रह रही सात वर्षीय बालिका मंगलवार देर शाम टयूशन पढ़ घर आ रही थी। रास्ते स्थित बाग में मौजूद कुत्तों के झुंड ने बालिका पर हमला कर नोंच डाला। कुत्तों के हमले पर ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर लाठियों को बरसाकर कुत्तों को खदेड़ कर बेटी की जान बचाई। आनन-फानन में एंबुलेंस से बेटी को शहर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के मनवरिया भौजा गांव निवासनी सात वर्षीय तबस्सुम उर्फ गुलाबो पुत्री सलमान अपनी ननिहाल मटेरा थाने के बुलबुल नेवाज गांव में रह रही है। मंगलवार शाम वह टयूशन पढ़ अपनी सहेलियों के साथ ननिहाल स्थित आवास आ रही थी। वहां बाग में सभी सहेलियां खेलने लगी। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने तबस्सुम पर हमला कर उसे नोचने लगे। सहेलियों के शोर पर ग्रामीण लाठियां डंडे लेकर दौड़े। कुत्तों पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसा कर कड़ी मशक्कत से खदेड़ा गया। जानकारी मिलते ही ननिहाल से नानी मोमिना व अन्य परिजन दौड़ कर पहुंचे। एंबुलेंस मंगाकर गंभीरावस्था में घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि बालिका का इलाज बेहतर चल रहा है। इलाज के द्वारा बालिका की हालत में सुधार है।

## 22 वर्षीय युवक की तालाब में डूब कर हुई मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीरामपूरवा में 22 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने अथक प्रयास के बाद लाश को तालाब से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया। सोनवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिकौली के मजरा तुलसीरामपुरवा निवासी ननकू पुत्र बछराज उम्र 22 वर्ष रोज की तरह मंगलवार को भी गांव में ही स्थित एक तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाते-नहाते ननकू गहरे पानी में चला गया और पानी में पहले सेवार मे फंस गया। आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने ननकू के घर वालों को इसकी सूचना दी। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सोनवा पुलिस नें ननकू को निकालने का पूरा प्रयास किया लेकिन लगभग 4 घंटे तक कड़ी मस्कत के बाद शव मिल सका। काफी प्रयास के बाद किसी तरह ननकू का शव पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया।

# मानव जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी

रुपईडीहा, बहराइच



नगर पंचायत में आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में संगठन प्रतिनिधियों ने जल पर्यावरण संरक्षण को मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सीमाई इलाकों में अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण एवं उनके संरक्षण की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार भी किया गया।

नमामि गंगे प्रकल्प की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष व प्रकल्प संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि संगठन की ओर से सीमावर्ती इलाकों के मठ मंदिर विद्यालय चिकित्सालय एवं नदी सरोवर के तटीय इलाकों में हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण व उनके जन-सहयोग से संरक्षण की दूरगामी योजना बनाई जा रही है। प्रकल्प संरक्षक ने आवाहन करते हुए कहा कि हम सब का दायित्व है कि जल संरक्षण के लिए कुआँ, सरोवर व तालाबों व को संरक्षित किया जाए तथा तटीय इलाकों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का ही रोपण किया जाए। समाजसेवी शेर सिंह ने रुपईडीहा में अमृत पेय जल योजना में अकारण बाधा पहुचाने वाले विभागीय कर्मियों तथा अधिकारियों पर प्रभावी कार्यवाही की मांग की। वृक्षारोपण महाअभियान में हर सम्भव सहयोग का वायदा किया। विकासखण्ड संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्र ने संगठन की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण महाअभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए गाँव-गाँव में चौपाल आयोजित करने की बात कही। नेपाल से आये पर्यावरण विद मनोज राजा श्रीवास्तव ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए दोनों देशों के समाजसेवियों व पर्यावरण विदों के साथ साझा कार्ययोजना बनाए जाने की बात कही।

कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक अनिल वर्मा तथा अध्यक्षता शिक्षाविद बृजनरेश श्रीवास्तव ने किया।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान नेता यशवंत वर्मा, डॉ० हरिश्चंद्र, शेरू वर्मा, राकेश कुमार व विकासखण्ड प्रकल्प संरक्षक मनीराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे छात्र



छात्रों को मतदान के लिए शपथ दिलाते शिक्षक।

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोगाही में बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ ली।

खंड शिक्षा अधिकारी फखरपुर अनुराग कुमार मिश्रा के निर्देशन में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जन सामान्य को अपने मतदाता के कर्तव्यों का निर्वहन करने और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोगाही बटुरहा मे प्रधानच्यापिका परवीन अख्तर की देखरेख मे मतदाता जागरूक ता शपथ आयोजित की गयी। प्रार्थना स्थल पर छात्र/ छात्राओं को विद्यालय के सहायक अध्यापक एसके चौबे ने संविधान द्वारा दिये गये मतदान के अधिकार प्रजातन्त्र मे मतदाता और मतदान का महत्व के बारे मे समझाया गया। बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गयी, बच्चे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, मतदान के दिन अपने माता पिता बडे भाई बहन पडोस के अहर्ता रखने वाले मतदाताओं से मतदान करने की जिद करेंगे और बहराइच के मतदान प्रतिशत को बढायेंगे। इस अवसर पर परवीन अख्तर, विवेक सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# जवानों को फिट रहने के लिए लगवाई दौड़



श्रावस्ती

**अमृत विचार:** बुधवार को क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर परेड की सलामी ली एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। शारीरिक व्यायाम के बाद पुलिस उपाधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में बने क्वार्टर गार्द, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने आदेश कक्ष में पहुंचकर गार्द रजिस्टरों को चेक किया तथा गार्द की सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# चुनाव में लगे कार्मिकों को डाक मतपत्र की मिलेगी सुविधाः डीएम

**श्रावस्ती , अमृत विचार :** डीएम कृतिका शर्मा ने बताया है कि चुनाव में ड्यूटी पर नियुक्त कार्मिकों को अपने मताधिकार के उपयोग हेतु डाक मत पत्र एवं ईडीसी की सुविधायें दी जाएंगी। चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मी जिस मतदान केन्द्र पर है यदि मतदाता के तौर पर वहीं दर्ज है तो निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र या फिर डाक मतपत्र की सुविधा के के लिये वह पात्र है। मतदान दलों के कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ऐसे कर्मचारी जो जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालयों, कन्ट्रोल रूम और निर्वाचन सम्बन्धी अन्य कार्यालयों में तैनात है, माइको प्रेक्षक, सभी पुलिसकर्मी, होमगार्ड, चालक, परिचालक और वाहनों के क्लीनर, वीडियोग्राफर एवं वेबकास्टिंग कार्मिक जो निर्वाचन कार्यों में कार्यरत है, वे सभी डाक मतपत्र सुविधा के पात्र है। उन्होने यह भी बताया कि जो कर्मी दूसरे क्षेत्र में तैनात है वे कर्तव्य प्रमाण-पत्र सुविधा हेतु पात्र होगें। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ईडीसी हेतु पात्र कार्मिक/व्यक्ति द्वारा प्रारूप-12क पर लिखित आवेदन सम्बन्धित संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर (सम्बन्धित संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि से कम से कम 04 दिवस पूर्व) को प्रस्तुत किया जायेगा। प्ररूप-12क के साथ निर्वाचन ड्यूटी की प्रति, मतदाता पहचान पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। डाक मतपत्र की सुविधा प्राप्त किये जाने हेतु निर्धारित प्ररूप-12 पर लिखित आवेदन सम्बन्धित संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर को (सम्बन्धित संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि से कम से कम 07 दिवस पूर्व) प्रस्तुत किया जाना होगा।

## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

3. 1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।

4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।

7. 1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।

8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

**ऊपर से नीचे**


1. गुड़गुड़ शब्द होना।

2. 1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।

3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।

5. 1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति,विद्यमानता 3. सम्मुखता,सामना।

6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।



## वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दू | ■ | ■ | ■ | 2 रू | ■ | 3 वि |
| का | ■ | 4 दु | ■ | हा | ■ | रो |
| न | ■ | नि | ■ | 5 नि | बो | ध |
| ■ | 6 ह | या | ल | य | ■ | ■ |
| ■ | ■ | दा | ■ | 7 त | 8 मा | चा |
| 9 अ | भि | र | त | ■ | नि | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 10 दा | द | रा |

## सुडोकू -101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

## सुडोकू -100 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18 .56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-स्वाती 18 .38 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृष:** आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

**मिथुन:** आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

**कर्क:** आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

**सिंह:** आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**कन्या:** आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**तुला:** आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

**वृश्चिक:** आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

**धनु:** आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मकर:** आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**कुंभ:** आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मीन:** आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies: बादशाह सुबह : 11.00; वीरगति रात : 07.00

Sony Pix: रेडी प्लेयर वन सुबह : 10.09; जिओस्ट्राम रात : 09.00

&pictures: एक विवाह ऐसा भी सुबह : 11.03; गजनी शाम : 04.18

Zee Cinema: नो प्रॉब्लम सुबह : 09.05; डॉन रात : 08.25

Colors Cineplex: ब्रदर्स सुबह : 09.47; दसवीं रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है, महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!



**17वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.28 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.41 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष बने डॉ जितेन्द्र



**बहराइच, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व क्षत्रिय समाज की कार्यकारिणी की बैठक अधिवक्ता केवी सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. जितेन्द्र सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बहराइच / श्रावस्ती का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में अजीत प्रताप सिंह, दिनेश सिंह,आदित्य भान सिंह ,करमवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशीष सिंह, मानवेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, राजीव सिंह, सुनील सिंह, मनीष सिंह, प्रहलाद सिंह, आदि उपस्थित रहे। बैठक में अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा नें 31 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने निर्णय लिया गया है।

# अधिक से अधिक लोग मतदान कर लोकतंत्र को बनाएं मजबूत

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सोहरवा, धरमनपुर एवं बौडी फतेउल्लापुर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाया तथा ग्रामवासियों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मतदाता सूची व रूटचार्ट का सत्यापन भी किया।

डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। डीएम ने मतदान केन्द्र सोहरवा, धरमनपुर एवं बौडी फतेउल्लापुर के निरीक्षण के दौरान पाया कि मतदाता पहचान पत्र का डाकियों द्वारा समुचित रूप से वितरण नहीं किया जा रहा है इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डाकियों को निर्देश दिए गए है कि शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्रों का वितरण सुनिश्चित कराए अन्यथा वस्तु स्थिति से निर्वाचन आयोग को अवगत करा दिया जायेगा। उन्होनें इस सम्बंध में तहसील प्रशासन व बीएलओ को निर्देश दिये गये है कि सम्बन्धित डाकियों से समन्वय कर शत प्रतिशत मतदाताओं के पहचान पत्र का वितरण सुनिश्चित करायें।

मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान डीएम ने पेंशन योजनाओं के सहित अन्य विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का सत्यापन भी किया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान के दिन निर्भय होकर वोट देने ज़रूर जाएं। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ-सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान-पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया। डीएम ने ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, तहसीलदार सदर सभाराज पाण्डेय, बीडीओ चित्तौरा सौरभ पाण्डेय, तजवापुर अनुष्का श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष रामगांव शशि कुमार राणा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय में पूछताछ करती डीएम और मौजूद लोग। अमृत विचार

## आचार संहिता के बाद भी नहीं हटे बैनर पोस्टर



सड़क पर लगा बोर्ड। अमृत विचार

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार:** विधानसभा नानपारा के बाबागंज इलाके में चुनाव संहिता के बाद भी कई स्थानों पर बैनर पोस्टर नहीं हटाए गए हैं। विधायक नानपारा के बजट से सुमेरपुर गांव रोड के पास लगाए गए अटल बिहारी वाजपेई स्मृति द्वार में लगे हुए राजनीतिक दल के फोटो अभी भी वैसे ही लगे हुए हैं। जो आचार चुनाव संहिता का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। इस संदर्भ में बीडीओ नवाबगंज राहुल पांडे का कहना है कि उन्हें जानकारी मिली है, उसे ढ़कवा दिया जाएगा।

### एक नजर

### रविवार को खुले रहेंगे कोषागार

**बहराइच, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तिम दिवस 31 मार्च को रविवार (राजकीय अवकाश) होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा रविवार 31 मार्च को कोषागार तथा शासकीय कार्य करने वाली बैंक शाखाओं सामान्य दिनों की भांति खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

### चार सिपाही लाइन हाजिर

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने एसजी टीम के चार सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने बताया कि एसओजी टीम के सिपहिया अजीत सिंह, राजेंद्र यादव, एसएन शुक्ला और धर्मपाल सिंह को लाइन हाजिर किया गया है जबकि इससे पूर्व नवीन तिवारी और नरोत्तम पूरी को लाइन हाजिर किया जा चुका है।

### चोरी के समान के साथ गिरफ्तार

**बहराइच,अमृत विचार :** राम गांव थाना क्षेत्र के रामपुर कला गांव निवासी फखरुद्दीन पुत्र नासिर आलम को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि उप निरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी और सिपाही सूरज गौड़ की टीम ने फखरुद्दीन को चोरी के दो मोबाइल, एक घड़ी, पायल, चार बाली और ढाई हजार रुपए नगदी के साथ गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज की लिफ्ट में एक घंटा फंसा रहा युवक

## प्रिंसिपल ने भेजा तकनीकी आप्रेटर्स, तब निकाला गया पीड़ित

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में हार्निया के ऑपरेशन के बाद भर्ती मरीज का तीमारदार मंगलवार रात तीसरी मंजिल से लिफ्ट से नीचे आ रहा था। अचानक दूसरे पहले तले के बीच लिफ्ट फंस गई। करीब एक घंटे तक वह लिफ्ट में फंसा रहा। युवक ने मोबाइल से इसकी जानकारी दी। प्रिंसिपल ने तत्काल तकनीकी ऑपरेटर को भेज कर उसे लिफ्ट से निकलवाया। श्रावस्ती जिले के सोनवां थाना क्षेत्र के लाल केंदुआ गांव निवासी पिंटू दुबे पुत्र धनीराम के बहनोई रिसिया के पटना घसियारी निवासी अमरेश का मेडिकल कॉलेज मे कुछ दिन पूर्व हार्निया का ऑपरेशन हुआ था। वह तीसरे फ्लोर पर वार्ड में भर्ती है। मंगलवार रात करीब 11 बजे पिंटू तीसरे फ्लोर से पानी लेने नीचे जाने को लिफ्ट में चढ़ा। अचानक दूसरे व पहले माले के बीच लिफ्ट रुक गई। पिंटू उसमें फंस गया और घबरा उठा। उसने मोबाइल से अपने दोस्त पप्पू मिश्रा को जानकारी दी। पप्पू ने अस्पताल चौकी पर तैनात सिपाही अखिलेश वर्मा को व अधिकारियों को जानकारी दी। जानकारी प्रिसिंपल संजय खत्री को होने पर उन्होंने तत्काल तकनीकी ऑपरेटर रिजवान को भेजा। करीब एक घंटे बाद पिंटू को लिफ्ट से निकाला जा सका।



मेडिकल कॉलेज में अस्पताल का लिफ्ट फंसने के बाद जमा भीड़।

> मरीज को लिफ्ट से लाया जा रहा था। तब तकनीकी खामी के चलते लिफ्ट रुक गई। जानकारी होते ही टीम को मौके पर भेजकर लिफ्ट सही कराई गई। करीब 10 मिनट तक दिक्कत रही, फिर सब कुछ सामान्य हो गया।
> -डॉ. संजय खत्री, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज

### घर से निकले अधेड़ ग्रामीण का तालाब में मिला शव

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के बरगदही गांव निवासी एक अंधेर ग्रामीण मंगलवार शाम को घर से गया था लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा, बुधवार सुबह उसका शव तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदही में निवासी शिव शंकर (50) पुत्र बहाऊ मंगलवार शाम को घर से निकले थे। लेकिन काफी देर बाद भी वह घर नहीं आए। बुधवार सुबह गांव के लोग तालाब के निकट से आवागमन कर रहे थे। तभी सभी ने शिव शंकर का शव तालाब में उतराता देखा। इस पर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि तालाब में डूबकर ग्रामीण की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा का भ्रमण कार्यक्रम आज से

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी सदर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों के साथ लोकसभा चुनाव के निमित्त आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष भाजपा रणविजय सिंह ने की।

बैठक में विधानसभा प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधानसभा संयोजक सुदामा मिश्र, विधानसभा सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल सहित उपस्थित हुए। सभी से विचार विमर्श के बाद 29 मार्च को सुबह 10 बजे से प्रत्याशी आनंद गोंड़ द्वारा विधानसभा भ्रमण का कार्यक्रम तय किया गया। एकत्रीकरण सांसद बहराइच के आवास पर निश्चित किया गया है। भ्रमण कार्यक्रम सांसद आवास से अशोका डीहा, धरसवां कमोलिया, पकड़ी बीरपुर,तिराहा मसड़ी चौराहा, चंदवापुर चौराहा, खुटेहना चौराहा, मोहनपुर मोड़ ,गोकुलपुर में कुट्टी बाजार, कटघरी सुग्रीव, रानीपुर, रामवापुर चौराहा, हरिहर पुर होते हुए चिलवरिया बाजार में कार्यक्रम का समापन होगा। सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मंडल में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। बैठक में नगर प्रथम मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, गोकुलपुर अध्यक्ष राम सिंह चौहान, नगर द्वितीय अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, अयोध्या मंडल अध्यक्ष मनीष देव त्रिपाठी, चित्तौरा मंडल अध्यक्ष प्रताप नारायण, आई टी संयोजक प्रमोद पांडे, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्र, सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक गुप्त, जिला पंचायत सदस्य / प्रमुख प्रतिनिधि पयागपुर समय प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे।



भाजपा कार्यालय में बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में पांच लोग घायल

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार:** जिले के खुटेहना गिलौला मार्ग पर बुधवार दोपहर में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में बालक समेत पांच लोग घायल हुए हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के खुटेहना गिलौला मार्ग पर बुधवार दोपहर में अरकापुर मोड गांव के पास आमने-सामने से दो बाइक सवार टकरा गए। हादसे में एक बाइक पर सवार पयागपुर थाना क्षेत्र के बेलवा पदम गांव निवासी राम शंकर सोनी पुत्र रामकुमार सोनी और छोटकन पुत्र समान निवासी बड़कागांव पयागपुर समेत पांच लोग घायल हो गए।

आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पांच लोग घायल हुए हैं। सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यहां हालत गंभीर होने पर दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सार-संक्षेप

### छात्रसभा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बने सर्वेश



**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पित युवा नेता सर्वेश यादव को छात्र सभा का कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत करने पर क्षेत्र के युवाओं में खुशी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने कैसरगंज के युवा नेता व क्षेत्रीय विधायक आनंद यादव के भतीजे सर्वेश यादव को छात्र सभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। सर्वेश यादव समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पण भाव रखते हैं। जनपद में अपनी अलग पहचान बना रखी है। क्षेत्र के युवाओं को अपने साथ जोड़ने का काम करते हैं। पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। पार्टी ने इसी ईमानदारी और मेहनत को देखते हुए क्षेत्र के तेज तर्रार युवा नेता को जिम्मेदारी देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के साथ जोडने का निर्देश दिया है। सर्वेश यादव के छात्र सभा कार्यकारणी सदस्य बनने पर क्षेत्रीय युवाओं में काफी जोश है और लोग उनके आवास पर पहुंचकर बधाइयां दे रहे हैं।

### हम बदलेंगे युग बदलेगा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण। हम बदलेंगे, युग बदलेगा। हम सुधरेंगे युग सुधरेगा। नारी का सम्मान जहां है धरती का उत्थान वहां है जैसे जय घोष के साथ विकास खण्ड विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत रनियापुर में आयोजित पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ बुधवार सुबह कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। विकास खंड विशेश्वरगंज के रानियापुर में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं, बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर गांव क्षेत्र का भ्रमण किया। शुरुआत गायत्री परिवार के वेद प्रकाश द्विवेदी यशवंत लाल तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देव पूजन कलश पूजन कराकर कराया। गायत्री परिवार के सियाराम जायसवाल ने बताया यह कार्यक्रम रविवार तक चलेगा। जिसमें प्रतियां शाम 7 बजे से 10 बजे तक कथा व सुबह 7 बजे से 10 बजे तक गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम चलेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता महेश तिवारी, बाबू दूबे, अरुण कुमार जायसवाल, राहुल मिश्र, रवींद्र प्रकाश तिवारी, अवध नरेश द्विवेदी, कालिक प्रसाद दूबे, शोमिल मिश्र, रवींद्र नाथ पाण्डेय, राजेश पाठक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पहले सीसीटीवी का तार काटा, फिर की चोरी



मदरसे में चोरी के बाद जमा भीड़। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के मेटुकहा चौराहे पर स्थित मदरसे में मंगलवार रात को चोर घुस गए। चोरों ने सीसीटीवी का तार काटने के बाद चोरी की। तार काटने से पहले अन्य वारदात कैमरे में कैद हो गई। रामगांव थाना अंतर्गत मेटुकहा चौराहा पर मदरसा अहयाउल उलूम संचालित है। मदरसे में मंगलवार रात को चोर घुस गए। चोरों ने 24 हजार रूपये नगदी के साथ दो बैटरा व कागजात चोरी की। मदरसे में चोरी के लिए आए चोरों ने चोरी करने से पहले कैमरा का कनेक्शन काट दिया। इसके बाद सभी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मदरसा के प्रधानाध्यापक छत पर सोये हुए थे। जब वह सुबह का नमाज पढ़ने के लिए नीचे आये तो देखा कि सारा सामान चोर ले जा चुके थे। उन्होने आस पास के लोगो को इकट्ठा किया और पुलिस को फोन करके जानकारी दी। जिसपर थानाध्यक्ष शशि कुमार राना ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और ग्रामीणो ने जिन पर संदेह जताया। उनको पुलिस द्वारा बुला कर पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**बहराइच ,अमृत विचार :** फखरपुर थाना क्षेत्र के एकघरवा गांव निवासी सांभर पुत्र स्नेही मंगलवार को खेत गए थे वहां संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खाए हुए मिले। परिवार के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान संभर की देर रात को मौत हो गई। इस पर अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कोर्ट आने जाने वालों पर रखें सख्त नजर: सीजेएम

**बहराइच, अमृत विचार:** जिला न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा बुधवार को सीजेएम ने लिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट के अंदर मेटल डिटेक्टर से ही प्रवेश दें। आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखें।

जिला न्यायालय होली के अवकाश के बाद बुधवार को खुला। न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा सीजीएम शिवेंद्र कुमार मिश्रा ने लिया। सीजेएम ने न्यायालय गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को कोर्ट में आने जाने वालों पर सख्त निगाह रखने के निर्देश दिए। सीजेएम ने मेटल डिटेक्टर रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सुरक्षा कर्मियों को हर आने जाने वाले लोगों को तलाशी के बाद ही प्रवेश दें। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में संचालित क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। अधिवक्ताओं व अधिकारियों को क्लीनिक में पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।



जिला न्यायालय की सुरक्षा जांचते सीजेएम। अमृत विचार

## काव्य गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम




पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के थैलिया गांव में स्थित मां गायत्री भानुमती देवी शिक्षण संस्थान में होली मिलन समारोह में काव्य गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन और पुस्तक विमोचन में सर्व प्रथम मां सरस्वती वंदना गीत गाकर पंकज शुक्ल नूतन ने कार्यक्रम शुभारंभ किया। सभी आमंत्रित कवियों का माल्यार्पण किया गया। आरएसडी चातक की तीन पुस्तक अर्जुन, मंथरा और युधिष्ठिर अनुताप का विमोचन लोकार्पण किया गया। आरएसडी चातक ने पढ़ा खाली पेट कहां खुशियों के सपने पलते हैं। रोशन रसिक ने पढ़ा राम है आत्मा राम परमात्मा राममय है जहां राम ही राम है। कार्यक्रम में आमंत्रित कवि साहित्य भूषण रामकरण मिश्र सैलानी, आरएसडी चातक ,आरडी शर्मा, पवन सिंह तोमर, अयोध्या प्रसाद नवीन, सूर्य प्रकाश मिश्र, गंगाराम गंभीर,पंकज शुक्ल नूतन, शिवा जी नवीन, रोशन रसिक, जनप्रिय सूरज त्रिवेदी, कवियत्री पल्लवी मिश्रा आदि ने होली गीत श्रृंगार वीर रस आदि की रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में देवेश चंद्र मिश्र मंजनू, बहोरी लाल शुक्ल रामेंद्र सिंह चौहान ज्योतेंद्र पाल प्रधानाचार्य,सिंह जितेंद्र सिंह लक्ष्मीकांत शुक्ल आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय का सांसद ने किया उद्घाटन

**मोतीपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र बहराइच अनुसूचित जाति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सांसद अक्षयबर लाल गोंड के पुत्र डॉ. आनन्द गोंड को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया गया है। चुनावी कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बुधवार को विधानसभा क्षेत्र बलहा के मिहींपुरवा नगर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण कुमार मद्धेशिया के नवनिर्मित मकान में किया गया।

लोकसभा बहराइच से दावेदारी करने वाले वह लोग भी जो पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता थे।वह आनंद कुमार गोंड के टिकट प्राप्त होते ही उनके चुनावी बेला में शामिल होने के लिए मौजूद थे।उद्घाटन के दौरान पूरे लाव लश्कर के साथ बलहा विधायक सरोज सोनकर एवं विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया सहित चुनाव कार्यालय में पहुंचकर वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आनंद गोंड को भारी मतों से जिताकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया।

सांसद अक्षयबर लाल गोंड ने समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी नेताओं से आशीर्वाद स्वरुप सहयोग प्राप्त करने की अपेक्षा की। पुत्र एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आनंद गोंड को विजई बनाने की अपील करते हुए कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर पार्टी को जिताने के लिए सांसद एवं विधायक को आस्वस्त किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन व संयोजक जितेंद्र त्रिपाठी,सह संयोजक योगेश प्रताप सिंह,विधानसभा बलहा के प्रभारी हरिश्चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ नेता योगेश प्रताप सिंह उर्फ बैजू सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्रवण कुमार मदेशिया, शिवसागर गौतम, बाबूलाल शर्मा,सोमवर्धन पांडेय, योगेंद्र मौर्य उर्फ पिन्टू, गिरीश त्रिपाठी, राजेश गोयल एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



लोकसभा के चुनाव कार्यालय का शुरुआत करते सांसद। अमृत विचार

**मनमानी** | ब्लॉक में खाली रही कुर्सी, भटकते रहे फरियादी

# अधिकारियों में नहीं उतरी होली की खुमारी

**बाबागंज, बहराइच**

**अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय बाबागंज के कर्मचारियों की होली की खुमारी अभी तक नहीं उतरी है। इसी का अंदाजा है कि तीन दिन की छुट्टी के बाद बुधवार को ऑफिस खुलने पर भी अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचे। फरियादी वापस लौटने को विवश दिखे।

जिले के नेपाल सीमावर्ती ब्लॉक मुख्यालय नवाबगंज से अधिकारियों के गायब रहने,देर से आने के चलते फरियादियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बुधवार को किसान कैलाश नाथ वर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता बद्री सिंह ब्लॉक मुख्यालय, एडीओ पंचायत व एडीओ आईएसबी से मिलने पहुंचे तो पता चला कि वह अभी ड्यूटी पर नहीं आए है। कार्यालय में ताला बंद है। इसी तरह सुजौली निवासी महिला गीता देवी ने बताया कि वह अपनी आवास संबंधी समस्या को लेकर कई दिनों से खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के चक्कर काट रही है। लेकिन उन्हें अधिकारियों के दर्शन नहीं हुए हैं। बसंतपुर उदल निवासी राम निवास वर्मा ने बताया कि वह बोरिंग तथा पशुओं से संबंधित समस्याओं को लेकर कई दिनों से कार्यालय दौड़ रहे हैं, लेकिन एडीओ पंचायत नहीं मिल रहे। ज्ञात हो ब्लाक मुख्यालय नवाबगंज पर अधिकारियों कर्मचारियों के बैठने का समय सुबह 10 से 12 तक है। लेकिन यहां पर दो कर्मी प्रशांत श्रीवास्तव, विकास राव के अलावा किसी कर्मचारी के न मिलने से आए कई फरियादी बैरंग लौट गए। कार्यालय में कर्मचारियों के न होने के बारे में जब खंड विकास अधिकारी नवाबगंज राहुल पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैं रास्ते में हूं आ करके देख रहा हूं।



बाबागंज ब्लॉक में खाली कुर्सी। अमृत विचार

### टीम के द्वारा कराएंगे जांच

> बुधवार को सभी सरकारी कार्यालय खुले रहे। इसके बाद भी किसी ब्लॉक में अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचे तो यह गलत है। टीम के द्वारा जांच करवाई जायेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -राम्या आर , सीडीओ

# बिना हेलमेट के बक्शे नहीं जाएंगे दो पहिया वाहन चालक

**बहराइच, अमृत विचार:** फखरपुर पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों चौराहों पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

फखरपुर थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर, फखरपुर, कुंडासर में दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। एसओ करुणाकर पांडेय व एसआई बिंदेश्वरी यादव द्वारा चौक चौराहों पर नाकाबंदी कर बाइक चालको को तगड़ी नसीहत दी और हेलमेट न पहनने वालो के परिजनों से बात कर बिना हेलमेट के बाइक न देने को कहा नही तो दुबारा मिलने पर बाइक जब्त करने की चेतावनी दी। एसओ ने बताया कागज में कमी पर एक बार मौका दे दूँगा। मगर हेलमेट नही लगाने वालों को अब थाना क्षेत्र में बक्सा नही जाएगा। इस मौके पर विभिन्न चौराहों पर पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत् ।
शनैः शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम् ॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

## संपादकीय

# सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभिन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रही हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक घटना मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ, नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का



भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले

संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर, संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार, संन्यासी, गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं, लोक जीवन की विविधताओं, पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले, उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं, जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

## प्रसंगवश

# समाचार की नई परिभाषा

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं, गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति, समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस, वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है, किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है, इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा, अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

# घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने, रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ, रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है, कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है, गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं, किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है, आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी, जलाशय, भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी, जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा, कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा, पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं, स्वस्थ रखते हैं, उम्र में वृद्धि करते हैं, विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं, उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु, प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए, दम तोड़ती नदियों, सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए, साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को, राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ, कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है, क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में, चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

## सोशल फोरम

# वोटों का खेल



मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं, जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे, लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली, मोहल्लों, कस्बों, शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं, वो है नहीं और हम जो नहीं हैं, वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं, जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

# हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है



हफीज किदवई
लेखक

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे, खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा, पेजर देखा, मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना, पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी, वीसीआर देखा, पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए, तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला, दातून, चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल, हुक्के की राख, कोलगेट पाउडर, लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं, जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को, धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर, वहीदा रहमान, सलमान, आमिर, दिव्या भारती, श्री देवी, ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा, दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग, जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

# अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है, जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है, लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी, न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है, लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है, लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है, यह खतरनाक स्थिति है।



सत्रहवां रोजा

शिया
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### माननीयों के केस में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में माननीयों के केस में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। सांसद संजय सिंह व पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 12 अप्रैल की तारीख नियत की है। वहीं एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख नियत की है।

### शहर कांग्रेस कमेटी में बनाए गए 30 पदाधिकारी

सुलतानपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के स्वीकृत व संस्तुति से जनपद सुलतानपुर की शहर कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। सिराज सिद्दीकी को मीडिया प्रभारी, अर्श खान लकी को जिला प्रवक्ता, रविकांत त्रिपाठी को सोशल मीडिया की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी में 7 जिला उपाध्यक्ष 7 महासचिव और 13 लोगों को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया।

### शिया इलाकों में मजलिस व जुलूस 29 से

सुलतानपुर, अमृत विचार : पहले इमाम हजरत अली अलै. के शहादत दिवस पर मजलिस व शबीह ए ताबूत के जुलूस का आयोजन जिले के शिया बाहुल्य इलाकों में किया जाएगा। अमहट, गोराबारिक, तुराबखानी, अलीगढ़, अलीनगर, ऊंचवा, मेड़ई खां का पुरवा आदि इलाकों में हर साल की तरह इस साल भी 29 मार्च से 1 अप्रैल तक सभी शिया इलाकों में मजलिस व शबीह ताबूत का जुलूस निकाल कर शोक मनाया जायेगा। 29 मार्च को शिया जामा मस्जिद अमहट में रात 8 बजे एक मजलिस होगी। इसके बाद शबीह ताबूत का जुलूस उठ कर हुसैनिया नौतामीर अमहट पर रात 12 बजे खत्म होगा। यह जानकारी हैदर अब्बास खां अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन ने दी है।

# हर 14 मिनट में बस मिलने का दावा पर परेशान हैं यात्री

## चिलचिलाती धूप में भटक रहे दिव्य राममंदिर के दर्शन को जाने वाले दर्शनार्थी, महकमा बेखबर

संवाददाता, सुलतानपुर



अयोध्या के लिए आई रोडवेज बस पर बैठने को उमड़े लोग।



स्टेशन में लगाया गया चार्ट। अमृत विचार

अमृत विचारः बीते 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भव्य व दिव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दर्शनार्थियों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। दर्शनार्थियों को सुगम यात्रा के लिए सरकार के निर्देश पर निगम की बसों का फेरा बढ़ाया गया है। फिर भी बसों के इंतजार में इस धूप में दर्शनार्थी भटक रहे हैं। महकमा है बेखबर बना हुआ है।

अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओ की संख्या को देखते हुए परिवहन निगम द्वारा कागज़ों में हर 14 मिनट पर सुलतानपुर से अयोध्या के लिए बस जायेगी। इसके लिए निगम द्वारा हर 14 मिनट पर अयोध्या जाने वाली 25 बसों का शेड्यूल जारी किया है। पर, बुधवार को पड़ताल के दौरान हकीकत उलट ही दिखी। दोपहर के करीब दो बजे कड़ाके की धूप में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु बसों के लिए इंतजार करते नजर आए। महकमा यात्रियों की परेशानियों को लेकर बेखबर है। प्रयागराज से अयोध्या जा रहे दर्शनार्थियों की टोली राम नेवाज, सीतापत्ती, शिव सहाय, गुलाबा देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि करीब आधे घंटे से बस में बैठे हैं। सवारी भी है फिर भी बस नहीं जा रही है। जौनपुर से सुलतानपुर आए गुरुप्रसाद ने बताया कि अयोध्या जाने के लिए आधे घंटे से ज्यादा इंतजार किया तो जाकर बस मिली है। वहीं, निगम का दावा है कि हर 14 मिनट पर अयोध्या के निगम द्वारा 25 अनुबंधित बसें लगाई गई है जो सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजकर 20 मिनट तक संचालित होगी।

> बसों का संचालन नियम से ही किया जाता है। कभी सवारी न होने पर बिलंब हो सकता है। यात्रियों को असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाता है।-नागेंद्र पांडेय, एआरएम रोडवेज

### कादीपुर के लिए हर 15 मिनट में है बस

लखनऊ बलिया राजमार्ग से कादीपुर जाने के लिए हर 15 मिनट पर बस संचालित करने का दावा है। इसके लिए विभाग द्वारा 23 बसों द्वारा सुबह 6 बजकर 45 मिनट से शाम 7 बजकर 15 मिनट तक बसों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन निगम के दावे सही साबित नहीं हो पा रहे हैं। कादीपुर के बुजुर्ग राम अवतार ने बताया कि घंटे भर से बस के इंतजार में धूप में खड़े थे। अब बस आई है तो बैठने जा रहे हैं। मुकदमे की पैरवी करने दीवानी आए राम भरोसे ने बताया कि अब बस मिलने में दिक्कत हो रही है। पहले इतनी दिक्कत नहीं होती थीं। आधे घण्टे में बस मिल ही जाती थी। अब इंतजार करना पड़ता है।


## अधिवक्ता ने फाइनल रिपोर्ट को दी चुनौती

सुलतानपुर, अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह के खिलाफ अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए अमेठी के मुंशीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। साल 2020 में दर्ज केस में विवेचना के उपरांत विवेचक ने आरोप निराधार पाते हुए अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में भेजा था। जिसके बाद बीती 17 जनवरी को वर्तिका सिंह ने छवि खराब करने के आरोप में विधिक नोटिस वादी अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र को भेजी थी। अब कालिका प्रसाद ने फाइनल रिपोर्ट को कोर्ट में चुनौती दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट किरन गोंड इस पर अगले माह 29 अप्रैल को सुनवाई करेंगी।

# टैंकर पलटा, बाल्टी लेकर पहुंचे लोग

- बाबतपुर वाराणसी एयरपोर्ट तेल लेकर जा रहा टैंकर बंधुआकला थाने के मंझना के समीप पलटा

संवाददाता, सुलतानपुर



हाईवे पर पलटा हुआ तेल से भरा टैंकर। अमृत विचार

अमृत विचारः बाबतपुर वाराणसी एयरपोर्ट तेल लेकर जा रहा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कोई चपेट में नहीं आया। पलते हुए टैंकर से रिस कर निकल रहे तेल को भरने स्थानीय लोग बाल्टी डिब्बा लेकर पहुंच गए। हालांकि, सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को भगाकर टैंकर को सीधा कराया। साथ ही चोटिल टैंकर चालक को अस्पताल भेजा।

टैंकर मंगलवार की देर रात लखनऊ से वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर जहाज के लिए तेल लेकर लखनऊ वाराणसी राजमार्ग से जा रहा था। टैंकर अनियंत्रित होकर राजमार्ग पर ही बंधुआकला थाने के मंझना के समीप पलट गया। गनीमत रही टैंकर पलटने से कोई राहगीर हताहत नहीं हुआ। आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र के डडिया गांव निवासी नीरज पुत्र जयराम घायल हो गया। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग टैंकर से रिस रहा तेल डिब्बों में भरना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय लोगों को हटाया। कड़ी मेहनत के बाद टैंकर को सीधा करवा राजमार्ग हटवाकर आवागमन बहाल कराया।

चौकी इंचार्ज अलीगंज शिव जन्म यादव ने बताया कि टैंकर को सीधा करके खड़ा किया गया है। मालिक के आने पर टैंकर भिजवाया जाएगा। कुछ लोग टैंकर पलटने पर रिस रहे तेल को डिब्बे में भरने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हे मना कर दिया गया है।

## अधिवक्ता पर हमले के मामले में केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के डीआईओएस कार्यालय पर पांच दिन पूर्व अधिवक्ता बजरंग द्विवेदी के ऊपर हुए हमले के मामले में कूरेभार थाना क्षेत्र के रामापुर निवासी घनश्याम समेत दो अज्ञात पर मारपीट, अपमानित करने तथा हत्या की धमकी देने के आरोप में कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित अधिवक्ता का आरोप है कि हाईकोर्ट से पारित आदेश के बारे में जानकारी करने कार्यालय पर गए थे, जहां पर पहले से बैठे आरोपी घनश्याम मिश्र व दो अज्ञात लोगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की तथा हत्या की धमकी दी। वहीं इसी मामले में दूसरे पक्ष ने भी मुकदमा दर्ज कराया है।

# चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली की जानी प्रगति

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, सुलतानपुर



चुनाव की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारों के साथ बैठक करती डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

अमृत विचारः बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम (प्रशासन) गौरव शुक्ला व अन्य नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक हुई। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न एजेंसियों द्वारा नामित जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा प्रगति व चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) एप के संचालन प्रक्रिया के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सम्बन्धित नोडल अधिकारियों से प्रगति के बारे में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। जिस पर आयकर अधिकारी बृजेश कनौजिया, एलडीएम अनुराग संखवार, पीएसईआरपी राजकुमार कनौजिया, डीओपी ज्ञानेन्द्र कुमार आदि के द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के सम्बन्ध में प्रगति से अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप के संचालन के सम्बन्ध में एक बार पुनः डीआईओ एनआईसी के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, जिससे एप के संचालन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

# ज्यूडिशरी ट्रांसफर से नाराज वकीलों का महासम्मेलन आज

संवाददाता, सुलतानपुर

- कई दिनों से हड़ताल पर हैं जिले के अधिवक्ता

अमृत विचारः कादीपुर की कोर्ट में अखंडनगर और कादीपुर थानों से संबंधित मुकदमों को ट्रांसफर के बाद जिले के वकील कई दिनों से हड़ताल पर है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरबिंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र ने आगे की रणनीति तय करने के लिए गुरुवार को वकीलों का महासम्मेलन बुलाया है।

बार अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया गुरुवार को दीवानी परिसर में पड़ोसी जिले के 15 अध्यक्ष व महासचिव महासम्मेलन में शिरकत करेंगे। बुधवार को भी वकीलों की हड़ताल जारी रही तथा न्यायिक कामकाज ठप रहे। वादकारी काम न होने से निराश दिखे। वहीं, कादीपुर में दो थानों के क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। ट्रांसफर को चुनौती देकर अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने यह जनहित याचिका दाखिल की है। जिस पर न्यायमूर्ति अताऊ रहमान मसूदी और बृजराज सिंह की पीठ में सुनवाई होगी।

# फाग गायन में अभियाखुर्द की टीम प्रथम

- महराजगंज द्वितीय व पन्नाटिकरी की टीम को मिला तीसरा स्थान

संवाददाता, सुलतानपुर



भदैंया में फाग गायन प्रस्तुत करती टीम। अमृत विचार

अमृत विचारः हनुमानगंज गांव में पं. गयादीन पांडेय की स्मृति में आयोजित जवाबी फगुआ गायन कार्यक्रम में अभियाखुर्द की टीम प्रथम, महराजगंज की द्वितीय तथा पन्नाटिकरी की टीम तीसरे स्थान पर रही। सभी टीमों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीनदयाल और रामचंदर यादव की अगुआई में महराजगंज की फगुआ टीम ने किया। आज विरज मा होरी रे रसिया आज बिरज में होरी, के कै भीजै पीला पितांबर केकै भीजै तन सारी। फगुआ गीत से जवाबी फगुआ गायन की शुरुआत हुई। कान्हा कै भीजै पीला पितंबर राधा कै भिजै तन सारी हो रसिया। इसके बाद फगुआ गीत, साथे अवध से बन जाई लखन रघुराई, कैसे नयनवा मे निंदिया आई फाग को लोगों ने खूब पसंद किया। इसके पश्चात महाबीरन धाम सूरापुर की फगुआ टीम ने डा लाल बहादुर सिंह और बृज भान सिंह की अगुआई मे गायन शुरू किया। अभियाखुर्द की फगुआ टीम को जवाबी फाग कार्यक्रम मे पहला स्थान मिला। दूसरे नंबर पर महराजगंज अमेठी की दीनदयाल की टीम रही तथा तीसरे स्थान पर माता प्रसाद दूबे पन्ना टिकरी की टीम रही। तीनो टीमो के सदस्यों को समाजसेवी ब्रहमराज पांडेय ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप

### 11 सौ ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : चांदा पुलिस आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए क्षेत्र में सक्रिय थी। तभी सूचना मिली कि एक युवक गांजे के साथ खड़ा है। जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेरा बंदी कर युवक को पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास गांजा है इसलिए आप लोग पकड़ न लें इसलिए भाग रहा था। तलाशी के दौरान युवक के पास से 11 सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसने अपना नाम संदीप निवासी गौरा थाना चांदा बताया। उसकी जेब से तीन सौ रुपए भी मिले। पकड़े गए युवक ने बताया कि वह गांजा बेचकर परिवार का पेट पालता है। थाने लाकर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : बुधवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन मोतिगरपुर बीआरसी पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि बीडीओ महेशचन्द्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी शिक्षक बंधुओं से एमडीएम व शैक्षिक की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं अधिक से अधिक मतदान बढ़ाने के लिए मौजूद शिक्षकों को शपथ भी दिलाई। खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव प्रसाद यादव ने कार्यक्रम का उद्देश्य व रूपरेखा को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत के पांच निपुण छात्रों एवं अभिभावकों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र प्रताप वर्मा एवं संजय शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर एआरपी कौशिक सिंह, जयंत यादव, अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा शिक्षक श्रीलाल, श्रीपाल, सुमित यादव, मायावती, बालमुकुंद सहित आदि उपस्थित रहे।

### सुलतानपुर का चोर बाराबंकी में ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार : अम्बेडकर नगर के जैतापुर थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी श्रवण कुमार सिंह बाराबंकी के कोठी थाना क्षेत्र में जल शक्ति मिशन का कार्य करवा रहे है। जल शक्ति मिशन में लगा ट्रैक्टर किसी ने चोरी कर लिया तो इसका कोठी थाने पर मुक़दमा दर्ज कराया था। जांच पड़ताल के दौरान कोठी पुलिस को जानकारी मिली कि सुलतानपुर जिले के कादीपुर कोतवाली के खालिसपुर निवासी शुभम विश्वकर्मा ने साथियों के साथ ट्रैक्टर चोरी किया है। पुलिस ने उसे बुधवार को ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान शुभम विश्वकर्मा ने बताया कि अपने साथी सत्येंद्र कुमार निवासी बहोरपुर हरिश्चंद्र निवासी प्रतापपुर, चंद्रशेखर सिंह निवासी हमीदपुरवारी थाना दोस्तपुर जिला सुलतानपुर के सहयोग से चुरा लिया था। कोठी थाना प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि शुभम को जेल भेजा गया है । वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### प्रावि में चोरी करने गए युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

सुलतानपुर, अमृत विचार : कुड़वार थाने के सोहागौली कामापुर परिषदीय विद्यालय में मंगलवार की रात ग्रामीणों ने कुड़वार कस्बा निवासी कृष्णा तिवारी को देखा। गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि प्राथमिक विद्यालय कामापुर का ताला टूटा हुआ है, लेकिन कोई चोरी नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ हेड मास्टर तहरीर देने को तैयार नहीं है। युवक को हिरासत में रखकर गैंग की तलाश की जा रही है।

# 251 कलश यात्रा के साथ रामकथा शुरू

- भदैंया के हनुमानगंज गांव के शिव मंदिर में हो रही है श्रीराम कथा

सुलतानपुर



भदैंया में मंगल कलश यात्रा में शामिल युवतियां व महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचारः भदैंया के हनुमानगंज गांव स्थित पंचायत भवन के शिव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ बुधवार को हुआ है। बुधवार को दोपहर कथा स्थल शिव मंदिर से ढोल व नगाड़ों और डीजे के साथ देवी-देवताओं के जयघोष के बीच भव्य कलश यात्रा कथा स्थल से गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी। इसमें 251 कन्याएं व महिलाएं पीताम्बर वस्त्र धारण व सिर पर पीला कलश लेकर यात्रा शुरू की।

कलश यात्रा कस्बा व गांव के बीच भ्रमण करते हुए पुरानी बाजार शिव मंदिर, काली माता मंदिर, सती माता मंदिर, असई चौराहा, शिव नगर व बजरंग नगर से जलभरकर वापस कथा स्थल पर पहुची। जहां वैदिक मंत्रों के साथ कलश की स्थापना की गयी। डीजे के भक्ति धुनों पर युवा व छोटे बच्चे नाचते गाते कलश यात्रा मे सम्मिलित हुऐ है। कलश यात्रा में शामिल भक्तों के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया। अयोध्या धाम के यज्ञाचार्य व कथा व्यास पं अजय कृष्ण महाराज की उपस्थिति में नौ दिवसीय श्री राम कथा की शुरुआत भी देर शाम की गई है। आयोजक मंडल संतलाल जायसवाल व राहुल जायसवाल ने बताया की प्रत्येक दिन प्रवचन कथा व्यास अजय कृष्ण महाराज द्वारा दिन में पांच बजे से दस बजे तक होगा।

## मेनका एक अप्रैल को आएंगी, जताएगीं आभार

सुलतानपुर, अमृत विचारः पूर्व केंद्रीय मंत्री व जिले की सांसद मेनका संजय गांधी संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकने एक अप्रैल को यहां पहुंचेंगी। सांसद मेनका गांधी को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उनकी संसदीय क्षेत्र में सक्रियता और लोकप्रियता को देखते हुए उनको 38 लोकसभा क्षेत्र सुलतानपुर से दोबारा प्रत्याशी घोषित किया है। श्रीमती गांधी 2019 में 8वीं बार सुलतानपुर से सांसद निर्वाचित हुई थी। सांसद के मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि श्रीमती गांधी का पांच साल विकास कार्यों को लेकर भी अभूतपूर्व व उपलब्धियों भरा रहा। एक अप्रैल को जिले में पहुंचेंगी और कार्यकर्ताओं व जनता का आभार व्यक्त करेंगी।

# किशोरी की हत्या में 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

सुलतानपुर, अमृत विचारः 17 मार्च को जयसिंहपुर कोतवाली के गुड़बड़ गांव निवासी अनीता (15) की घर में संदिग्ध अवस्था में गला कटा मिला था। ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी। मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली है।

अनीता घर से कुछ दूर स्थित आटा चक्की से मां के लिए घर के अंदर चाय बनाने गयी थी। अनीता लहूलुहान हालत में घर के अंदर पड़ी तड़प रही थी। गला कटा होने की वजह से वह कुछ बोल भी नहीं पा रही थी। मां की चीख पर घर के अंदर पहुंचे लोगों ने देखा कि अनीता कमरे में लहूलुहान हालत में पड़ी है। आनन फानन में ग्रामीण व परिजन अनीता को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां से उसकी गंभीर दशा को देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। देर रात ट्रामा सेंटर में अनीता के कटे गले का ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने टांका लगा दिया था। लेकिन शनिवार को अनीता की तबियत एकाएक खराब होने लगी मौजूद चिकित्सकों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन रविवार की भोर अनीता की मौत हो गयी। शव को रविवार शाम घर लाया गया। जहां सोमवार की सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**महात्मा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जियापुर सैदखानपुर (कूरेभार) सुलतानपुर**

स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है-

**1– कला संकाय स्नातक स्तर–** हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, भूगोल, सैन्य विज्ञान, मध्यकालीन इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, विज्ञान, (प्रत्येक में दो–दो पद)। **2– कला संकाय परास्नातक स्तर–** गृह विज्ञान, सैन्य विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी (प्रत्येक में दो–दो पद)। **3– विज्ञान संकाय स्नातक स्तर–** भौतिकी, रसायन, गणित, जन्तु, विज्ञान व वनस्पति विज्ञान (प्रत्येक में दो–दो पद)। **4– वाणिज्य संकाय स्नातक स्तर–** बीकॉम पाठ्यक्रम में 6 पद। वेतन व योग्यता यूजीसी तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की गाइडलाइन के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन की स्ववित्तपोषित के शासनादेशों के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर चार रंगीन फोटो व समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व पहचान पत्र आधार और पैन कार्ड की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में संपर्क करें।

प्राचार्य – डॉ. एस.के. श्रीवास्तव
मो0 : 9532650458

प्रबधंक – अजय दूबे
मो0 : 9415051257

## लोकसभा चुनाव

### आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन करने तथा शांतिपूर्ण मतदान करने का दिया संदेश

# सुरक्षा बलों ने फुट पेट्रोलिंग कर दिलाया सुरक्षा का अहसास

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चन्द्र के निर्देशन में बुधवार को जयसिंहपुर कोतवाल प्रेमचंद सिंह पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स साथ क्षेत्र की सड़कों पर रूट मार्च किया। आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन करने तथा शांतिपूर्ण मतदान करने का संदेश भी दिया। साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ सड़क पर कोतवाल प्रेम चंद्र सिंह ने लोगों के साथ संवाद स्थापित कर चुनाव में मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही सभी की सुरक्षा का भरोसा देने के साथ ही कोई भी समस्या होने पर तत्काल मदद का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि मतदान को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। पुलिस फोर्स व पैरामिलिट्री फोर्स की मदद से हर पोलिग बूथ पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। किसी तरह से असामाजिक तत्वों को चुनावी प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न नहीं करने दिया जाएगा। मतदाताओं को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से बिना किसी के प्रलोभन में आए मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने क्षेत्र के बरौसा, बगिया चौराहा, पीढ़ी, बिरसिंहपुर सहित संवेदनशील बूथों पर फुट पेट्रोलिंग की। इस दौरान पीढ़ी चौकी इंचार्ज सुबोध, सेमरी चौकी इंचार्ज, संजय राय, बिरसिंहपुर चौकी इंचार्ज राम राज यादव, बरौसा चौकी इंचार्ज सहित पुलिस व फोर्स के जवान मौजूद रहे।



कोतवाली जयसिंहपुर में रूट मार्च करती पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सीविजिल एप से करें शिकायत

सुलतानपुर। बुधवार को मुख्य राजस्व अधिकारी/नोडल अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु सी विजिल एप विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत किसी व्यक्ति द्वारा की जा सकती है। गूगल प्ले स्टोर से सी विजिल एप डाउनलोड कर अपना रजिस्ट्रेशन करे। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर फोटो, वीडियो, ऑडियो के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए इंटरनेट व लोकेशन जरूरी है। शिकायत के निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता के मोबाइल पर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक दो शिकायते आई थी उनका निस्तारण कर दिया गया है।

**परागदेई महिला महाविद्यालय हलियापुर, सुलतानपुर**
(सम्बद्ध डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला, मनोविज्ञान एवं समाज कार्य प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01–01 पद ।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में चित्रकला एवं शिक्षा शास्त्र विषय में प्रवक्ता 02–02 पद।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समरत अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं या महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

शम्भू शरण सिंह–प्रबन्धक



**17 वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.37 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.33 बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# डुमरियागंज विस क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तीन उड़न दस्ते

## 24 घंटे क्षेत्र में सक्रिय रहकर टीमें करेंगी निगरानी, आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराए जाने के लिए डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में तीन चुनाव उड़न दस्ता टीम गठित करके उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। टीम द्वारा 24 घंटे क्षेत्र में सक्रिय रहकर निगरानी की जाएगी।

उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित ने बताया कि डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के फर्स्ट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार त्रिपाठी अवर अभियंता सिंचाई, क्षेत्र में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा अशोक कुमार चतुर्वेदी गन्ना पर्यवेक्षक, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा विनोद कुमार कुशवाहा जल संसाधन विभाग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक क्षेत्र में तैनात रहकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप क्षेत्र में वाहनों की प्रभावी चेकिंग करेंगे। वाहनों से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित सामग्री कैश नकदी सहित वस्तुएं पाए जाने पर उन्हें चालान और सील करने की भी कार्रवाई टीम द्वारा की जाएगी। डुमरियागंज एसडीएम डॉक्टर संजीव दीक्षित ने बताया कि चुनाव उड़नदस्ता टीम को निर्देश दिया गया है, कि किसी भी वाहन को संदिग्ध लगने पर उसकी चेकिंग अनिवार्य रूप से करें। इसके साथ ही वीडियो सर्विलांस निगरानी टीम प्रभारी को निर्देश दिया कि आप लोग सक्रिय रहकर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने में अपना सहयोग करें। चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी होने पर तत्काल बीआरसी कार्यालय पर रिपोर्ट प्रेषित की जाए।

### पुलिस व सीआईएसएफ जवानों ने किया रूट मार्च

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना जोगिया उदयपुर पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम ने ग्राम हरैया व कस्बा जोगिया में रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी प्राची सिंह के आदेश के क्रम में पुलिस व सुरक्षा बलों ने बुधवार को क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने के लिा प्रेरित किया।

### मतदान के समय अपनी पहचान के लिए रखें कुछ दस्तावेज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। बताया कि सभी निर्वाचकों, जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं, से अपेक्षा की जाती है कि वह मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिा अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो विधायकों विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। पहचान पत्र के रूप मे मान्य है। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर ने दी है।

### अधेड़ की चौराहे पर अचानक बिगड़ी तबियत

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** उप नगर बढ़नी के माल गोदाम चौराहे पर मंगलवार दोपहर अचानक एक व्यक्ति की तबियत खराब हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंचे व्यापारी मिथुन अग्रहरि व समाजसेवी विष्णु अग्रहरि ने लोगों की सहायता से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी पहुंचाकर उपचार कराया। डाक्टरों के प्रयास से जल्द ही उसकी हालत सामान्य होने लगी। पीड़ित व्यक्ति के साथ उसकी पांच साल की बेटी भी थी। वह व्यक्ति अपना नाम व पता नहीं बता पा रहा था। सूचना पर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने उस व्यक्ति व बच्ची का फोटो न्यूज़ ग्रुप में डालकर वायरल कराया। जिसके बाद पीड़ित की पहचान डुमरियागंज निवासी असलम पुत्र रमजान के रूप में हुई। परिवार के सदस्य को बढ़नी अस्पताल के लिए भेजा गया। बहन नूरजहा और बेटा अरमान अस्पताल पहुंचा और उन्हें लेकर घर गया।

**एक नजर**

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** गोल्हौरा थाने की पुलिस ने क्षेत्र के रमवापुर कली स्थित बाग के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि उसी ने किराना की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसओ गोल्हौरा अरविंद कुमार ने बताया कि चोरी की वारदात का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम लगी थी। मंगलवार को एक सूचना पर क्षेत्र के रमवापुर कली गांव के पास से शाम को एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और दुकान से चोरी सामान बरामद किया गया। पूछताछ में अपनी पहचान सिराजुल हक निवासी मानिकोरा टोला चरियावा थाना ढेबरुआ बताया। इसके खिलाफ पूर्व में कई केस दर्ज हैं और ढेबरुआ थाने का हिस्ट्रीशीटर है। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# संचारी रोग व दस्तक अभियान पर की गई चर्चा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र उसका बाजार में खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक हुई जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नये सत्र के आगमन पर नामांकन पर जोर देने इसके लिए रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक करने गांव, मजरे, टोले में स्थित एक-एक घर पर जाकर संपर्क करने एस.एम.सी. तथा पी.टी.एम.की बैठक करके नामांकन के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही।

कक्षा 1-3 में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिकानुसार शिक्षण पूर्ण होने, कक्षा चार-पांच में निर्देशिकाओं से शिक्षण कार्य पूर्ण होने, कक्षा 1-8 में विषयवार कोर्स के पूर्ण होने तथा विद्यालयों में हो रहे वार्षिक परीक्षा की समीक्षा किया। कम्पोजिट ग्रांट से हो रहे कार्यों की प्रगति को जाना। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (हिन्दी) गुलाम जिलानी ने स्कूल रेडीनेस के 12 सप्ताह के बारे में विस्तृत जानकारी दिया साथ ही संचारी रोग व दस्तक अभियान के बारे में बताया और कहा कि शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु संवेदीकरण किया जाए, विशेष कर सुरक्षित पीने के पानी, शौचालय के प्रयोग, खुले में शौच के नुकसान पर जोर देने तथा हर बुखार खतरनाक हो सकता है इसलिए लापरवाही न बरतने तथा बुखार का कारण क्या है? बुखार होने पर क्या करें और क्या ना करें के बारे में छात्रों एवं अभिभावकों को जागरूक करने पर चर्चा हुई। इसके लिए स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें दिमागी बुखार एवं वेक्टर जनित रोगों जल जनित रोगों तथा गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों के बारे में जानकारी देने और उससे बचाव के बारे में चर्चा करने, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता निबंध लेखन आदि के माध्यम से छात्रों को रोगों से बचाव पर्यावरणीय स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में सक्रिय सहभागिता के साथ जागरूक करने, विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए गतिविधि कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों के संचालन करने पर जोर दिया साथ ही संचारी रोगों से बचाव संबंधी प्रचार प्रसार सामग्री को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के बारे में बताया। बैठक में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन गुलाम जिलानी, रामसेवक प्रसाद गुप्ता, सुभाषचंद्र, संजय आनन्द, मनोज कुमार, मुरलीधर पाण्डेय, श्रीचन्द, बालजीत आदि मौजूद रहे।



### एसपी ने नवनिर्मित यातायात कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने होली के दिन रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित नवनिर्मित यातायात कन्ट्रोल रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी ने कहा कि नवनिर्मित यातायात कन्ट्रोल रूम से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी करनी आसान होगी। थाना सिद्धार्थनगर के साड़ी तिराहा व सिद्धार्थ तिराहा, कस्बा शोहरतगढ़ में स्थित पुलिस बूथ व कस्बा इटवा चौराहे पर लगे सीसीटीवी से यातायात नियन्त्रण व यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर सख्ती की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर लाइन, बीएन गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात सहित पुलिस लाइन्स के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोदी-योगी के नेतृत्व में बदला देश व प्रदेश : संगीता

सिद्धार्थनगर




भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल के समर्थन में आयोजित चौपाल को संबोधित करतीं राज्यसभा सांसद संगीता यादव।

**अमृत विचार।** केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के आम जन को मिल रहा है। महिलाओं का सम्मान सरकार में सर्वोपरि है। यह बातें भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव व राज्यसभा सांसद संगीता यादव ने बांसी विधान सभा के रमटिकरा, परसपुर, भकुरहवा, सोनखर में भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल के समर्थन में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में कही।

सांसद संगीता यादव ने कहा कि राशन कार्ड, शौचालय, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि में महिलाओं को पहली प्राथमिकता पर रखकर देश के विकास का खाका खींचा गया। जिससे भारत आज विकसित देश कि श्रेणी कि तरफ आगे बढ़ रहा। भ्रष्टाचार, अपराध मुक्त शासन की परिकल्पना को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साकार किया। मोदी ने देश के स्वाभिमान को विश्व में ऊंचा किया, देश की सुरक्षा को मजबूत बनाया। आज आतंकवादी घटनाएं न के बराबर हैं। कश्मीर फिर अपनी पुरानी रंगत में आ गया है, भारत पुनः सनातन सभ्यता व संस्कृति का वाहक बन रहा है। 500 वर्षो बाद हमारे अराध्य रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी लाल त्रिपाठी, विधान सभा संयोजक दिलीप चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राम स्नेही निशाद, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अनुपमा सिंह दुबे, गुड़िया पांडेय, सरोज शुक्ल, प्रतिमा वर्मा, सुषमा मिश्र, शुशीला केवट, गायत्री, प्रतिमा, संगीता, बजरंगी वर्मा, रामकिंकर मिश्र, राजेन्द्र तिवारि, प्रिंस शर्मा, अमरेंद्र सिंह, मनीष श्रीवास्तव, उमा मिश्र आदि पदाधिकारी मौजूद रही।

# लावारिस मिले दो किशोर चाइल्ड लाइन को सौंपे

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ जं. को निगरानी के दौरान स्टेशन परिसर में 13 वर्ष का एक लड़का मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड हेल्प लाइन, लखनऊ जं. को सुपुर्द किया गया। 24 मार्च को गाड़ी संख्या-15070 के यात्रियों को 15 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला जिसे रेलवे सुरक्षा बल, बढ़नी को सुपुर्द किया गया। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड हेल्प लाइन, सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल, छपरा द्वारा यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोण्डा द्वारा यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर गाड़ी संख्या-19409 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा यात्री का छूटा सिलाई मशीन बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल, कानपुर अनवरगंज पोस्ट पर जमा किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, छपरा द्वारा गाड़ी संख्या-15027 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया।

**सार-संक्षेप**

### एसएसबी ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी चेरिगावा के कार्यक्षेत्र में ओपीडी तथा मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सीमा चौकी चेरिगावा के कार्यक्षेत्र में चंदई गांव में ओ.पी.डी. तथा मानव चिकित्सा शिविर लगाकर नि:शुल्क चिकित्सा प्रदान किया गया। एस.एस.बी. द्वारा भारत- नेपाल की सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक जन कल्याणकारी कार्यक्रम और कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में 43वीं वाहिनी एस.एस.बी सिद्धार्थनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमा चौकी चेरिगावा के कार्यक्षेत्र में ओ.पी.डी. तथा शिविर लगाकर नि:शुल्क मानव चिकित्सा सेवा प्रदान किया गया। डॉ. कल्याणी स्वेन, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा), 43 वी वाहिनी के सहयोग से सीमाई क्षेत्र के 32 पुरुष, 50 महिला और 08 बच्चों के साथ कुल -90 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा वितरित किया गया। डॉ. कल्याणी स्वेन, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा) के द्वारा ग्रामीणों को खान- पान और साफ-सफाई के बारे में सतर्कता बरतते हुए पौष्टिक भोजन का सेवन करने तथा नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया। आयोजन के दौरान कैलाश दान, सहायक कमान्डेंट, सहायक उप निरीक्षक (फार्मासिस्ट) एच. केनेडी सिंह व अन्य कार्मिकों के साथ साथ तबरेज आलम, ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



होली मिलन समारोह में मौजूद समाचार पत्र विक्रेता संघ के पदाधिकारी।

### समाचार पत्र विक्रेता संघ का होली मिलन संपन्न

**गोरखपुर अमृत विचार।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान के आवास पर होली के शुभ अवसर पर समाचार पत्र विक्रेता संघ एवं भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी गण व सदस्य ने होली खेल कर अबीर गुलाल लगा कर शुभ कामनाएं दिये। इसमें राज कुमार गुप्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष, प्रदेश सचिव पंकज शर्मा, मनोज कुमार यादव, प्रचार मंत्री दिलीप, नृसिंह मिश्रा, श्रवण कुमार, संतोष पासवान आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### दबंगों ने पूरे घर को पीटकर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय में दबंगों ने घर पर चढ़ाई करते हुए पूरे परिवार को लाठी से पीटकर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी दाता राम ने विमलेश उनकी पत्नी सरला देवी व मां के खिलाफ आरोप लगाया है।

# सफल प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

**प्रतियोगिता**

- **साहित्यकार महादेवी वर्मा की जयन्ती व तकनीकी संगोष्ठी में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन**

गोरखपुर

**अमृत विचार।** निर्माण संगठन, गोरखपुर के तत्त्वावधान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं साहित्यकार महादेवी वर्मा की जयन्ती, तकनीकी संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण का आयोजन बुधवार को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में निर्माण संगठन के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

निर्माण संगठन, गोरखपुर में हुए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि निर्माण संगठन इकाई में सभी संसदीय समिति को दिये गये आश्वासनों को शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा समस्त कार्यालयी कार्य हिन्दी में ही सम्पादित किये जांय। साहित्यकार महादेवी वर्मा की जयन्ती पर उन्होंने कहा कि महादेवी वर्मा छायावाद के प्रमुख चार स्तम्भों में से एक थी। इस अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य इंजीनियर/निर्माण/चतुर्थ ने स्वागत सम्बोधन एवं कार्यक्रम का संचालन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करने में सहयोग किया। वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती अनामिका सिंह ने कवयित्री महादेवी वर्मा की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर तथा सुश्री सपना खरे ने ई-ऑफिस एवं गुगल शीट के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला तथा कार्यपाल इंजीनियर/निर्माण(टैक) आर.के.कन्नौजिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अरूण कुमार, सचिव/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण सहित निर्माण संगठन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### कल रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



फिल्म महादेव का गोरखपुर शुक्रवार को रिलीज होगी। यह फिल्म महादेव पर आधारित है। यह जानकारी बुधवार को गोरखपुर सांसद रवि किशन ने प्रेस वार्ता में दी। बताया कि गोरखपुर की जनता के लिए यह एक अलग तरह की फिल्म है, जो कि लोगों को पसंद आएगी। रवि किशन के साथ फिल्म के अन्य महिला व पुरुष कलाकार भी मौजूद रहे। **गोरखपुर, अमृत विचार**

**मुनाफाखोरी** — इफ्तार की थाली में शामिल रहता है कोई न कोई मौसमी फल, महंगाई के चलते हो रही समस्या

# रमजान माह में दोगुना कर दिए गए फलों के दाम

सिद्धार्थनगर



बाजार में दुकान पर बिकते मौसमी फल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रमजान के चलते फलों के दाम दोगुना दाम पर बिक रहे हैं। रोजेदारों की इफ्तार की थाली में मौसमी फल शामिल रहता है, इसीलिए दुकानदार मौके का फायदा देखकर दाम बढ़ा कर बेच रहे हैं।

मुख्यालय के सिद्धार्थ चौराहा स्थित फल मंडी में दुकानों पर बुधवार को रमजान के चलते लोग फलों की खरीदारी काफी तादात में करते दिखाई दिए। महंगाई के बावजूद लोगों ने फलों की खरीदारी की। रमजान के चलते फलों की मांग बढ़ जाने से फल कारोबारी दाम में दोगुना तिगुना वृद्धि कर दिए हैं। कल तक 20 और 30 रुपये किलो में बिकने वाला केला 40 व 100 किलो में मिलने वाला सेब का दाम 120 से 130 के बीच पहुंच गया है। अनार 100 से 120 तथा 50- 60 रुपये प्रति किलो वाला संतरा 70 और 80 रुपये में बिक रहा है। इसी तरह अंगूर 80 से बढ़कर 100 तक और अनानास 60 से बढ़कर 70- 80 में तथा मुसम्मी 80 से 100 तक पहुंच गया है। पपीता के दाम में भी वृद्धि हुई है। यही हाल तरबूज और खरबूज का भी है। फलों के दाम महंगे होने के बावजूद रोजेदार इफ्तार करने के लिए फलों की खरीदारी कर रहे हैं।

नगर में फल का व्यवसाय करने वाले साहबान, मोहम्मद हुसैन, बरकत, खलील, साहबान, इम्तियाज, कनिक राम, लालचंद कल्लन, शुबराती, लक्ष्मण ने बताया कि रमजान के चलते थोक फल विक्रेताओं ने सभी फलों के दाम बढ़ा दिए हैं। इससे मजबूरन किराया और मजदूरी को जोड़कर महंगे दाम पर बेचने पड़ रहे हैं। लोगों ने बताया कि फलों की मूल्यवृद्धि रमजान के बाद कम होने की संभावना है।

# होली विशेष गाड़ियों का एक एक फेरे के लिए होगा संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार

रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्योहार पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05551/05552 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा होली विशेष गाड़ी तथा 05575/05576 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा होली विशेष गाड़ी का संचालन एक-एक फेरे के लिए किया जायेगा। 04088/04087 दिल्ली-सहरसा-दिल्ली होली विशेष गाड़ी का संचालन 28 तथा 30 मार्च को एक फेरे के लिए किया जायेगा।

इसके अलावा 02575/02576 हैदराबाद-गोरखपुर-हैदराबाद विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। हैदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जा रही 02575 हैदराबाद-गोरखपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार कर 28 जून तक तथा गोरखपुर से प्रत्येक रविवार को चलाई जा रही 02576 गोरखपुर-हैदराबाद होली विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार कर 30 जून तक किया गया हैं। 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 28 मार्च को इकहरी यात्रा लिए किया जायेगा। 05119/05120 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 29 मार्च को एवं तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 30 मार्च को एक-एक फेरे के लिए किया जायेगा।

### सीटों की उपलब्धता का चार्ज जारी

**गोरखपुर।** होली पर्व पर यात्री जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट की उपलब्धता के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा चार्ट बुधवार को जारी कर दिया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### विशेष गाड़ियों की अवधि का विस्तार

**गोरखपुर अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व से चलाई जा रही कुछ विशेष गाड़ियों का अवधि विस्तार किया जायेगा है। विस्तारित अवधि में इस गाड़ी का मार्ग, ठहराव, समय एवं रेक संरचना पूर्ववत रहेगा। 01025 दादर-बलिया विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 1 जुलाई 2024 तक, 01026 बलिया-दादर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 3 जुलाई तक, 01027 दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 30 जून तक (2 मई को छोड़कर) किया जायेगा। 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 2 जुलाई तक (10 जून को छोड़कर), 01101 दादर-गोरखपुर टीचर्स विशेष गाड़ी का संचालन दादर से 2 मई को एवं 01102 गोरखपुर-दादर टीचर्स विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 10 जून को एक फेरे के लिये किया जायेगा। यह गाड़ी 01027/01028 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी के समय एवं मार्ग पर चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पुलिस की होली में खूब उड़ा अबीर-गुलाल, डीजे की धुन पर थिरके जवान

त्योहार

▸▸ फायर सर्विस के टैंकरों से हुई रंगों की बरसात, एसपी के साथ सभी दिखे रंगों में सराबोर

संवाददाता, संतकबीर नगर

**अमृत विचार :** होली के दूसरे दिन बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन मे पुलिस की होली का भव्य आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों समेत सभी पुलिसकर्मियों के साथ जमकर होली खेली। डीजे की धुनों पर युवा पुलिस कर्मियों ने खूब ठुमके लगाए। दमकल के टैंकरों से पुलिस कर्मियों पर रंगों की बरसात हुई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक की तरफ से मिष्ठान और विभिन्न पकवानों का प्रबंध किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को अबीर गुलाल लगाकर और मिष्ठान खिलाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली आपसी सद्भाव और समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता का प्रतीक होली का त्योहार सभी के जीवन में ढ़ेर सारी खुशियां लाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर बृजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी धनघटा केशव नाथ, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर, कोतवाली प्रभारी आर.के. सिंह, प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार, प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र, थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा आदि रहे।



रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक के साथ होली खेलते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## बच्चों-युवाओं में दिखा गजब का उत्साह



मेंहदावल कस्बे में होली का त्योहार मनातीं युवाओं की टोली। अमृत विचार

**मेंहदावल, संतकबीर नगर, अमृत विचार :** समूचे क्षेत्र में मंगलवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही युवाओं की टोलियां अबीर-गुलाल उड़ाते हुए निकलीं। जगह-जगह डीजे की धुन पर बज रहे फिल्मी होली गीतों पर लोग जमकर नाचे। बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। दोपहर तक होरियारों ने जमकर होली गीतों का मजा लिया। इस बीच घरों में लोगों ने होली खेलकर आनंद लिया तो वहीं गुझिया आदि पकवानों का भी लुत्फ उठाया। इससे पहले रविवार की रात क्षेत्र भर में होलिका दहन का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने पूजा अर्चना के बाद अपने-अपने गांवों में होली जलाकर पूजा-अर्चना की। मेंहदावल शहर के ब्रह्मचारी मोहल्ले में युवाओं ने जमकर होली खेली। ठाकुर द्वारा, रोडवेज अंजहिया बाजार, चौक बाजार में युवाओं ने डीजे की धुनों पर नाचते हुए होली के पर्व को मनाया।

## एक नजर

### घायल अधेड़ की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र में ग्राम मुजहनी निवासी एक व्यक्ति की मार्ग दुर्घटना में घायल होने के कारण इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। मुजहनी निवासी मनीष ने बताया कि उनके पिता दिलीप गुप्ता ( 57 ) रविवार को घर के बाहर सड़क के किनारे भैंस को नहला रहे थे इसी बीच एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पिताजी को ठोकर मार दी। घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल बलरामपुर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया ।लखनऊ में इलाज के दौरान मंगलवार देर रात उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### 200 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मेंहदावल, संतकबीर नगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को मेंहदावल पुलिस ने एक कारोबारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 200 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम बिसौवां के पास छापेमारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम चौथी पुत्र रामपत निवासी बिसौवां थाना मेंहदावल बताया। उक्त व्यक्ति की निशानदेही पर 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ धारा 60( 1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल/न्यायालय भेज दिया गया है।

# गैर इरादतन हत्या में पति व पत्नी को 6-6 साल की सजा

## न्यायालय ने 30 -30 हजार का अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के एक मामले में न्यायालय ने दोषी पति-पत्नी को 6 -6 साल के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 30-30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में ग्राम लालपुर कंजेभरिया निवासी बलिदीन ने राजेन्द्र प्रसाद व उनकी पत्नी रामा देवी के खिलाफ थाना ललिया में मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि झगड़े में मारपीट करने के कारण उनके भाई कोयलाहे की मौत हो गई थी ।राजेंद्र प्रसाद व रामादेवी ने उनके भाई को मारा पीटा था ।विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह और पुलिस मानीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेन्द्र नाथ की पैरवी के चलते न्यायालय ने दोषी पति-पत्नी को 6 -6 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 30 -30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



# होली मिलन समारोह में जुटे सपा पदाधिकारी

धनघटा, संतकबीर नगर

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र 62 संतकबीरनगर से समाजवादी पार्टी से प्रत्याशिता के प्रबल दावेदार और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामबृक्ष यादव के होली मिलन समारोह में सपाई दिग्गजों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से शाम तक लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी आलापुर, खजनी, धनघटा, खलीलाबाद और मेंहदावल क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सपा नेता को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल राजनैतिक भविष्य की शुभकामनाएं दिया। सपा नेता रामबृक्ष यादव ने भी दिल खोलकर सभी का स्वागत किया और सभी के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। धनघटा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिघरा स्थित सपा नेता के पैतृक आवास पर कार्यकर्ताओं ने पूरे दिन अबीर गुलाल उड़ाकर होली का जश्न मनाया। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। जिसमें वीरेंद्र यादव और उनकी टीम द्वारा गाए गए फाग गीतों ने लोगों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष रामवृक्ष यादव ने उपस्थित जन समूह के सामने हाथ जोड़कर अपील करते हुए कहा कि हमसे या हमारे परिवार से अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत है तो सारे गिले शिकवे भुलाकर हमलोग एक समूह में आकर अपने आप को मजबूत करें। उसी में हम सबकी और क्षेत्र की उन्नति है। छोटे-मोटे मामलों में अगर मुझसे कहीं गलती हुई है तो आप लोग हमारे पिता तुल्य अभिभावक हैं। आप सभी का स्नेह और पार्टी का भरोसा मिला तो जिले में पैदा हुई राजनैतिक शून्यता को भरने का हर सम्भव प्रयास करुंगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविंद्र नाथ राय, चंदू यादव, रघुनाथ यादव, रमेश यादव, हरिराम चौहान, बालेंद्र उर्फ पप्पू , कन्हैयालाल, बबलू सिंह, दयाराम यादव, मनोज यादव पहलवान, प्रभु नाथ यादव, रोशन यादव, राधेश्याम मौर्य आदि मौजूद रहे।



सपा नेता रामबृक्ष यादव के होली मिलन समारोह में मंचासीन पदाधिकारी।

# कब्जा दिलाने में पुलिस की बढ़ी मुसीबत

विवाद

▸▸ जिलाधिकारी ने दिए बड़ी कार्रवाई के निर्देश, दोषी पुलिस कर्मियों पर गिरेगी गाज

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जमीन कब्जा कराने में पुलिस की भूमिका हर बार सवालों के घेरे में आ जाती है। अभी कुछ माह पहले ही थाना गैंड़ासबुजुर्ग में जमीन कब्जा कराने के मामले में प्रभारी निरीक्षक समेत अन्य पर केस लिखा गया था। नया मामला कोतवाली उतरौला के हाटन रोड पर मकान कब्जा कराने का सामने आया है। इसमें पुलिस पर जबरन कब्जा कराने के आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि होने पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मजिस्ट्रेट जांच कराते हुए गृहस्वामी को पुनः मकान दिलाने की कार्रवाई की है। इस प्रकरण में कोतवाली उतरौला की पुलिस की संलिप्तता सामने आने पर सर्किल तुलसीपुर की पुलिस भेजकर कब्जेदारों से मकान खाली कराया।


उतरौला के हाटन रोड निवासी राम प्रताप वर्मा के मकान का वाद सिविल न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच विपक्षी ने पुलिस की मदद से मकान पर कब्जा दिला दिया। जिले में ही नहीं प्रदेश में भी उतरौला में जमीन काफी कीमती है। इसी लिए विपक्षी राजेश वर्मा ने पुलिस से मिल कर कब्जा कर लिया था। शिकायत पर जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेट जांच कराई, रिपोर्ट में पुलिस की करतूत सामने आई। इसी बीच मामले में हाईकोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की। इसके बाद जिलाधिकारी ने उतरौला तहसील की पुलिस व एसडीएम को संदिग्ध मानते हुए मामले से अलग कर दिया। रविवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर उनके सुझाव पर तुलसीपुर तहसील की पुलिस व उतरौला के तहसीलदार को नामित मजिस्ट्रेट घोषित कर फिर से पीड़ित को घर का कब्जा करा दिया। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि दोषी चिन्हित हो चुके हैं। उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसमें कड़ी कार्रवाई हो सकती है। विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए गैर कानूनी कार्यों में लिप्त पुलिस निरीक्षकों को दो साल तक थाने की कमान नहीं मिलेगी।

# जौनपुर में अराजक तत्वों ने तोड़ी पंडित दीनदयाल की प्रतिमा

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार :** बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर स्थित राम जानकी तिराहे पर बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्थापित पंडित दीनदयाल की प्रतिमा को सोमवार देर रात अराजक तत्वों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

प्रतिमा टूटने की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह, भाजपा कार्यकर्ता व बदलापुर के थानाध्यक्ष रोहित मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि अराजकतत्वों ने मूर्ति तोड़ी है। सुबह जब लोग मार्निंग वॉक को निकले तो प्रतिमा पर नजर पड़ी और सूचना दी। पुलिस ने दूसरी प्रतिमा की व्यवस्था की है, जल्द ही उसे लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर भेज दिया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क में कुछ महीने पहले चार स्ट्रीट लाइट भी चोरी हो गई थीं।



टूटी हुई पंडित दीनदयाल की प्रतिमा। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जड़ खोदकर मिटाए चोरी की कटान के सूबूत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सागौन के पेड़ों की चोरी से कटान करने वाले ठेकेदार को पुलिस का भी खौफ नहीं है ।मुकदमा दर्ज होने के बाद भी उसने कटे हुए पेड़ों की जड़ जेसीबी से खोद डाली और सुबूत मिटाने का भरसक प्रयास कर रहा है। क्षेत्र में चर्चा है कि ठेकेदार को पुलिस की सह मिल रही है। रेहरा बाजार थाने के हुसैनाबाद चौकी क्षेत्र के गजपुर ग्रिन्ट निवासी नरसिंह बहादुर सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके भाई के खेत में लगा तीन सौ हरा सागौन का पेड चोर काट कर उठा ले गए ।प्रार्थना पत्र मिलने के बाद भी चौकी प्रभारी ने कोई कार्वाही नहीं की और पीड़ित पर ही सुलह समझौता करने का दबाव बनाने लगे ।पीड़ित के शिकायत पर सीओ उतरौला प्रमोद कुमार यादव के हस्तक्षेप के बाद रेहरा थाने की पुलिस हरकत में आई और पेड काटने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा लिखने के बाद सबूत मिटाने के लिए आरोपी ठेकेदार ने बीते मंगलवार की रात्रि जेसीबी लगा कर कटे हुए सागौन के पेड की जड़ खोद डाला। तीन सौ पेड काट कर बेचने वाले ठेकेदार का खूलेआम घूमना क्षेत्र में चर्चा का विषय है। लोगों का कहना है कि पुलिस ठेकेदार की मदद कर रही है यही वजह है कि वह मुकदमा दर्ज होने के बाद भी बेखौफ होकर कटान का सुबूत मिटा रहा है। ठेकेदार ने लकड़ी की चोरी भी की है। उसके खिलाफ चोरी से पेड़ काटने का मुकदमा दर्ज है। पीड़ित ने इस मामले में एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि वह एसपी से मिलकर स्थानीय पुलिस और ठेकेदार की मिलीभगत के बारे में शिकायत करेगा, ताकि उसे न्याय मिल सके।

### बखिरा पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में बखिरा पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक श्याम मोहन के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों के साथ बखिरा कस्बे में फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन किया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया और लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील किया। साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दिया। इस दौरान सीआईएसएफ, पुलिस बल और बखिरा थाने के तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



पैदल गश्त व एरिया डोमिनेशन करते पुलिसकर्मी।

### आग लगने से पूरी गृहस्थी हो गई राख

**बलरामपुर, अमृत विचार :** महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र मे लगी आग में पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्राम पंचायत बदलपुर के मजरे छत्तुवापुर निवासी बाबादीन ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 :00 बजे घर में आग लग गई। घर में रखे 70 हजार रुपये नकद व अनाज सहित गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। क्षेत्रीय लेखपाल विनोद वर्मा ने बताया है कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है।



छतुआ पुर मे आग मे राख हुई गृहस्थी।

### प्रचार-प्रसार की अनुमति के लिए एकल विंडो शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एकल विंडो खुल गई है। प्रचार के दौरान पब्लिक मीटिंग व रैलियों, लाउडस्पीकरों तथा वाहनों के उपयोग के साथ-साथ गैर वाणिज्यिक, रिमोट और अन्य कन्ट्रोल एयर रिपोटर्स, हेलीपैड के लिए अनुमति को कलेक्ट्रेट कैंपस, बलरामपुर में सिंगल सिस्टम व सिस्टम परमीशन सेल ( एकल खिड़की )अनुमति प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी व प्रत्याशियों के चुनाव अभिकर्ता राष्ट्रीय , राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों द्वारा प्राप्त ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन व प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण को गठित टीम में नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) प्रमोद कुमार, सहायक नोडल अधिकारी के रूप में संचित मोहन तिवारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट बलरामपुर एवं आईटी सेल के नोडल ईडीएम प्रतीक नरेश को नामित किया गया है।

# सी-विजिल एप पर कर सकते हैं चुनाव संबंधी शिकायतें

**बलरामपुर, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन व अन्य शिकायतें करने और उसके निस्तारण के लिए सी-विजिल एप विकसित किया गया है।

डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि इस एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आई.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के बाद 100 मिनट के अंतर्गत ही शिकायत का निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा। निस्तारण के बाद विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में ऑनलाइन शिकायत के लिए आयोग के सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

# 9 अप्रैल से शुरू होगा देवीपाटन राजकीय मेला

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि पर 9 अप्रैल से शुरु हो रहा प्रसिद्ध राजकीय देवीपाटन मेले की तैयारी जिला व मंदिर प्रशासन के द्वारा पूरी कर ली गई है। मेला परिसर में मनोरंजन के लिए झूला और जादूगर आदि का तंबू- कनात लगने लगे है। शासन के द्वारा मेला के लिए विशेष एसडीएम की तैनाती की गई है। जो लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

51 शक्तिपीठों में शुमार शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में एक माह का मेला लगता है। इसमें देश-विदेश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु देवीपाटन मंदिर पहुंच मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन कर परिवार सहित मेला का भ्रमण करते है । मंदिर के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के चलते लगने वाले इस मेले को प्रदेश सरकार के द्वारा राजकीय मेले का दर्जा प्रदान किया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर जिला प्रशासन व मंदिर प्रशासन के द्वारा साफ-सफाई सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से शुरू हो रहा है। लगने वाले मेले को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा पूरी तैयारी की गई है। जिलाधिकारी डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि मेला की तैयारी को लेकर पूर्व में ही देवीपाटन पीठाधीश्वर के साथ बैठक हो चुकी है। शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, आवागमन , सुरक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा चुके है। मेला शुरू होने के पूर्व भी एक समीक्षा बैठक होगी। देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथिलेश नाथ योगी ने बताया कि मंदिर एवं प्रशासन के द्वारा मेले की पूरी तैयारी की जा चुकी है। परिसर में मंदिर प्रशासन के द्वारा लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वह स्वयं व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहेंगे। सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।



देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में लगने वाले राजकीय मेले मे लग रहा झूला।

आयोजन — बलरामपुर चीनी मिल में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ होली मिलन समारोह

# प्यार और मोहब्बत का त्योहार है होली

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** होली पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्यार-मोहब्बत के साथ जीवन को आगे बढ़िने का त्यौहार है ।हम सबको हमेशा एक दूसरे के सुख-दुख में साथ निभाना चाहिए।

यह बातें बलरामपुर चीनी मिल परिसर में रंगारंग होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य महाप्रबंधक ने पत्नी मिताली गुप्ता के साथ गणेश की पूजा-अर्चना कर की। कार्यक्रम के दौरान एक-दूसरे को अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। रंगिरंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले मिल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को प्रबंधन की तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एचआर हेड राजीव अग्रवाल ने चुटीले अंदाज में किया। उन्होंने लोगों को चुटकुले और शेरो -शायरी सुना कर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उदयवीर सिंह, संजयसेन गुप्ता, पवन तिवारी ,योगेश प्रसाद शुक्ला ,हिमांशु शर्मा ,संजय अग्रवाल व एसपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



बलरामपुर चीनी मिल मे होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद अधिकारी-कर्मचारी व उनके परिजन। अमृत विचार

# दो दिन में परीक्षाफल तैयार करने की चुनौती

**बलरामपुर अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में चल रही वार्षिक परीक्षा बुधवार को समाप्त हो गई। वार्षिक परीक्षा में इस बार करीब दो लाख 35 हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। अब दो दिन के अंदर शिक्षकों को कापियों का मूल्यांकन करके परिणाम घोषित करना है। एक अप्रैल से नया सत्र शुरु हो जाएगा।

जिले में 1814 परिषदीय विद्यालय व 11 कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में लगभग दो लाख 35 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। बुधवार को वार्षिक परीक्षा समाप्त हो गई। अंतिम दिन कक्षा एक से पांच तक की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा कराई गई। कक्षा छह से आठ तक की परीक्षा के पहली पाली में क्राफ्ट, कला, कृषि व गृहशिल्प तथा दूसरी पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा व स्काउटिंग की परीक्षा कराई गई। मार्च माह खत्म होने में चार दिन शेष बचे हैं। इस बीच दो दिन स्कूल बंद है। शिक्षकों को 28 व 30 मार्च को ही कापियों का मूल्यांकन कार्य समाप्त करने की चुनौती है। 31 बीएसए कल्पना देवी का कहना है कि 27 मार्च को परीक्षा समाप्त हो गई है। निर्देश दिए जा चुके हैं कि 31 मार्च को विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरित कर दिया जाएंगे।

## चुनाव कमाल का

- लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है इस दौरान यदि आप 50 हजार से अधिक धनराशि अपने साथ ले जाना चाहते चाहते हैं तो आपको बैंक साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। यह सीमा अधिकतम दस लाख तक होगी। नकदी का स्रोत व प्रमाण पत्र न प्रस्तुत कर पाने की दशा में यह धनराशि जब्त की जा सकती है।आम लोगों और व्यापारियों को कैश ले जाने के कुछ रिकॉर्ड साथ में जरूर रखने चाहिए। जैसे कि ये पैसा किस लिए ले जाया जा रहा है और इसका सोर्स क्या है।इसके अलावा बड़े डिजिटल ट्रांजेक्शन पर भी नजर रखी जाती है। चुनाव आयोग के निर्देश पर किसी भी यूपीआई आधारित पेमेंट ऐप से रोजाना पचास हजार रुपये तक का ट्रांजेक्शन हो सकता है।


# अटल सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने की 'अटल' कोशिश

**2014** में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 61 हजार 106 मत और 2019 में मिले थे 6 लाख 33 हजार 26 मत

▶ **लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा ने राजनाथ सिंह को बनाया है उम्मीदवार**

▶ **स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेला, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ दिला हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का किया प्रयास**

राजीव शुक्ला, लखनऊ





**अमृत विचारः** यूं तो भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि मौजूदा नेतृत्व हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। ऐसे में जब चुनावी दुंदुभी बज चुकी हो तो भाजपा अन्य दलों से कहां पिछड़ने वाली है।

चाहे वह तैयारियां हों या फिर पार्टी कार्यक्रम अथवा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात। जहां विपक्ष अभी टिकट बंटवारे के पेच में उलझा हुआ है, वहीं भाजपा विपक्षी दलों से कहीं आगे निकलती दिख रही है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संसदीय क्षेत्र को ही ले लीजिए।

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट। यहां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने लोगों के बीच पैठ बढ़ा लोकसभा का रास्ता आसान करने की दिशा में जमीन पर अपना काम शुरू कर दिया था। यह जानते हुए भी कि मतदाताओं का स्नेह इस ''अटल'' सीट पर हमेशा जीत के ''अटल विश्वास'' पर कायम रहा है। बावजूद इसके पार्टी कार्यकर्ता जीत के इस अंतर को रिकार्ड की ओर ले जाना चाहते हैं। इसकी तैयारियां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने शुरू कर दी थीं। मतदाता बढ़ाए जाने के चुनावी अभियान का श्रीगणेश तो किया ही पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचना भी शुरू कर दिया। भले की बहाना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाने का हो। प्रक्रिया पूरी हुई तो घरों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में भी किसी तरह की कोताही नहीं बरती।

### लक्ष्य छूते रहे, योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा बढ़ते रहे आगे

यही नहीं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। भाजपाइयों को जिले में दो लाख लोगों को ''नमो एप'' से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य मिलने के साथ ही महानगर इकाई सक्रिय हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम जीत के अंतर को बढ़ाने के मैदान में उतर पड़ी। लक्ष्य छुआ तो ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में प्रदेश में ''पहला स्थान'' प्राप्त किया। मन की बात के प्रचार-प्रसार की बात आई तो दूसरा स्थान हासिल कर न केवल राजधानी की बल्कि प्रदेश की धमक भी बनाए रखी। फिर शुरू हुआ विधानसभा में ''प्रवास कार्यक्रमों'' का सिलसिला। लोगों के बीच बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं और सुलझाने में लगे। इसका स्पष्ट आंकड़ा तो नहीं है लेकिन इन प्रयासों से जनता के बीच ''भरोसा'' बनाने में पार्टी सफल रही। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से ''स्वास्थ्य शिविर'' आयोजित किए गए। चुनाव की तिथियां घोषित होने से पहले लखनऊ ''विश्वविद्यालय'' में ''रोजगार मेले'' का आयोजन कर युवाओं को भी जोड़ने का सीधा प्रयास किया। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति के तहत ही भाजपा ने समाज के हर वर्ग से सीधे जुड़ने का प्रयास किया। 20 मई को लखनऊ संसदीय सीट पर मतदान होना है और चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे। फिलहाल भाजपाइयों की मेहनत क्या रंग लाई यह तो आने वाला परिणाम ही बताएगा कि लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के जीत का अंतर और मत प्रतिशत कितना बढ़ा।

### तैयारी जीत की : वीआईपी सीट लखनऊ

**2019 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 633026 |
| पूनम सिन्हा | सपा | 285274 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | कांग्रेस | 180011 |

**वर्ष 2014 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 561106 |
| अभिषेक मिश्रा | सपा | 56771 |
| रीता बहुगुणा जोशी | कांग्रेस | 288357 |
| नकुल दुबे | बसपा | 64449 |
| सैय्यद जावेद अहमद जाफरी | आप | 41429 |


### मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल



अभिनेता अरुण गोविल

**मेरठ।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।" इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गये तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।'' राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

### 'एम-वाई' फैक्टर से जीतेंगे उप्र की सभी सीटें : रवि किशन



सांसद रवि किशन

**गोरखपुर।** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी "एम-वाई" फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, "लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा । भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, "हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

# जितिन प्रसाद, संजीव बालियान व आजम की प्रतिष्ठा दांव पर

▶ **भाजपा सांसदों की हैट्रिक तय करेगी पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी**

▶ **मुरादाबाद व रामपुर में जेल से ही आजम ने दिखाई पार्टी को ताकत**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और प्रदेश के कैबिनेट जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। साथ ही जेल से ही आजम खान ने ऐसा दांव चला कि सपा सांसद डॉ एसटी हसन की हालत न घर के रहे न घाट के जैसी हो गई है। मुरादाबाद और रामपुर में आजम ने सपा में अपनी हैसियत का एहसास करा दिया।









**लोकसभा चुनाव का पहला चरण**

### मुजफ्फरनगरः बालियान की हैट्रिक अहम

मुजफ्फरनगर से लगातार दो बार सांसद रहने और दोनों बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ संजीव बालियान को इस बार पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए खुद हैट्रिक लगानी होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर सीट जाट बेल्ट में आती है। 2013 के दंगों ने यहां भाजपा को क्लीन स्वीप का मौका दिया। इसबार भाजपा के साथ रालोद के आ जाने से मुख्य टक्कर सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से मिलने वाली है। हालांकि बसपा के दारा सिंह प्रजापति भी कुछ कम नहीं हैं।

### सहारनपुरः इंडिया-बसपा की लड़ाई में भाजपा को राघव पर भरोसा



बसपा के कब्जे से सहारनपुर सीट हासिल करने के लिए भाजपा ने लगातार तीसरी बार राघव लाल शर्मा पर भरोसा जताया है। राघव लाल पहली बार 2014 में भाजपा के टिकट पर यहीं से सांसद बने थे। जिन्हें 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के हाजी फजलुर्रहमान हराया। इसबार हालात थोड़े बदले हुए हैं, सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बसपा का दामन छोड़ दिया है, इसलिए बसपा ने माजिद अली को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन से सीट कांग्रेस के खाते में जाने से इमरान मसूद तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। आज तक उनको जीत का स्वाद नहीं मिला है। भाजपा को यहां कांग्रेस व बसपा की मुस्लिम वोटों की लड़ाई में राघव पर भरोसा है।

### कैराना सीटः बनेंगे नए रिकार्ड या बचेगी साख

कभी कैराना पलायन के मुद्दे पर देशभर में गरमाया हुआ था, लेकिन योगी सरकार में यहां गुंडई बीते दिनों की बात हो गई है। इस सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। उनके सामने लगातार दो बार भाजपा सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी करने की तो सपा की इकरा हसन के सामने विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के श्रीपाल सिंह राणा के सामने अपनी साख बचाना चुनौती होगी।

### मुरादाबादः इतिहास दोहराएंगे सर्वेश या सपा बचा लेगी सीट

भाजपा के लिए चुनौतियों से भरपूर मुरादाबाद सीट मुस्लिम बहुल होने के नाते सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। हालांकि 2014 में भाजपा के सर्वेश सिंह ने सभी समीकरण तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। मगर, 2019 में उनको हार का सामना करना पड़ा। इस बार भाजपा ने फिर से सर्वेश पर भरोसा जताया है। सपा से सोमवार को नामांकन करने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन को बुधवार रामपुर जान के लिए कहा गया, लेकिन वहां मोहिबुल्लाह नदवी के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम चार्टर प्लेन से अधिकृत फार्म लेकर पहुंचे और नामांकन कराया। रुचि वीरा ने मुरादाबाद से बतौर सपा प्रत्याशी दावा करते हुए नामांकन किया। अब डॉ. हसन कहते हैं कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है। टिकट काटे जाने की पार्टी की तरफ से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। उधर, बसपा ने मुहम्मद इरफान सैफी को उताकर मुकाबला को रोचक बना दिया है। सपा का अंतरविरोध और बसपा की लड़ाई में वोटों का बंटवारा हुआ तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

### बिजनौर सीटः मिशन- 80 में रालोद को दिखाना होगा दम

इस सीट पर 2009 व 2014 में असफल रहे बसपा के मलूक नागर सांसद हैं। लेकिन इसबार मैदान में नहीं उतरे, उनकी जगह बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव लगाया है। नागर एक बिजनेसमैन हैं, अक्टूबर 2020 में उनकी रियल एस्टेट से जुड़ी समूह कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आयकर छापे मारे गए थे। लोकसभा अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार और मुख्यमंत्री रहीं मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसबार भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान मैदान में हैं। सपा ने दीपक सैनी को उतारा है। यहां रालोद को दिखाना होगा कि मिशन : 80 में उसका कितना दम है।

### रामपुर सीटः अखिलेश पर दबाव बनाकर आजम ने साधे कई निशाने



ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआ। यहां पर 1949 तक कुल 10 नवाबों ने शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। भाजपा ने सपा नेता आजम खान की गढ़ बन चुकी रामपुर सीट को उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी को खड़ा करके फतह किया था। उन्हें फिर मैदान में उतारकर चुनौती पेश की है। मौजूदा दौर में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फात्मा जेल में हैं और चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी है। फिर भी आजम ने सीतापुर जेल से दबदबा दिखाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दबाव बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे। रामपुर लोकसभा सीट से स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी व दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सपा के अधिकृत प्रत्याशी बन गए। जिसके चलते आजम खां के विरोधी मुरादाबाद के सपा सांसद एसटी हसन न घर के रहे न घाट के। उधर, बसपा ने जीशान खान को मैदान में उतारकर सपा की परेशानी बढ़ा रखी है।

### पीलीभीत सीटः जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर



पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख से ज्यादा है। भाजपा ने इसबार सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। यहां करीब 5 लाख मुसलमान और दो लाख कुर्मी निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी ने जबसे कुर्मी बिरादरी के भानु प्रताप को हराया, तबसे लगातार जीतती आ रही भाजपा ने इसे हाट सीट बना दिया। मेनका गांधी के बाद उनके बेटे वरुण गांधी यहां से जीते। इसबार सपा ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को उतारकर जितिन प्रसाद को कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सपा की रणनीति में सेंधमारी करते दिख रहे हैं।

### नगीना सीटः बदलते मिजाज में जातीय समीकरण हावी

नगीना लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान वर्ष 2009 में गठित हुई थी। तबसे वोटरों के मिजाज को अभी तक कोई समझ नहीं पाया है। यहां न मोदी मैजिक काम आता दिखा हैं, न राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे। अब तक हुए तीन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने हर बार अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है। जातीय समीकरणों से अबतक भाजपा, सपा और बसपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट इसबार इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाशने पहली बार चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने ओम कुमार, तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

# भाजपा प्रत्याशी के इंतजार में सपा-बसपा में खामोशी

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचारः** कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी से उनके टिकट को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। इस सस्पेंस ने कैसरगंज सीट को प्रदेश की सबसे हॉट सीट की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से विरोधी पार्टियों ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी चयन को लेकर खामोशी ओढ़ रखी है। माना जा रहा है कि सपा व बसपा की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन पर निर्भर है। इसलिए दोनों ही पार्टियां अपना प्रत्याशी घोषित करने से परहेज कर रही हैं। पार्टियों की यह खामोशी चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के साथ साथ उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी से मौजूदा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह पार्टी के कद्दावर नेता हैं । अलग अलग सीटों से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्ष 1999 से वह एक भी चुनाव नहीं हारे हैं और पिछले दो चुनावों में वह कैसरगंज से जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन इस लंबे राजनैतिक जीवन के बावजूद इस बार उनकी दावेदारी संकट में है। पार्टी ने अभी तक उनकी दावेदारी का ऐलान नहीं किया है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार उनका टिकट कट सकता है। इसके पीछे महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप और उनका बड़बोलापन माना जा रहा है। पार्टी के अंदर खाने में यह चर्चा है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को भाजपा टिकट देती है तो इससे महिलाएं नाराज हो सकती हैं।

महिला शक्ति के दम पर चुनाव लड़ रही पार्टी इस आधी आबादी को नाराज नहीं करना चाहती। इसके अलावा समय समय पर उनके तरफ से दिए गए विवादास्पद बयान भी टिकट में बाधा बने हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से सपा व बसपा भी खामोश बैठी हैं। दोनों पार्टियां भाजपा उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं। अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं देती और उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारती है तो सपा बृजभूषण शरण सिंह को मौका दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बात को एक प्रेस कांफ्रेंस में कह भी चुके हैं। हालांकि सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। वह भाजपा से अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, बावजूद इसके सपा और बसपा वेट एंड वॉच की स्थिति में है और वह बीजेपी उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं।



बृजभूषण शरण सिंह, सांसद -कैसरगंज

### प्रत्याशी नदारद, जनता के बीच हो रही चुनावी चकल्लस

**अमृत विचार :** सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कैसरगंज की जनता के बीच चुनावी चकल्लस चरम पर है। हर कोई मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक भविष्य पर चर्चा करता दिखाई दे रहा है। चौक चौराहों पर उम्मीदवार की ही चर्चा है। भाजपा किसे टिकट दे रही है तो सपा से उम्मीदवार कौन होगा इस पर आम जनता भी बहस कर रही है। करनैलगंज के रहने वाले राम सुरेमन का कहना है कि जो भी उन्हे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशी ईमानदार और साफ स्वच्छ छवि कि होना चाहिए ताकि वह आम लोग उससे आसानी से मिल सकें और क्षेत्र का विकास हो। वहीं परसपुर के बृजमन सिंह का कहना है कि अब सभी दलों को अपना पत्ता खोल देना चाहिए। देरी से उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वीआईपी सीट कैसरगंज**

**कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

**कैसरगंज से कब कौन बना सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | भाजपा |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# वोट कैसे डालें, बताएगी वोटर गाइड

**प्रत्येक परिवार को बीएलओ कराएंगे उपलब्ध, निर्वाचन आयोग करा रहा मुहैया**

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। यह बीएलओ हर घर तक पहुंचाएगा। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिलेगी। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचेगी।


भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर-घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जाएगा। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में 'मतदान कैसे करें' व मतदान के लिए 'अनुमोदित पहचान अभिलेख' क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान 'क्या करें' और 'क्या न करें' के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ वितरित कराया जाएगा जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके।

### मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा बताई जाएंगी

मतदाता मार्गदर्शिका के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी भी मतदाताओं को दी जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका में मतदाता की जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नंबर व पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने तथा अपना पोलिंग स्टेशन पहुंचाने के लिए भी मतदाता को शिक्षित करने के लिए मतदाता मार्गदर्शिका में वेबसाइट एवं पोर्टल की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### मतदाता पर्ची पर होगा बूथ का नजरी नक्शा


मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ का नजरी नक्शा भी प्रिंट कर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से एक हफ्ते पहले बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर-घर पहुंचाएंगे।




इस तरह की होगी वोटर गाइड।

वाराणसी में होली मिलन समारोहों के साथ चटख हुआ भाजपा का रंग, कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय बता रहे मैं काशी का बेटा

# काशी में केसरिया छटा गहराई डमरू के साथ बज रही शहनाई




मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होली मिलन समारोहों में शहनाई और शास्त्रीय संगीत की सुर और ताल के बीच चुनावी रंग चटख हो गया है। हालांकि यहां मतदान सातवें चरण में पहली जून को होना है, लेकिन चारों ओर केसरिया छटा बिखर चुकी है । लोगों के घरों पर राम मंदिर की स्थापना के समय लगाए गए भगवा ध्वजों के साथ अब भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्याशिता घोषित होने पर शहर भर में रंग, गुलाल और आतिशबाजी के साथ होली और दीपावली एक साथ मनायी थी। नौ मार्च को मोदी के शहर आने पर लोगो ने पुष्पवर्षा करते हुए इस बार जीत की हैट्रिक ही नहीं, देश में सबसे बड़ी विजय होने का शंखनाद किया था। 2014 के चुनाव में वाराणसी सीट पर नरेंद्र मोदी को पौने छह लाख वोट मिले थे, 2019 में करीब पौने सात लाख वोट मिलने से उनकी जीत का आंकड़ा और बढ़ गया था। इस बार मोदी का मुकाबला करने तीसरी बार मैदान में उतरे गठबंधन प्रत्याशी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लेकर लोगों की उत्सुकता सिर्फ इतनी भर है कि वह कितने वोट बटोर पाएंगे । गौरतलब है कि वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में अजय राय तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी जिले की सभी आठ विधान सभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का कब्जा है। भाजपा के यहां बढ़ते ग्राफ को इसी से समझा जा सकता है कि 2009 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने 30.5% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4% और 2019 में 63.6% तक पहुंच गई थी इस बार भाजपा का लक्ष्य यहां तीन चौथाई से ज्यादा वोट हासिल करने का है।

वाराणसी की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का जिस तरह काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा नदी से अटूट रिश्ता है, कुछ वैसी ही पहचान अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस शहर से जोड़ ली है। शिव भक्त होने के साथ मोदी ने खुद को बनारसी कहकर यहां के लोगों का दिल जीत लिया है। वाराणसी को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, शिव की नगरी, ज्ञान नगरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना यहीं विकसित हुआ है। संत कबीर, संत रविदास, वल्लभाचार्य, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे नामों ने इस शहर का मान-सम्मान और बढ़ाने के साथ देश को दिशा दिखाने का भी काम किया है। वाराणसी से पहले भी कई दिग्गज जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। लेकिन जिस तरह काशी के लिए कहा जाता है कि यहां कण-कण में शंकर बसते हैं, उसी तरह आज कहा जा सकता है कि जन-जन में मोदी बसते हैं। 2014 में वाराणसी से नामांकन पत्र भरते समय उन्होंने कहा भी था कि न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां आया हूं...मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है।



### पिछली बार सपा और कांग्रेस के कुल वोटों से मोदी को मिले थे दोगुने वोट

- पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा से फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही उतरे। उनके सामने कांग्रेस ने अजय राय और सपा ने शालिनी यादव को उतारा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रत्याशी शालिनी यादव को 4,79,505 मतों से बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले। सपा उम्मीदवार शालिनी को 1,95,159 और कांग्रेस के अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। शालिनी यादव अब भाजपा का दामन थाम चुकी हैं, ऐसे में इस बार सपा और कांग्रेस की तरफ से अजय राय एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने उतरे हैं। मोदी के विरुद्ध यह उनका तीसरा जबकि लोकसभा सीट पर चौथा चुनाव है।

### नेचर, कल्चर और एडवेंचर की त्रिवेणी बनने की तरफ बढ़े कदम

मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य और सामर्थ्य स्वरूप विकास की नई राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात ने सुविधाओं के साथ जिस तरह समृद्धि के नए द्वार खोल दिए हैं, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन गलत नहीं लगता कि काशी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बनने जा रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, फूड स्ट्रीट और रिवर फ्रंट देखकर लोग वाह वाह कर उठते हैं। मंदिरों और घाटों तक पहुंचने वाली तंग गलियों का चौड़ीकरण किया गया है। मंडुवाडीह फ्लाईओवर, कनवेंशन सेंटर, ऊर्जा गंगा पीएनजी परियोजना, रिंग रोड, बाबतपुर-वाराणसी फोरलेन, आईपीडीएस, कबीरचौरा के पास हेरिटेज वॉक ने शहर का नक्शा बदल दिया है। राम नगर में स्थापित आईडब्ल्यूटी मल्टी मॉडल टर्मिनल के द्वारा गंगा में जल परिवहन के जरिये बनारस से हल्दिया तक मालवाहक जहाजों का आवागमन संभव हुआ है। मल्टी मोडल टर्मिनल देश में इनलैंड वाटर परिवहन का पहला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा जल संपूर्ति योजना, खूबसूरत पार्क, चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर, 140 एमएलडी एसटीपी जैसी परियोजनाएं भी विकास की नई गाथा गढ़ रही हैं।

### केजरीवाल हो गए थे फेल अजय ने जमानत गंवाई

भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से अजय राय मैदान में थे। मोदी ने केजरीवाल को 3,71,784 मतों से हरा दिया। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 5,81,022 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे अरविंद केजरीवाल के पक्ष में 2,09,238 लोगों ने वोट किया। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 75,684 मिले और जमानत नहीं बच सकी। सपा और बसपा के प्रत्याशियों की भी जमानत नहीं बची। बसपा के विजय प्रकाश जायसवाल को 60,579 और सपा के कैलाश चौरसिया को 45,291 मत मिले थे। नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी के साथ ही वडोदरा सीट पर भी चुनाव लड़े थे। वहां से 5,70,128 मतों से जीत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए वाराणसी को चुना।



## कांग्रेस व भाजपा दोनों एक-एक बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक






वाराणसी सीट पर अब तक दो बार जीत की हैट्रिक लग चुकी है। यहां से 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस के रघुनाथ सिंह लगातार जीते थे, उनके बाद भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल 1996, 1998 और 1999 में तीन लगातार जीत का परचम फहरा चुके हैं। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर गैर कांग्रेसी उम्मीदवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एसएन सिंह ने कांग्रेस के रघुनाथ सिंह को 18,167 मतों से हरा दिया था। हालांकि 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की। शिक्षाविद् राजाराम शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को 52,941 वोट से हराया। लेकिन 1977 की जनता लहर में कांग्रेस के राजाराम शास्त्री को लोकदल के टिकट पर उतरे चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से मात दे दी। 1980 के चुनाव कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने जनता पार्टी के प्रत्याशी समाजवादी नेता राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की। 1984 में भी कांग्रेस सीट बरकरार रखने में सफल रही। पार्टी के प्रत्याशी श्याम लाल यादव ने कम्युनिस्ट पार्टी के ऊदल को पराजित किया, पर 1989 में कांग्रेस के हाथ से यह सीट निकल गई। जनता दल के अनिल शास्त्री ने कांग्रेस के श्याम लाल यादव को 1,71,603 वोटों से हरा दिया।

### पहली बार 1991 के चुनाव में भाजपा ने यहां खिलाया कमल

वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के शीश चंद्र दीक्षित ने माकपा के राजकिशोर को 40,439 मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1996 में भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल ने जीत दर्ज करते हुए 1998 और 1999 में भी पार्टी की जीत का सिलसिला कायम रखा। 2004 के चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस ने राजेश कुमार मिश्रा की जीत के साथ यहां फिर वापसी की।



### ... जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने माफिया मुख्तार अंसारी को हराया

- 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट के परिणाम पर देश भर की नजरें लगी थीं। उस चुनाव में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के मुकाबले बसपा ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को उतार दिया था। प्रचार अभियान से लेकर मतदान के दिन तक भारी गहमागहमी रही। लेकिन जब नतीजे आए तो करीबी मुकाबले में डॉ. जोशी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को चुनाव में 17,211 वोटों से हरा दिया।

# चुनाव में रोजगार का दम खम, फिर भी युवा बेदम

- पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी
- चुनावों में मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना सभी दलों का शगल

अल्मोड़ा संसदीय सीट

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा। पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो कांग्रेस युवाओं को रोजगार की गारंटी का शिगूफा दिखाकर आकर्षित करने की कोशिश में है।



### बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अल्मोड़ा | 72,053 |
| बागेश्वर | 33,104 |
| पिथौरागढ़ | 56,596 |
| चंपावत | 17,838 |

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

### सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

# टेनी के सामने हैट्रिक का मौका, साख बचाने की चुनौती

खीरी सीट का हाल

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार**: नदियों और जंगलों की थाती समेटे लखीमपुर खीरी की धरती पर खीरी सीट का चुनाव इस पर कुछ अलग ही है। किसान आंदोलन के बाद जिस प्रकार का माहौल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ था, उसमें उनके टिकट पर संदेह जताया जा रहा था। भाजपा नेतृत्व के उन पर तीसरी बार भरोसा जताने के बाद अब अजय मिश्र टेनी के सामने हैट्रिक की चुनौती है। इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने जहां प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है, वहीं सपा वापसी के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में खीरी और धौरहरा दो लोकसभा सीटें हैं। खीरी सीट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के बाद 2019 में भी अजय मिश्र टेनी को जीत हासिल हुई। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में टेनी को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद तीन महीने बाद खीरी के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तिकुनिया में हुई घटना से पूरे देश की सियासत में उबाल आ गया। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्रा की गाड़ी से कुचलकर चार किसान मारे गए। इस पर हिंसा भड़की तो चार अन्य की मौत हो गई। इस तरह आठ लोग मारे गए। किसान संगठनों से लेकर विपक्ष ने इसे मुद्द बनाकर सियरसी बढ़त लेने की कोशिश की लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भाजपा ने परचम लहराकर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। खास बात यह रही कि सबसे बड़ी जीत निघासन विधानसभा में हुई, जहां घटना घटी थी। चर्चा होती रहीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और टेनी का केंद्रीय मंत्री पद भी बरकरार रहा।

### किसान आंदोलन के दौरान बेटे का नाम आने पर झेला तीखा विरोध

#### कब-कौन यहां से चुनाव जीता

| वर्ष | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | रामेश्वर प्रसाद नेवटिया | कांग्रेस |
| 1957 | कुंवर खुशवक्त राय | प्रजातांत्रिक सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1971 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1977 | सूरत बहादुर शाह | भारतीय लोकदल |
| 1980 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1984 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1989 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1991 | गेंदन लाल कनौजिया | भाजपा |
| 1996 | गेंदनलाल कनौजिया | भाजपा |
| 1998 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 1999 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2004 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2009 | जफ़र अली नकवी | कांग्रेस |
| 2014 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |
| 2019 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |



अजय मिश्र टेनी, भाजपा।

#### लोकसभा चुनाव 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 3,98,578 |
| अरविंद गिरि | बसपा | 2,88,304 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 1,83,940 |
| रवि प्रकाश वर्मा | सपा | 1,60,112 |

#### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 6,09,589 |
| पूर्वी वर्मा | सपा | 3,90,782 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 92,155 |

#### खीरी लोकसभा में मतदाताओं का विवरण

| वि.स. क्षेत्र | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पलिया | 1,93,321 | 1,73,018 | 04 | 3,663,43 |
| निघासन | 1,88,373 | 1,62,933 | 0 | 3,51,306 |
| गोला गोकर्णनाथ | 2,11,418 | 1,90,917 | 24 | 4,02,359 |
| श्रीनगर | 1,73,998 | 1,52,150 | 04 | 3,26,152 |
| लखीमपुर | 2,20,534 | 1,95,765 | 10 | 4,16,309 |
| कुल | 9,87,644 | 8,74,783 | 42 | 18,62,469 |

#### नौ बार रहा कब्जा, लेकिन पहली बार मैदान से बाहर वर्मा परिवार

1962 से लेकर 2019 तक हर लोकसभा चुनाव में खीरी सीट पर वर्मा परिवार मैदान में रहा। 2009 से पहले तक नौ बार इस परिवार का कब्जा रहा। आजादी के बाद यहां से वरिष्ठ नेता बाल गोविंद वर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे। उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। जनता ने उन्हें चार पर चुना। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ऊषा वर्मा लगातार दो बार सांसद रहीं। उनके बाद उनके बेटे रवि प्रकाश वर्मा ने सपा का दामन थामा और हैट्रिक लगाई। 2019 में रवि प्रकाश वर्मा की बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा को सपा-बसपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया लेकिन वे हार गईं। इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रहीं थीं, लेकिन गठबंधन के कारण सपा को यह सीट मिली। बहरहाल, 62 साल में पहली बार वर्मा परिवार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

कल्पनाथ की तलाश

सपा ने दोबारा राजीव राय तो सुभासपा प्रमुख ने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

# घोसी में बसपा के दांव पर टिके दोनों गठबंधन के भाव

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार।** बुनकरों की नगरी मऊनाथ भंजन के मतदाता एक बार फिर घोसी संसदीय सीट से अपने रहनुमा का चुनाव करने को तैयार हैं। औद्योगिक नगरी के रूप में पूरे भारत में पहचान रखने वाले मऊ नगर के मतदाताओं को कल्पनाथ राय जैसे सांसद की तलाश है जो न सिर्फ उनके यहां विकास की गंगा बहा सके बल्कि उनके सुख- दुख का साथी बन सके। हर चुनाव में घोसी सीट के सभी दलों के उम्मीदवार कल्पनाथ राय जैसा विकास कराने की बात तो करते हैं पर जीतने के बाद वे मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इस बार बसपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर सकी है तो भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी दल सुभासपा को दी है। इंडिया गठबंधन में सपा ने यहां से राजीव राय को दूसरी बार मैदान में उतारा है। अब मतदाताओं के साथ ही सपा-कांग्रेस और भाजपा-सुभासपा को भी बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय का इंतजार है। बसपा के उम्मीदवार को देखकर ही ये पार्टियां अपनी रणनीति तय करेंगी।

पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर घोसी संसदीय क्षेत्र बना है। पूर्व के चुनावों में बाहुबली मुख्तार अंसारी का अच्छा खासा दखल यहां के चुनावों में हुआ करता था। मुस्लिम मतदाताओं को मुख्तार के फरमान का इंतजार रहता था। अब मुख्तार जेल में है। ऐसे में उसकी दखलंदाजी न के बराबर होगी। लेकिन यह साफ है कि जो दल भाजपा- सुभासपा के उम्मीदवार को हराने की स्थिति में होगा मुस्लिम मतदाता उसी के साथ जाएंगे चाहे वह सपा का उम्मीदवार हो या बसपा का। ऐसे में सपा और भाजपा से ज्यादा यहां के मुस्लिम मतदाताओं की निगाह बसपा के कदम पर लगी हुई है। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में भाजपा के हरिनारायण राजभर यहां से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे लेकिन पांच साल बाद जब 2019 में चुनाव हुए तो उन्हें बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 वोटों से पटखनी दे दी। 2014 से पहले भाजपा इस सीट पर कभी नहीं जीती थी। इस चुनाव में जीत की वजह थी मुख्तार अंसारी का कौमी एकता दल से मैदान में उतरना। परिणाम यह हुआ कि यहां मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर मुख्तार के साथ गया और वह तीसरे स्थान पर रहा। बसपा के दारा सिंह चौहान को हराकर हरिनारायण राजभर सांसद बने थे, लेकिन 2019 में मुख्तार बसपा के साथ आए और नतीजा बसपा की जीत के रूप में सामने आया। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की तरह ही राजभर मतदाताओं की भूमिका भी अहम रहती है। यही वजह है कि सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने इस सीट से अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा यहां से किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

### भाकपा पांच बार, कांग्रेस चार बार, बसपा तीन मर्तबा जीती

इस संसदीय सीट पार भाकपा के उम्मीदवार पांच बार जीते तो कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। सपा और भाजपा को एक- एक बार जीत मिली तो बसपा तीन बार यहां से अपने उम्मीदवार को संसद भेजने में कामयाब रही है।

### कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में रही सीट

एक दौर था जब यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में आई। वे तीन बार कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य भी रहे। 1989 में कल्पनाथ राय इस सीट से सांसद बने थे। इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो वे फिर कांग्रेस के सिंबल से मैदान में उतरे और जीते। लेकिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के शासन में उन पर राज्यमंत्री के रूप में उन पर चीनी घोटाले का आरोप लगा और वे जेल गए। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो वे 1996 में निर्दलीय मैदान में उतर गए। कल्पनाथ भारी मतों से जीते और कांग्रेस की इस सीट पर दुर्गति हो गई। इसके बाद वे समता पार्टी में शामिल हुए और पुनः 1998 में संसद पहुंचे। कल्पनाथ राय को मऊ जिले में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है और आज भी यहां के मतदाताओं को उनके वास्तविक उत्तराधिकारी की तलाश है जो विकास कर सके।

### संदेशखाली का संदेश



ये हैं पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिला की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रेखा पात्रा। यह संदेशखाली घटना की प्रमुख पीड़ितों में शामिल हैं। रेखा जब प्रचार में निकलीं तो लोगों का समर्थन पाकर भावुक हो उठीं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,996 | 22,123 |
| बढ़त | 526 | 118 |
| प्रतिशत में | 0.73 | 0.54 |

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |

## एक नजर

### रुपया पांच पैसे गिरा

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.29 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली होने से 83.45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.29 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

# पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

## केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

• **अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

**इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक :** निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

> केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।
>
> – अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।

### शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

## आरबीआई ने एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं। समिति के सदस्य बैठक के पहले दो दिन मौद्रिक नीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी बातें रखते हैं।

## जीडीपी के दो प्रतिशत प्रत्यक्ष निवेश से 1.1 लाख नौकरियों का हो सकता सृजन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ''भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है।

इसमें छुट्टियों के लिए बाजार-आधारित वित्तपोषण शुरू करना शामिल हो सकता है, जैसे कि माता-पिता की छुट्टी बीमा। नियोक्ताओं को स्त्री-पुरूष में अंतर किये बना देखभाल कार्य अवकाश और लचीले कार्य विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।'' रिपोर्ट में कहा गया, ''अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के साक्ष्य से पता चलता है कि देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की क्षमता है।

## टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ''एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद हुआ

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 27 मार्च को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49% की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53% चढ़कर बंद हुआ।

## पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था।

दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है। दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे। राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज प्लस डिवाइसेज के टीम को एक्सपीरिएंस प्लस डिवाइसेज डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

## सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।

सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ''...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।'' भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।''



## एक नजर

### चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

### हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर "चोर और डाकू" भी कहा।

# दिलीप, सुप्रिया को कारण बताओ नोटिस

## निर्वाचन आयोग की कंगना और ममता बनर्जी पर टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को ''अशोभनीय और गलत'' बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। घोष और श्रीनेत को 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा की एक शिकायत के बाद श्रीनेत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ''अशोभनीय टिप्पणियों'' के साथ रनौत की एक तस्वीर पोस्ट की थी। निर्वाचन आयोग के नोटिस के अनुसार सुप्रिया ने पोस्ट किया था, ''मंडी में क्या भाव चल रहा है, कोई बताएगा?'' पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता घोष को नोटिस तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा आयोग का रुख करने के बाद जारी किया गया। आयोग के नोटिस के मुताबिक घोष ने कहा था, ''जब दीदी गोवा जाती हैं, तो वह गोवा की बेटी बन जाती हैं, त्रिपुरा में वह कहती हैं कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपके पिता कौन हैं। स्पष्ट करें...'' आयोग ने कहा कि सावधानीपूर्वक जांच करने पर टिप्पणी अशोभनीय, अपमानजनक और प्रथमदृष्टया एमसीसी के प्रावधानों और इस महीने की शुरुआत में जारी आयोग की सलाह का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। आयोग ने दोनों नेताओं को एमसीसी के प्रावधान की याद दिलाई जिसमें कहा गया है कि अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी।



बुधवार को जम्मू में गुड फ्राइडे और ईस्टर के उपलक्ष्य में एक जुलूस में हिस्सा लेते ईसाई श्रद्धालु। • एजेंसी

## अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। सीईसी बैठक में उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूछे जाने पर कहा कि आज की बैठक में इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

## साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ''खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।''

## सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया, कुछ बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : सीतारमण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है। सीतारमण ने एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है। लेकिन इसे संसद में पारित किया गया था।

## जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी**



नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित ही विचार करेगा।

अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?''

## कोलकाता हवाई अड्डे पर एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि रनवे के पास के 'टैक्सीवे' पर करीब 11 बजे पूर्वाह्न के समय यह दुर्घटना हुई।

# केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।


### कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

**श्रीनगर/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है।

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | -0.779 |
| गुजरात टाइटंस | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.300 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |



ट्रैविस हेड



अभिषेक शर्मा



हेनरिक क्लासेन

# मैदान पर आया हेड, अभिषेक-क्लासेन का तूफान

## चौकों और छक्कों की बारिश से हैदराबाद ने मुंबई को दिया रिकार्ड 278 रन का लक्ष्य, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

हेनरिक क्लासेन नाबाद 80 रन, अभिषेक शर्मा 63 रन तथा ट्रैविस हेड 62 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आठवें मैच में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए रिकार्ड 278 रनों का लक्ष्य दिया है।

मैच में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, उप्पल में मुम्बई इंडियन के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मयंक अग्रवाल और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने मुंबई के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 45 रन जोड़े। पांचवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने मयंक अग्रवाल को 11 रन पर आउट कर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये अभिषेक शर्मा ने ट्रैविस हेड के साथ चौके-छक्कों की बारिश करते हुए मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अभिषेक शर्मा ने 23 गेंदों में तीन चौके और सात छक्कों की मदद से 63 रनों की पारी खेली। ट्रैविस हेड ने 24 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 62 रन ठोक डाले। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भी एडन मारक्रम और हेनरिक क्लासेन ने धुआंधार बल्लेबाजी नहीं रुकने दी। हेनरिक क्लासेन ने 34 गेंदों में चार चौके और सात छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाये। एडन मारक्रम ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रनों की पारी खेली।

हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 277 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है जो कि एक रिकार्ड है। हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगे। इस पूरी पारी में केवल जसप्रीत बुमराह ही ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने प्रति ओवर 10 से कम रन दिये। ट्रैविस हेड ने एसआरएच के लिए सबसे तेज़ अर्धशतक लगाया, फिर अभिषेक ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। मुंबई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या, गेराल्ड कोएत्जी और पीयूष चावला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही।

### हैदराबाद 277/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 19

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक | 11 | 13 | 1/0 |
| ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 | 24 | 9/3 |
| अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला | 63 | 23 | 3/7 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 | 28 | 2/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 80 | 34 | 4/7 |

**गेंदबाजी :** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

### तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार




**हैदराबाद, एजेंसी।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

### मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

### जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

### उरुग्वे के क्लब कोलोन एफसी से जुड़े बिजय छेत्री

**चेन्नई।** भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। छेत्री ने विज्ञप्ति में कहा, ''मैं अपने पेशेवर करियर में नई चुनौती का यह अवसर पाकर बहुत रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा और अपने खेल को बेहतर बनाऊंगा।''

### कोच स्टिमक को हटाने की मांग उठी

**कोलकाता।** निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत की 1-2 की शर्मनाक हार के बाद पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों ने मुख्य कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग की है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान से मंगलवार को गुवाहाटी में हार गयी। भारत के पूर्व डिफेंडर गौरमांगी सिंह का मानना है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में कुछ गड़बड़ है, जबकि पूर्व फॉरवर्ड दीपेंदु विश्वास ने इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए स्टिमक के टीम चयन की आलोचना की और उन्हें तत्काल बाहर करने की मांग की।

### सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।

# रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

**जयपुर, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

# फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।



पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''

## बॉलीवुड हलचल

# 'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



**मुंबई, एजेंसी।** आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।



# कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

# अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी

**मुंबई, एजेंसी।** साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# जज रितु ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। बता दें, नई नियुक्तियां न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी व अन्य का 26 मार्च को कार्यकाल पूरा होने के बाद की गईं हैं। अवस्थी ने हिजाब पर फैसला सुनाने वाली कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ का नेतृत्व किया था। इससे पहले अवस्थी विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

# केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

- सीएम पिनरई विजयन के करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है।

केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम



की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी। सीपीआई (एम) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने ईडी की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या एजेंसी की कोई विश्वसनीयता है।

# एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में डीजी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ी नियुक्तियों को हरी झंडी दिखाई। इसके तहत एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में नए महानिदेशकों (डीजी) की नियुक्ति की गई है। इससे जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक, आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा आईपीएस पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया।

# लोकसभा में बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक पास

*संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।*



### 45 विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन ही मंजूरी दी गई

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है।

### 11 विधेयक वापस लिए गए, सांसदों के औसत प्रदर्शन का भी आकलन हुआ

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे। सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।


# मलयेशिया के पीएम से मिले जयशंकर भारत के बहुआयामी संबंध होंगे मजबूत

## यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में मलयेशिया पहुंचे विदेश मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

भारत और मलयेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद मलयेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा यह आधिकारिक बयान जारी किया गया है। दरअसल बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलयेशिया में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी के साथ मुलाकात की। इस दौरान पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

आपको बता दें कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलयेशिया के दौरे पर हैं। इस यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण मलयेशिया है। इससे पहले फिलीपींस और सिंगापुर में भी जयशंकर द्वारा यात्राएं और सार्थक मुलाकातें की गई हैं। बातचीत के दौरान जयशंकर ने पीएम मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ। गौरतलब है कि जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलेशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में कुआलालंपुर में हैं। इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की।



कुआलालंपुर में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मौजूद जयशंकर।

### मुलाकात में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

भारत और मलयेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित कराने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन द्वारा पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इस बार इस यात्रा का उद्देश्य भारत और मलयेशिया के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही साझा चुनौतियों और अवसरों की समझ को बढ़ाना है। मलेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 2023 में भारत ने मलयेशिया के 12वें सबसे बड़े वैश्विक व्यापार भागीदार की भूमिका अदा की थी। यह व्यापार कुल मिलाकर 16 .53 बिलियन डॉलर था।

### पीएम इब्राहिम से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

# केंद्रीय विवि की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में छात्रा से बलात्कार के आरोप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। शोधार्थी छात्रा ने अपने ही प्रोफेसर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा की शिकायत के आधार पर शाहपुर पुलिस थाना में प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बुधवार को आरोपी केमिस्ट्री' के प्रोफेसर राजेंद्र कुमार (44) को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया है प्रोफेसर ने शाहपुर के एक निजी होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रोफेसर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 30 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं दुष्कर्म को लेकर विद्यार्थियों ने सीयू परिसर में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी आरोपी प्रोफेसर को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, विवि प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।

# भविष्य में युद्ध होंगे और ज्यादा खतरनाक

- वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी बोले- भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**




बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित सेमिनार में एयर मार्शल अनिल चोपड़ा और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी के साथ मौजूद अन्य।

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर विषय पर एक सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा-भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है और हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जोएंगे।

यह बातें वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने दिल्ली में कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि "बालाकोट जैसे ऑपरेशन ने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति होने पर, एयरोस्पेस शक्ति को प्रभावी ढंग से दुश्मन की सीमाओं से परे ले जाया जा सकता है। सेमिनार में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि राष्ट्र रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और हथियारीकरण एक अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में, आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

### रक्षा मंत्री दो को भविष्य की रक्षा चुनौतियों पर करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को सेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना की प्रगति और भविष्य की तैयारियों को लेकर यहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व गहन चर्चा करेंगे और इस सत्र के दौरान समूचे देश की सुरक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। सैन्य कमांडरों का यह सम्मेलन वर्चुअल मोड में 28 मार्च को होगा और सशरीर उपस्थिति एक और दो अप्रैल को अनिवार्य होगी। 28 मार्च को थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों को आनलाइन संबोधित करेंगे। एक और दो अप्रैल को नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों की बैठक होगी जिसमें थलसेना अध्यक्ष पांडेय के अलावा सेना के सभी वरिष्ठ अफसर उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मूल्यांकन किया जाएगा। सेना में शोध की संस्कृति को बढ़ावा देने और नई परिस्थितियों में ढलने के लिए विशेष प्रशिक्षण और निवेश संबंधी कार्यक्रमों पर जोर दिया जाएगा।

### इमरान की पार्टी को मिली रैली करने की अनुमति


इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने बुधवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई द्वारा इस्लामाबाद में रैली का आयोजन करने वाली याचिका को स्वीकर कर ली है। अदालत ने अधिकारियों को कानून के तहत पार्टी को रैली का आयोजन करने का आदेश भी दिया। रैली का आयोजन इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई द्वारा एक रैली आयोजित करने के मामले पर सुनवाई की।

## एक नजर



### कश्मीर में अंजी ब्रिज पर रेल ट्रैक बिछाने का काम जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर को देश से जोड़ने वाले अंजी ब्रिज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम जारी है। इस ब्रिज का निर्माण अंजी नदी पर किया गया है, जो चिनाब की एक सहायक नदी है। नदी के तल से लगभग 331 मीटर ऊपर लटके इस पुल का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसमें 96 केबल्स को सपोर्ट देकर फिक्स किया गया है। इस ब्रिज को रिकॉर्ड 11 माह में पूरा किया गया है। यह केबल ब्रिज सुरंग टी-2, कटड़ा और सुरंग टी-3 और रियासी छोर को भी भी जोड जोड़ता है। जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अफसरों का कहना है कि ब्रिज पर ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी।



### अरूणाचल में एक वोट के लिए 39 किमी पैदल सफर करेंगे अफसर

**ईटानगर।** अरूणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वोटिंग से एक दिन पहले एंजवा जिले में चुनाव अधिकारियों का एक दल 39 किलोमीटर पैदल चलकर सुदूर मालोगाम गांव जाएगा, सुदूर में अकेली मतदाता 44 वर्षीय सोकेला तयांग वोट डालेंगीं। इस गांव में एक वोट के लिए अस्थायी मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, मालोगाम में बहुत कम परिवार हैं लेकिन तयांग को छोड़कर सभी अन्य मतदान केंद्रों पर पंजीकृत मतदाता हैं। तयांग किसी अन्य मतदान केंद्र पर स्थानांतरित किए जाने की इच्छुक नहीं है। निर्वाचन अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की टीम हायुलियांग से मालोगाम के लिए जाएगी ताकि तयांग अपना वोट डाल सकें।

# भारत ने भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी

- ग्यालसुंग परियोजना के लिए जारी की दूसरी किस्त, अब तक 10 अरब रुपये की भेजी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी। दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।

## वोटिंग के लिए जागरुकता...



**करगिल:** यह फोटो लद्दाख स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे स्की-स्लोप में शामिल लिंकिपाल की है। केंद्र शासित प्रदेश में पहली बार वोट देने जा रहे युवाओं को जागरूक करने के लिए स्वीप करगिल इवेंट आयोजित किया गया। लद्दाख में लिंकिपाल 9 हजार फीट ऊंचाई पर स्थित है।

# भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास में जवान आजमा रहे ताकत-तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने




कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। सेना के मुताबिक थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तेज और सुचारु समन्वय को सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को और बेहतर बनाने पर भी काम हो रहा है।

**विज्ञान** एरिजोना विवि के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में किया गया प्रदर्शित

# क्षुद्रग्रह 'बेन्नु' के नमूनों को संग्रहालयों में रखा


**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कंकड़ व मिट्टी के अनगिनत भंडार हैं। हाल में एक क्षुद्रग्रह से लाए नमूनों से इसका पता चलता है। इस क्षुद्रग्रह का नाम बेन्नु है। इन दुर्लभ नमूनों को एरिजोना विश्वविद्यालय के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में प्रदर्शित किया गया है।

छोटे से कंकड़ को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने के लिए इतनी मसक्कत क्यों? यह प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनमोल है। जिसे हासिल करने में नासा ने अरबों डाल खर्च कर दिए और सात वर्ष से अधिक समय इसके पीछे लगा दिया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स नामक मिशन को इस कार्य में लगाया गया था।

वर्ष 2016 में इस मिशन को क्षुद्रग्रह बेन्नु पर लॉन्च किया गया था, जो सात साल की यात्रा के बाद 2023 में पृथ्वी पर वापस लौटा। यह एक रोमांचक अंतरिक्ष सफर रहा। जिसमें यान ने 6.8 बिलियन किमी की यात्रा पूरी की। अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह बेन्नू से लाए गए टुकड़ों को यूटा रेगिस्तान पर गिराया था।

इसके बाद नमूनों को तुरंत विश्लेषण के लिए ह्यूस्टन के एक साफ कमरे में ले जाया गया। जिन्हें अब एरिज़ोना, टेक्सास और वाशिंगटन डी.सी. में बेन्नू दुर्लभ नमूनों को संग्राहलय में आमजन के अवलोकन के लिए सुसज्जित कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि यह क्षुद्रग्रह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का अवशेष है, जो शायद कभी समुद्री दुनिया रही होगी।



ओरिजोन के संग्रहालय में रखा अंतरिक्ष से लाया गया दुर्लभ कंकड़।

### शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस जैसा है बेन्नु

बेन्नू के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि यह पानी, मिट्टी, कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट से समृद्ध है। यह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का बचा हुआ टुकड़ा है। जिसमें एक महासागर था। यह शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान प्रतीत होता है। ग्रहों की दुनिया के शोध में बन्नू के नमूने मील का पत्थर साबित होंगे।

# बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों को मृत माना, तलाशी अभियान थमा

**बाल्टीमोर, एजेंसी**

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज एक जहाज के टकराने के बाद नदी में गिर गया है। इस हादसे के बाद लापता हुए छह लोगों को मृत मान लिया गया है।

अमेरिकी कोस्ट गार्ड का कहना है कि बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद लापता छह लोगों की तलाश को रोक दिया गया है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने कहा कि हमने इस खोज अभियान को रोक दिया है। अब इस बात की कम ही उम्मीदें है कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाल्टीमोर में एक मालवाहक जहाज फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकरा गया था। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गई थी। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक द्वारा हादसे से पहले मदद भी मांगी गई थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया है।



### भारतीय दूतावास ने घटना पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। हादसे का शिकार हुए जहाज में चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, दूतावास पोत के चालक दल के संबंध में ब्यौरे का भी पता लगा रहा है।